संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 18 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 48 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 2024-25 का कर मुक्त बजट सदन में पेश किया।

# भाजपा अधिवेशन में मोदी है तो मुमकिन है के नारे


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के भारत मंडपम में बीजेपी का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन चल रहा है। इस कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शॉल पहनाकर मोदी का स्वागत किया। पीएम ने कार्यकताओं से कहा- हर बूथ पर पार्टी को 370 वोट बढ़ाने होंगे। 100 दिनों का जनसंपर्क अभियान चलाना है। भाजपा के पिछले 10 साल के कामों का भी प्रचार करना होगा। उधर जेपी नड्डा ने कहा- मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा हुआ है। भाजपा की 17 प्रदेशों में सरकार है। हमने राजस्थान-छत्तीसगढ़ जीता है। इस बार बंगाल में भी जीतेंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के देशभर से 11 हजार 500 से ज्यादा पदाधिकारी जुटेंगे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की इस बैठक में लोकसभा चुनाव में जीत के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा। साथ ही बीते 10 साल की सत्ता के दौरान लिए गए पार्टी के बड़े और निर्णायक फैसलों पर प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया जाएगा। पीएम ने कहा कि भाजपा को 370 और एनडीए को 400 पार पहुंचाने का लक्ष्य मात्र एक आंकड़ा नहीं है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर को भारत का अटूट एवं अविभाज्य अंग बनाने के लिए बलिदान दिया था। ये उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हर बूथ पर भाजपा के कार्यकर्ता अगले 100 दिन तक पिछली बार मिले वोटों में कम से कम 370 वोट बढाएं। उन्होंने कहा कि जो फर्स्ट टाइम वोटर हैं, उन्हें पूरी ताकत से भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें। महिलाओं को मात्र वोटर नहीं समझें बल्कि माताओं, बहनों का आशीर्वाद प्राप्त करें।

पीएम ने कहा कि विपक्ष तू तू मैं मैं की राजनीति करेगा और अनावश्यक आरोपों का कीचड़ उछालेगा, लेकिन हमें गरीब कल्याण के कामों से लेकर विकास की उपलब्धियों के आधार पर जनता का समर्थन हासिल करना है।

जेपी नड्डा ने कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। 2014 से पहले हमारी सिर्फ 5 प्रदेशों में सरकारें थी और लंबे समय तक हम 5-6 पर रूके हुए थे। 2014 के बाद, आज 17 प्रदेशों में एनडीए की सरकारें हैं और 12 प्रदेशों में विशुद्ध भाजपा की सरकार है। 7 दशक के भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में हमने हर कालखंड देखा है। हमने संघर्ष का काल देखा है, हमने आपातकाल देखा है, लेकिन हमें इस बात की खुशी है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछला दशक जो गुजरा, वो उपलब्धियों से भरा हुआ है। 2014 से पहले लोग हमारा उपहास करते थे, कहते थे कि साहब तो आप पूरी सरकार बनाएंगे, वो सोचते थे कि ये संभव नहीं है] लेकिन 2014 के बाद हमारी सरकार बनी और 2019 में फिर से हमारी सरकार बनी।

### आदर्श विचार



“सत्य कभी दावा नहीं करता कि मैं सत्य हूं।”

भागवद्

### मन की बात



“बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप हैं।”

स्वामी विवेकानंद

# 'एमएसपी पर अध्यादेश लाए केंद्र'

'अगर सरकार गंभीरता से उपभोक्ता और किसानों पर ध्यान केंद्रित करे तो इस पूरे मुद्दे को सुलझाया जा सकता है'

**मांग**

**8 पंजाब और हरियाणा में इस बंद का ज्यादा असर था। दिल्ली में भी कई जगहों पर जाम देखा गया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**किसान** अभी शंभू बॉर्डर पर डटे हुए हैं और हरियाणा में ट्रैक्टर मार्च निकालने की तैयारी में हैं। बीते दिन किसानों के भारत बंद का मिलाजुला असर दिखा। पंजाब और हरियाणा में इस बंद का ज्यादा असर था। बीते दिन किसानों के भारत बंद का मिलाजुला असर दिखा। पंजाब और हरियाणा में इस बंद का ज्यादा असर था। हालांकि, दिल्ली में भी कई जगहों पर जाम देखा गया।

**कॉरपोरेट्स को छोड़ किसानों पर ध्यान दे केंद्र सरकारः** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मेरा मानना है कि अगर सरकार गंभीरता से उपभोक्ता और किसानों पर ध्यान केंद्रित करे और कॉरपोरेट्स पर थोड़ा कम ध्यान दे तो इस पूरे मुद्दे को सुलझाया जा सकता है।



### शंभू बॉर्डर पर पुलिस को उकसाते दिखे युवा प्रदर्शनकारी

**किसान** भी शंभू बॉर्डर पर डटे हुए हैं और हरियाणा में ट्रैक्टर मार्च निकालने की तैयारी में हैं। बीते दिन किसानों के भारत बंद का मिलाजुला असर दिखा था। शंभू बॉर्डर पर युवा प्रदर्शनकारी हरियाणा पुलिस को उकसाते दिखे हैं। इसके चलते हरियाणा पुलिस द्वारा 4 से 5 बार आंसू गैस के गोले दागे गए। किसान नेताओं द्वारा मंच से युवाओं को बार-बार शांति से आकर मंच पर बैठने का आग्रह किया जा रहा है, लेकिन वो अपने किसान नेताओं की भी नहीं सुन रहे। लुधियाना में किसानों के समर्थन में आए सेंट्रल ट्रेड यूनियन ने बस स्टैंड पर धरना देकर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

### 'उत्तरी राज्यों में व्यापार धराशायी कर देगा किसान आंदोलन'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उद्योग** मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि किसान आंदोलन के लंबा चलने से उत्तरी राज्यों में व्यापार और उद्योग को भारी नुकसान पहुंच सकता है। उद्योग मंडल का कहना है कि किसान आंदोलन से रोजगार को भारी नुकसान होने की आशंका है।

**प्रतिदिन होगा 500 करोड़ रुपये का नुकसानः** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि लंबे समय तक चलने वाले आंदोलन से प्रतिदिन 500 करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान होगा। उत्तरी राज्यों मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के चौथी तिमाही के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) पर असर पड़ेगा।

# चक्की नदी पर पुनः पुल निर्माण की मंजूरीः अनुराग

## जल्द पठानकोट-जोगिंदरनगर के बीच रेल सेवा होगी बहालः अनुराग ठाकुर

**पुनर्निर्माण**

**8 कांगड़ा से नूरपुर के बीच का रेल ट्रैक जल्द होगा रिस्टोरः केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/शिमला**

केंद्रीय सूचना एवम प्रसारण और युवा एवम खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के साथ बैठक में हुए निर्णयों को जानकारी देते हुए बताया की पठानकोट-जोगिंदरनगर सेक्शन के बीच रेल सेवा पुनः बहाल करने हेतु चक्की नदी पर ध्वस्त पुल के पुनर्निर्माण की मंजूरी मिल गई है। इस निर्माण से पठानकोट-जोगिंदरनगर के बीच जल्द रेल यातायात शुरू हो सकेगा। इसके अलावा कांगड़ा से नूरपुर के बीच का रेल ट्रैक भी जल्द रिस्टोर किया जाएगा।



अनुराग ठाकुर ने आगे जानकारी देते हुए कहा विगत दिनों हिमाचल प्रदेश ने बड़ी प्राकृतिक आपदा की मार झेली है। बाढ़ व भूस्खलन से बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान हुआ था साथ ही साथ सड़कों व पुलों के दरकने से यातायात भी प्रभावित हुआ था। बाढ़ के कारण पठानकोट जोगिंदरनगर रेल सेक्शन कई जगह ध्वस्त हो गया था जिस से रेल यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। बाढ़ की वजह चक्की नदी का रेलवे पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया था जिस से इस रूट पर रेलवे यातायात काफी प्रभावित हुआ है। मैंने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव जी से मिलकर व्यतिगत रूप से इस विषय को उनके समक्ष उठाया था आगे बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा मुझे यह बताते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है कि रेल मंत्री जी ने हमारी इस माँग को मंजूर करते हुए चक्की नदी का रेलवे पुल के पुनः निर्माण की मंजूरी दे दी है। वर्तमान में अभी इस पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने से पठानकोट-जोगिंदरनगर पर परिचालन जोगिंदरनगर व काँगड़ा स्टेशन के मध्य से ही हो पा रहा है।

इस मंजूरी के मिल जाने से जल्दी पुल के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है जिस से पठानकोट-जोगिंदरनगर रेलवे लाइन पर ट्रेनों का परिचालन पूर्व की तरह ही हो सकेगा। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हिमाचलवासियों कि इस समस्या का त्वरित निराकरण किया है।

**हिमाचल** बजट में हिमाचल न सिर्फ आगामी एक दशक में हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की ओर

# सीएम सुक्खू ने पेश किया 58,444 करोड़ का बजट

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**हिमाचल** प्रदेश का माली साल 2024-25 का बजट 58 हजार 444 करोड़ का होगा। शनिवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 2024-25 का कर मुक्त बजट सदन में पेश किया। बजट में हिमाचल न सिर्फ आगामी एक दशक में हिमाचल को आत्म निर्भर बनाने की ओर, बल्कि खेती के विकास-किसानों, महिलाओं, व गरीब वर्गों के सशक्तिकरण पर भी फोकस किया गया है। नशा मुक्त हिमाचल की प्रतिबद्धता को भी सरकार ने बजट में दशार्या है। सदन में बजट अनुमानों को पेश करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आगामी माली साल में प्रदेश की राजस्व प्राप्तियां 42 हजार 153 करोड़ रहने का अनुमान है। राजस्व व्यय 46 हजार 667 करोड़ रहने का अनुमान है। इस तरह साल के अंत में राजस्व घाटा 4 हजार 514 करोड़ रहने का अनुमान है। जबकि राजकोषीय घाटा 10 हजार 784 करोड़ रहेगा। राजकोषीय घाटा प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद का 4.75 फीसद तक रहने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार एक सौ रुपए के खर्च में से 52 रुपए सीधे सीधे वेतन, पेंशन व ब्याज की अदायगी पर खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि वेतन पर 25, पेंशन पर 17 तथा ब्याज की अदायगी पर 11 रुपए खर्च कर रही है। इसके अलावा ऋण के भुगतान पर 9 रुपए, स्वायत्त संस्थानों के लिए ग्रांट पर 10 तथा शेष 28 रुपए पूंजी गत कार्यों व अन्य मदों पर खर्च कर रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के किसानों को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में प्राकृतिक खेती के अंतर्गत रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को प्राकृतिक खेती से उगाए गेहूं को 40 तथा मक्की पर सरकार 30 रुपए प्रति किलो समर्थन मूल्य देगी। खेती को बढ़ावा देकर किसानों को सशक्त बनाने के मकसद से सरकार 2500 कृषि क्लस्टर विकसित करेगी। मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार कार्य योजना तैयार करेगी। शिमला जिला के मेंहदली व शिलारू तथा कुल्लू के बंदरोल में नई मंडियां बनेंगी। किसानों की सुविधा के लिए चैट बोट व एआई का इस्तेमाल सरकार करेगी।



### वन मित्र भर्ती होंगे, वन रक्षक भी होंगे भर्ती

**सभी** 2061 वन बीटों में एक-एक वन मित्र की नियुक्ति की जाएगी। वन विभाग में वन रक्षक 100 रिक्त पदों को भरा जाएगा। भूतपूर्व सैनिकों को मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि को 3000 रुपये से बढ़कर 5000 रुपये किया गया।

पुलिस कर्मियों की डाइट मनी बढ़कर 1000 रुपये की गई। सभी वाहनों की फिटनेस स्वचालित परीक्षण केंद्र के माध्यम से अनिवार्य होगी। बगलामुखी रोपवे का निर्माण कार्य पूरा करके इसी वर्ष में इसे प्रदेश की जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। 10 वन मंडलों में लगभग 13 हजार खैर के पेड़ काटने की योजना है।

इससे प्रदेश के राजस्व में भी वृद्धि होगी। माननीय न्यायालय अनुमति के से चीड़ के पेड़ काटने की अनुमति के लिए भी याचिका दायर करेगी।

**पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बड़ा तोहफाः** प्रदेश सरकार युवाओं को खेलों के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 2024-25 में नई खेल नीति बनाएगी। शनिवार को विधानसभा सदन में बजट भाषण में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ओलंपिक, एशियन और कॉमनवेल्थ खेल विजेताओं को दी जाने वाली पुरस्कार राशि में भी बढ़ोतरी करने की भी घोषणा की।

### बजट में की गई नई घोषणाएं

- सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सेंटर फॉर एक्सीलेंस हाई टेक वेजीटेबल नर्सरी प्रोडक्शन स्थापित होगा
- मुख्यमंत्री ने गाट के दूध का समर्थन मूल्य 38 से बढ़ा कर 45 रुपए तथा भैंस के दूध का समर्थन मूल्य 47 से बढ़ा कर 55 रुपए होगा
- हिम गंगा योजना के तहत ढगवार में डेढ़ लाख लीटर क्षमता का फुली औटोमेटिड मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट्स संयंत्र स्थापित होगा।
- ऊना तथा हमीरपुर में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित होंगे
- युवाओं को दूध ले जाने के लिए 200 रेफ्रिजरेटिड मिल्क वैन दी जाएँगी
- दाड़लाघाट में कृत्रिम गभार्दान केंद्र स्थापित होगा
- राज्य के उपोष्णीय क्षेत्रों में दो फल विधायन संयंत्र स्थापित होंगे
- मछुआरों को मोटर साइकिल, थ्री व्हीलर व आइस बॉक्स में उपदान मिलेगा
- हरित, स्वच्छ व बिजली राज्य हिमाचल-पेखुबेला में 32 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र मार्च में चालू होगा। अघलोर सोलर प्लांट जून माह तक बनेगा। 327 डीजल बसों इलेक्टिक बसों में बदला जाएगा
- ई-टैक्सी चलाने के लिए राजीव गांधी स्टार्ट अप योजना के तहत 10 हजार परमिट दिए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री हरित विकास छात्रवृत्ति-योजना शुरू होगी
- कृषि बागवान पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के आकलन के लिए एनएएस स्टडी होगी
- जिला अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर खुलेंगे। आईजीएमसी में लीनियर एक्सीलेटर मशीन लेगी। राज्य में स्क्रब टायफस यूनिट की स्थापना होगी
- युवाओं को औद्योगिक क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए स्टार्ट अप नीति-2024 लागू होगी
- हिमाचल में फिल्म पॉलिसी 2024 लागू की जाएगी




# मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 28 फरवरी तक बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 28 फरवरी तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश दिया। आज दोनों की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आज आरोपितों के वकील से नाराजगी जताई और कहा कि दस्तावेजों के मिलान के लिए एक साल दिया था। वो अभी तक नहीं किया गया। सुनवाई के दौरान सर्वेश मिश्रा के वकील ने कहा कि ईडी ने सर्वेश मिश्रा को मामले में सरकारी गवाह बनने का ऑफर दिया था। आरोपितों की ओर से पेश वकील ने कहा कि संजय सिंह के मामले में चार्जशीट दाखिल की गई। उसके बाद ईडी ने नए दस्तावेज जोड़ दिए। उन्होंने कहा कि ईडी के हिसाब से कानून नहीं चलेगा। तीन फरवरी को कोर्ट ने दोनों को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। 20 जनवरी को कोर्ट ने दोनों की न्यायिक हिरासत तीन फरवरी तक बढ़ाई थी। तीन फरवरी को ही कोर्ट ने संजय सिंह को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए राज्यसभा जाने की अनुमति दी थी। कोर्ट ने 24 जनवरी को इस मामले के आरोपित सर्वेश मिश्रा को नियमित जमानत दी थी। ईडी ने संजय सिंह को चार अक्टूबर को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। संजय सिंह ने हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 22 दिसंबर 2023 को संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी ने संजय सिंह को चार अक्टूबर को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।



# दिल्ली के जखीरा में मालगाड़ी पटरी से उतरी, 10 वैगन पलटे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली में जखीरा फ्लाईओवर के पास शनिवार को एक मालगाड़ी के 10 वैगन पटरी से उतर गए। मामले की सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। रेलवे डीपीसी केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि आज पूर्वाह्न करीब 11.52 बजे सूचना मिली कि जखीरा फ्लाईओवर के पास एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई है।

## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम, निवास और परिवार अज्ञात है, जो दिनांक 27.01.2024 को ईएसआई अस्पताल बस स्टैंड, केएनके मार्ग, सेक्टर 12, रोहिणी, दिल्ली के सामने मृत पाया गया। शव को रोहिणी के बीएसए अस्पताल में सुरक्षित रखवा दिया गया है। इस संबंध में **डीडी नंबर 25ए, धारा 174 सीआरपीसी, दिनांक 27.01.2024, को पुलिस थाना प्रशांत विहार, दिल्ली** में दर्ज किया गया है।

इस अज्ञात मृत व्यक्ति का विवरण इस प्रकार है:
**लिंग** : पुरुष, **उम्र** : लगभग 40 वर्ष, **कद** : 5'6", **रंग** : गेहुंआ, **चेहरा** : लंबा, **शरीर** : पतला, **पहचान चिह्न** : दाहिने हाथ पर ओम टैटू, **पहनावा** : नेवी ब्लू जैकेट, आसमानी नीला लोअर।
इस अज्ञात मृत शरीर के बारे में यदी कोई जानकारी मिले तो कृपया एसएचओ / प्रशांत विहार, दिल्ली को सूचित करें।

थानाध्यक्ष
पुलिस थाना प्रशांत विहार, दिल्ली
फोन न. : 8750870325
ईमेल : sho-prashantvhr-dl@nic.in

DP/1974/RD/2024

# फ्लैट किराये पर लिया, चलाने लगीं देह व्यापार

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के दिलाश गार्डन एक्सटेंशन-2 में पुलिस ने एक फ्लैट में देह व्यापार का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चार संचालिकाओं समेत आठ महिलाओं और तीन पुरुषों को पकड़ा है। पुलिस ने आठ मोबाइल, साढ़े नौ हजार रुपये और आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। आरोपियों ने पांच साल की लीज पर यह फ्लैट लिया था। सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि दिलशाद गार्डन एक्सटेंशन-दो की सिद्दीकी बिल्डिंग में नगमा उर्फ शायरा ने पांच साल के लिए पांच लाख रुपये में फ्लैट किराये पर लिया है।

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 294-DRM-MB-23-24 Date 17.02.2024 |
| कार्य का नाम | Repair of colony road at UTA, SAN Station & Shifting of pipe line at SAN Station in the section of SSE/W/HRI under Jurisdiction of ADEN/HRI/I. |
| टेन्डर क्लोजिंग दिनांक/समय | 13.03.2024, 16:00 |
| अनुमानित लागत | रु. 61,99,852.05 |
| धरोहर राशि | रु. 1,24,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 28.02.2024 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 17.02.2024 537/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आईजीआई एयरपोर्ट पर बम धमाके की कॉल करने वाला गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आईजीआई एयरपोर्ट पर बम धमाके का कॉल करके सनसनी फैलाने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान कृष्णा महतो के रूप में हुई है। वह मूलतः बिहार के पश्चिमी चंपारण का रहने वाला है। पता चला कि उसने शराब के नशे में धुत्त होकर यह कॉल किया था। उसके बाद फोन स्विच ऑफ कर लिया। डीसीपी ऊषा रंगनानी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि 28 जनवरी को शाम 5:11 पर पुलिस कंट्रोल रूम को एक कॉल मिली थी। जिसमें कॉलर ने कहा "मैं एयरपोर्ट पर ब्लास्ट कर दूंगा" और उस सूचना के बाद पुलिस टीम हाई अलर्ट पर हो गई थी। एयरपोर्ट पर फूल इमरजेंसी डिक्लेयर कर दिया गया था। काफी छानबीन की गई थी और सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। उसके बाद जब कुछ भी ऐसा संदिग्ध नही मिला तो एयरपोर्ट पर बम ब्लास्ट करने की धमकी देने का कॉल फर्जी माना गया। उस मामले में आईजीआई पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके छानबीन शुरू की। एसीपी वीरेंद्र मोर की देखरेख में एसएचओ बिजेंदर राणा, इंस्पेक्टर अजय कुमार, एसआई प्रेम नारायण और कांस्टेबल विनोद पांडे की टीम ने मामले की छानबीन शुरू की। टेक्निकल सर्विलांस से पुलिस ने मदद ली। जिस नंबर से कॉल किया गया था वह स्विच ऑफ हो गया था। लेकिन 18 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी के मूल ठिकाने के बारे में पता लगाया। बिहार के पश्चिमी चंपारण जिला में सोमगढ़ गांव पहुंचकर एयरपोर्ट पुलिस ने छापा मारा तो वहां वह मिला नहीं। परिवार वालों से पूछताछ हुई तो पता चला कि वह मोबाइल नंबर कृष्णा महतो ही यूज कर रहा है। परिवार वालों ने यह भी बताया कि 28 जनवरी के बाद ना तो फैमिली का उससे कोई संपर्क हुआ है। ना ही उसने फोन करके परिवार से संपर्क किया है। पुलिस टीम वहां से फिर वापस दिल्ली पहुंची और यहां हरियाणा दिल्ली के बॉर्डर कापसहेड़ा इलाके में उसका लोकेशन ट्रैक किया और वहां पर से उसे एक घर से दबोचा। उसने बताया कि शराब के नशे में आकर उसने एयरपोर्ट पर बम धमाके की कॉल कर दी थी।

## उत्तर मध्य रेलवे
### ई-नीलामी के लिए सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 13.06.2022 के अंतर्गत प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर वाणिज्य विज्ञापन, एजीक्यूटिव लाउन्ज (BOT), क्लाक रूम, पार्किंग स्टैंड, कैटरिंग यूनिट, वाटर वेंडिंग मशीन एवं लीजिंग ऑफ एसएलआर के अनुबंध के लिए आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करता है।

वाणिज्य विज्ञापन / स्क्रपटाइजमेंट

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: PRYJ-ADVT-23167
वाणिज्य विज्ञापन का विवरण: 03 वर्ष की अवधि के लिए निम्नलिखित स्टेशनों पर आउटडोर नॉन डिजिटल नीति के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार/विज्ञापन।- प्रयागराज, सूबेदारगंज, फफूंद, मानिकपुर, विंध्याचल।
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 19.02.2024 at 12.00 hrs.

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: PRYJ-ADVT-23168
वाणिज्य विज्ञापन का विवरण: 03 वर्ष की अवधि के लिए निम्नलिखित ट्रेन कोचों पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार/विज्ञापन अधिकार:- (14119/20-14113/14) 14115/16, 14163/64, 14111/12, (04143/44-4133/34), (04151/52-01905/06), 22431/32, 12417/18, (14101/02-4123/24), 12417/18, (14151/52-22445/46-22443/44), 12451/ 52, 12403/12404.
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 04.03.2024 at 12.00 hrs.

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: PRYJ-ADVT-23169
वाणिज्य विज्ञापन का विवरण: 03 वर्ष की अवधि के लिए प्लाट ऑफ नीति के तहत प्रचार/विज्ञापन: फतेहपुर, पनकी धाम, गोविंदपुरी, अलीगढ़, नैनी, प्रयागराज छिवकी।
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 05.03.2024 at 12.00 hrs.

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: PRYJ-ADVT-23170
वाणिज्य विज्ञापन का विवरण: निम्नलिखित स्टेशनों के आउटडोर डिजिटल (डीओआईडीएस) के माध्यम से 05 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार/विज्ञापन- प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, टूंडला, कानपुर अनवरगंज, सूबेदारगंज, फिरोजाबाद, फतेहपुर, फफूंद, मानिकपुर, नैनी, गोविंदपुरी।
वाणिज्य विज्ञापन का विवरण: 05 वर्ष की अवधि के लिए निम्नलिखित स्टेशनों के आउटडोर डिजिटल नीति के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार/विज्ञापन- सूबेदारगंज, कानपुर अनवरगंज, फतेहपुर, प्रयागराज छिवकी, विंध्याचल।
वाणिज्य विज्ञापन का विवरण: 03 वर्ष की अवधि के लिए निम्नलिखित स्टेशनों के आउटडोर नॉन डिजिटल नीति के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार/विज्ञापन- गोविंदपुरी।
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 07.03.2024 at 12.00 hrs.

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: Cloak Room-CNB
वाणिज्य विज्ञापन का विवरण: कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर क्लोक रूम के उन्नयन, रखरखाव और मैनिंग के कार्य के लिए अनुबंध।
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 06.03.2024 at 12.00 hrs.

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: PRYJ-EL-BOT-PYJ
वाणिज्य विज्ञापन का विवरण: 15 वर्षों की अवधि के लिए प्रयागराज मंडल के प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन पर बी ओ टी मॉडल आधार पर विश्व स्तरीय, हवाई अड्डे के मानक अनुसार एग्जीक्यूटिव लाउंज की स्थापना।
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 04.03.2024 at 12.00 hrs.

लीजिंग ऑफ एस एल आर

| S. N. | Compartment | Train No. | CC (in tones) | From-To | Frequency (in a week) | E-Auction catalogue No. | E-Auction Start Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | FSLR-1 | 22431 | 3.9 | PRYJ-UHP | 02 दिन | PRYJ-PRCL-24-05 | 26.02.2024, 11.30 Hrs |
| 2 | FSLR-1 | 12033 | 3.9 | CNB-NDLS | 06 दिन | PRYJ-PRCL-24-05 | 26.02.2024, 11.30 Hrs |
| 3 | FSLR-1 | 12275 | 3.9 | PRYJ-NDLS | 04 दिन | PRYJ-PRCL-24-05 | 26.02.2024, 11.30 Hrs |
| 4 | FSLR-1 | 12451 | 3.9 | CNB-NDLS | 07 दिन | PRYJ-PRCL-24-05 | 26.02.2024, 11.30 Hrs |
| 5 | FSLR-1 | 12294 | 3.9 | PRYJ-LTT | 02 दिन | PRYJ-PRCL-24-05 | 26.02.2024, 11.30 Hrs |
| 6 | FSLR-1 | 14163 | 3.9 | PRYJ-MTC | 07 दिन | PRYJ-PRCL-24-05 | 26.02.2024, 11.30 Hrs |
| 7 | FSLR-1 | 22968 | 3.9 | PRYJ-ADI | 01 दिन | PRYJ-PRCL-24-05 | 26.02.2024, 11.30 Hrs |
| 8 | FSLR-1 | 12447 | 3.9 | MKP-NZM | 07 दिन | PRYJ-PRCL-24-06 | 27.02.2024, 11.30 Hrs |
| 9 | FSLR-1 | 12469 | 3.9 | CNB-JAT | 06 दिन | PRYJ-PRCL-24-06 | 27.02.2024, 11.30 Hrs |
| 10 | FSLR-1 | 14116 | 3.9 | PRYJ-DADN | 07 दिन | PRYJ-PRCL-24-06 | 27.02.2024, 11.30 Hrs |
| 11 | FSLR-1 | 12944 | 3.9 | CNB-BL | 01 दिन | PRYJ-PRCL-24-06 | 27.02.2024, 11.30 Hrs |
| 12 | FSLR-1 | 14151 | 3.9 | CNB-ANVT | 01 दिन | PRYJ-PRCL-24-06 | 27.02.2024, 11.30 Hrs |
| 13 | FSLR-1,2 RSLR-1 | 11802 | 4.0 | PRYJ-VGLB | 07 दिन | PRYJ-PRCL-24-06 | 27.02.2024, 11.30 Hrs |
| 14 | FSLR-1,2 RSLR-1 | 11904 | 4.0 | ETW-VGLB | 07 दिन | PRYJ-PRCL-24-07 | 28.02.2023, 11.30 Hrs |
| 15 | FSLR-1,2 RSLR-1 | 14102 | 4.0 | CNB-PYGS | 07 दिन | PRYJ-PRCL-24-07 | 28.02.2023, 11.30 Hrs |
| 16 | FSLR-1,2 RSLR-1 | 14110 | 4.0 | CNB-CKTD | 07 दिन | PRYJ-PRCL-24-07 | 28.02.2023, 11.30 Hrs |
| 17 | FSLR-1,2 RSLR-1 | 14124 | 4.0 | CNB-PBH | 07 दिन | PRYJ-PRCL-24-08 | 29.02.2024, 11.30 Hrs |
| 18 | FSLR-1,2 RSLR-1 | 01888 | 4.0 | ETW-GWL | 07 दिन | PRYJ-PRCL-24-08 | 29.02.2024, 11.30 Hrs |
| 19 | FSLR-1,2 RSLR-1 | 19612 | 4.0 | ETW-KOTA | 07 दिन | PRYJ-PRCL-24-08 | 29.02.2024, 11.30 Hrs |

खानपान इकाइयां एवं वाटर वेंडिंग मशीन

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: PRYJ-CATG -24-02
05 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर खानपान इकाइयां- पनकीधाम (1 स्थान), उरैसर रोड (1 स्थान), भरवारी (1 स्थान), हाथरस (1 स्थान), सिराथू (1 स्थान), नैनी (2 स्थान), दादरी (1 स्थान), सोनभद्र (1 स्थान), खागा (01 स्थान)
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 29.02.2024 at 12.00 hrs.

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: PRYJ-CATG -24-03
05 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर खानपान इकाइयां- हाथरस (01 स्थान), दादरी (02 स्थान), भरवारी (01 स्थान), उरैसर रोड (03 स्थान), सिराथू (02 स्थान), [illegible] (01 स्थान)
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 01.03.2024 at 12.00 hrs.

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: PRYJ-CATG -24-04
5 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर खानपान इकाइयां- भरथना (03 स्थान), कानपुर अनवरगंज (01 स्थान), अछनेरा (03 स्थान), भरवारी (02 स्थान), उरैसर रोड (01 स्थान)
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 04.03.2024 at 12.00 hrs.

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: PRYJ-CATG -24-05
05 वर्षों की अवधि के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर खानपान इकाइयां- दादरी (01 स्थान), खागा (01 स्थान), मेजा रोड (01 स्थान), भरथना (02 स्थान), खुर्जा (02 स्थान), अछनेरा (02 स्थान), सोनभद्र (01 स्थान)
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 05.03.2024 at 12.00 hrs.

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: PRYJ-CATG -24-06
05 वर्षों की अवधि के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर खानपान इकाइयां- दादरी (02 स्थान), चोला (02 स्थान), उरैसर रोड (01 स्थान), मैनपुरी (01 स्थान), सोनभद्र (01 स्थान), खुर्जा (01 स्थान), शिकोहाबाद (01 स्थान), शंकरगढ़ (01 स्थान)
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 06.03.2024 at 12.00 hrs.

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: PRYJ-MSS-WVM-26
05 वर्ष की अवधि के लिए कानपुर रेलवे स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनें- (09 स्थान)।
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 27.02.2024 at 12.00 hrs.

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: PRYJ-MSS -WVM-24
05 वर्षों की अवधि के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनें- टूंडला (05 स्थान), मानिकपुर (02 स्थान)
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 04.03.2024 at 12.00 hrs.

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: PCOI-MSS-WVM-25
05 वर्ष की अवधि के लिए प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनें- (03 स्थान)।
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 05.03.2024 at 12.00 hrs.

पार्किंग स्टैंड

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: PRYJ-PCOI-MX-24
दोपहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन 6 माह हेतु पार्किंग निविदा।
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 05.03.2024 at 12.00 hrs.

ई-आक्शन कैटलाग संख्या: PRYJ-ALJN-MX
दोपहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए अलीगढ़ रेलवे स्टेशन 5 वर्ष हेतु पार्किंग निविदा।
ई-आक्शन प्रारंभ तिथि एवं समय: 07.03.2024 at 11.00 hrs.

इच्छुक बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए, ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आधिकारिक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। [illegible] http://www.ireps.gov.in/epsn/jsp/common/eLearningCenter.jsp [illegible]

292/24 (A)

North central railway | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## सार्वजनिक सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव



### जेपीपी-आरसीएस

भारतीय रेल का नया प्रयास पार्सल एग्रीगेटर्स तथा छोटे और मध्यम व्यापारियों को प्रोत्साहित करने के लिए ''संयुक्त पार्सल उत्पाद-रैपिड कार्गो सेवा (जेपीपी-आरसीएस)''

**उत्तर रेलवे द्वारा कार्गो एग्रीगेटर और समय-सारणीबद्ध पार्सल गाड़ियों के रूप में ''जेपीपी-आरसीएस'' की शुरुआत**

ऑनलाइन वर्चुअल एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म के माध्यम से एग्रीगेटर्स द्वारा छोटे कार्गो लोड लाने तथा ले जाने को सुविधाजनक बनाना और ऐसे सामानों के लिए घर तक पहुंचाने की सेवाएं प्रदान करना। इस टाइम टेबल ट्रेन से पार्सल एग्रीगेटर और मध्यम/छोटी मात्रा में पार्सल यातायात वाले व्यापारियों को जल्दी, ग्राहक अनुकूल, व्यवधान मुक्त तथा पर्यावरण अनुकूल परिवहन सेवा प्रदान की जाएगी।

**प्रमुख विशेषताएं**
- समयबद्ध सेवा
- किफायती
- वन-क्लिक कार्गो
- कोई मैन्युअल रसीद नही
- पंजीकरण मॉडल
- कैशलेस बिलिंग
- मांग आधारित सेवा

**बुकिंग की प्रक्रिया**
- वर्चुअल एग्रीगेशन प्लेटफॉर्म (वीएपी) पर ''फ्रेट बिजनेस डेवलपमेंट (एफबीडी)'' पोर्टल के माध्यम से बुकिंग, विभिन्न ग्राहकों से सामान जमा करने की सुविधा के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म।
- कंसाइनमेंट की बुकिंग के लिए कंसाइनर को वीएपी पर अपना पंजीकरण करना होगा।
- एग्रीगेटर को अनुभव और टर्नओवर के विवरण के साथ अपना पंजीकरण शुल्क 2,00,000 रुपए प्लस जीएसटी (जैसा लागू हो) ऑनलाइन मोड के माध्यम से जमा करना होगा।
- बुकिंग की न्यूनतम इकाई : एक पार्सल वैन।
- 180 दिन तक अग्रिम बुकिंग, ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान से अधिकतम 12 घंटे पूर्व तक।
- विस्तृत प्रक्रिया और जानकारी के लिए साइट http://www.fois.indianrail.gov.in/RailSAHAY को देखें।

**उत्तर रेलवे की ओर से जेपीपी-आरसीएस सेवाएं**

27 फरवरी, 2024 से बैंगलोर के लिए जल्द ही शुभारंभ किया जायेगा

| क्र.सं. | से | प्रस्थान का दिन और समय | तक | आगमन का दिन और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तुगलकाबाद स्टेशन (आईसीओडी) | मंगलवार 23:15 बजे | यशवन्तपुर स्टेशन | गुरुवार 23:30 बजे |
| रेनिगुंटा स्टेशन के लिए पहले से ही सेवा दी जा रही है | | | | |
| 2. | निजामुद्दीन स्टेशन | मंगल, बुध, शुक्र, रवि 3:00 बजे | रेनिगुंटा स्टेशन | गुरु, शनि, सोम, मंगल 00:15 बजे |

**प्रोत्साहन और रियायत**
- गंतव्य पर फारवर्ड ट्रिप आने के पश्चात तुरन्त ही वापसी ट्रिप के लिए ट्रैफिक बुकिंग के लिए रियायत :
  05 पार्सल वैन तक – वापसी यात्रा पर स्टॉक के निर्धारित पैमाने का 95 प्रतिशत शुल्क लिया जाएगा।
  06 या अधिक पार्सल वैन – वापसी यात्रा पर स्टॉक के निर्धारित पैमाने का 90 प्रतिशत शुल्क लिया जाएगा।
- 1000 पार्सल वैन से ऊपर इंक्रीमेंटल ट्रैफिक उपलब्ध मिलने पर, एग्रीगेटर को माल ढुलाई में एक मानक छूट भी मिलेगी।

**हेल्पलाइन नंबर**

सीपीटीएम/उ.रे.- 9717643675
सीसीएम-एफएम/उ.रे.- 9717630915
सीनि. डीसीएम-एफएस/दिल्ली- 9717631950
सीनि. डीओएम/दिल्ली- 9717631901
सीनि. डीसीएम-एफएस/एमबी- 9760534970
सीनि. डीसीएम-एफएस/एलकेओ- 9794833951
सीनि. डीसीएम-एफएस/यूएमबी- 9729539960
सीनि. डीसीएम-एफएस/एफजेडआर- 9779233950
केंद्रीय नियंत्रण कार्यालय/मुख्यालय- 9717637902
वाणिज्यिक नियंत्रण/मुख्यालय- 9717638775
वाणिज्यिक नियंत्रण/दिल्ली- 9717633779

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें फॉलो करें:
एकीकृत हेल्पलाइन नंबर 139
533/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## change of name

**I Mahavir Saini S/o Birkha Ram R/o House No.- 1083, Near Sukhdev Muni Mandir, Sajuma, Sajooma, Sajuma, Kaithal, Kaithal, Haryana-136117, have changed my name to Rambir.**

## change of name

**I Sarita D/o Monga Singh and W/o Subhash Nalewal R/o D-5/7, DLF Phase-1, Sikandarpur Ghosi, Gurgaon, Haryana-122002, have changed my name to Murti Devi.**

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# केजरीवाल ने जीता विश्वास प्रस्ताव

## केंद्र पर तंज, विधानसभा खत्म करना चाहते हैं ये लोगः मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

**भरी हुंकार**

**8 हमें गिरफ्तार कर सकते हैं लेकिन हमारी सोच को गिरफ्तार नहीं कर सकते हैं : केजरीवाल**






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विधानसभा से केजरीवाल सरकार ने विश्वास प्रस्ताव जीत लिया है। 54 वोटों को पाकर बहमत हासिल कर लिया है। सदन की कार्यवाही सोमवार 19 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई है। विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शराब घोटाले पर कहा कि हमें गिरफ्तार कर सकते हैं लेकिन हमारी सोच को गिरफ्तार नहीं कर सकते हैं। आगे कहा कि दिल्ली में प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। 54 यहां मौजूद हैं। तीन बीमार, दो जेल में, दो शादी में, और एक बाहर हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चर्चा के दौरान कहा कि दिल्ली के अस्पताल में दवा को रोकने का काम भाजपा ने किया। दिल्ली वालों का पाप लगेगा। दिल्ली के अस्पताल में पर्ची बनाने वालों को हटा दिया गया। दिल्ली में फरिश्ते योजना को बंद कर दिया गया। 23 हजार लोगों को मुफ्त इलाज दिया।

**मैं एक चपरासी का ट्रांसफर नहीं कर सकताः केजरीवाल**

उन्होंने आगे कहा कि मुझे दुख होता है। दिल्ली सरकार हमारे पास है। लेकिन सेवा विभाग हमारे पास नहीं है। मैं अपने चपरासी तक का ट्रांसफर नहीं कर सकता। ये अधिकारी को धमकी दे रहे हैं। काम मत करो। यदि काम किया तो ईडी लगा देंगे। अधिकारी मेरे पास आ कर आईएएस आ कर रो रहे है। सीएम ने कहा कि आखिर ये हमें क्यों नहीं तोड़ पा रहे हैं। क्योंकि कुछ गलत नहीं किया है। ये हमे कुचलने के लिए दिन रात प्रयास कर रहे है।

**बजट पास नहीं कर रहे हैंः**

सीएम केजरीवाल ने कहा कि पूरी दिल्ली में पानी और सीवर की समस्या हो रही है। दिल्ली सरकार ने 5000 हजार का बजट दिया। लेकिन वित्त विभाग बजट नहीं दे रहा। आतिशी हाई कोर्ट गई हैं। कोर्ट ने बजट देने को बोला है।

### विश्वास मत लाने की जरूरत नहीं थीः बिधूड़ी

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि विश्वास मत लाने की जरूरत नहीं थी। केजरीवाल सरकार के पास पूरा बहुमत है। ये मुद्दा केवल दिल्ली वालों का ध्यान भटकने के लिए लाया गया है। विधायकों को खरीदने को लेकर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने जो आरोप लगाया है। उसे लेकर दिल्ली पुलिस को शिकायत दी है। लेकिन अब जांच में मदद नहीं कर रहे है। दिल्ली में शराब घोटाला हुआ। इस मामले में दिल्ली के दो मंत्री और एक सांसद जेल में है। इस मामले में कमीशन को काफी बढ़ाया गया। रिहायसी एरिया में शराब के ठेके खोले गए। आगे कहा कि आरोप है की ये शराब नीति बेहतर है तो इसे वापस क्यों लिया। दिल्ली जल बोर्ड में भी घोटाले में गया। पहले 600 करोड़ के फायदे में था।

### विधायक अखिलेश ने भाजपा को घेरा

**विधानसभा** में चर्चा के दौरान आम आदमी पार्टी के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा शराब घोटाले का नाम लेकर आम आदमी पार्टी को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली के लोगों के लिए मुफ्त बस सर्विस, मुफ्त बिजली पानी की सुविधा दी। आगे कहा कि यह सभी सरकार के बेहतर काम से हुआ दिल्ली सरकार के खजाने में लगातार राजस्व आ रहा है उसी की मदद से यह सभी सुविधा मुख्यमंत्री केजरीवाल के नेतृत्व में सरकार दे रही है। लेकिन बीजेपी इन सभी कामों को रोकना चाहती है यही कारण है कि वह दिल्ली सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। आप के विधायक को खरीदने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन कोई भी विधायक टूटने को तैयार नहीं है।

# केजरीवाल को 16 मार्च को कोर्ट में पेश होने का आदेश



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** आबकारी घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत मिली है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 16 मार्च को केजरीवाल को कोर्ट में सशरीर पेश होने का आदेश दिया है। केजरीवाल दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र और विश्वास प्रस्ताव का हवाला देकर सशरीर पेशी से छूट की मांग की। केजरीवाल ने मामले की अगली सुनवाई के दिन कोर्ट में सशरीर पेश होने का भरोसा दिया। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने केजरीवाल को मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को पेश होने का आदेश दिया। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 7 फरवरी को केजरीवाल की ओर से ईडी के समन को लगातार नजरअंदाज करने पर आज कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि वो ईडी की शिकायत पर संज्ञान ले रहा है। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कोर्ट से कहा था कि केजरीवाल लगातार समन को नजरअंदाज कर रहे हैं। मनी लॉन्ड्रिंग कानून की धारा 50 के तहत ईडी ने केजरीवाल को पांच बार समन भेजा, लेकिन पांचों बार उन्होंने समन को नजरअंदाज किया और ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। आबकारी घोटाले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। ईडी ने इस मामले में सिसोदिया को 9 मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था।

# एलएन स्टेडियम के गेट नंबर-दो पर गिरा पंडाल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जवाहरलाल** नेहरू स्टेडियम के गेट नंबर दो के पास पंडाल गिरा है, जिसमें 10-12 लोगों के दबने की आशंका जताई जा रही है। बचाव के लिए पुलिस और दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। घायलों को उपचार के लिए एम्स ले जाया गया है। डीसीपी साउथ के मुताबिक, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के गेट नंबर-2 पर शादी की तैयारी के लिए बना पंडाल गिरा है। करीब 10-12 लोगों के फंसे होने की आशंका है। उन्हें निकालकर इलाज के लिए एम्स ट्रॉमा अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बचाव के लिए पुलिस, अग्निशमन और एम्बुलेंस मौके पर मौजूद है। सुबह करीब 11.21 बजे हादसे की खबर पुलिस और अन्य टीम को दी गई। जिसके बाद आनन-फानन बचाव के लिए पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची।

# पर्यटन विभाग ने शुरू किया दिल्ली पर्यटन वॉक फेस्टिवल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पर्यटन वॉक फेस्टिवल की शुरूआत शनिवार को महरौली आर्कियोलॉजिकल पार्क में हुई। यह महीने भर चलने वाला उत्सव दिल्ली की समृद्ध विरासत, ऐतिहासिक इमारतों, खान-पान को दर्शाता है और अनुभव कराता है और प्रतिभागियों/पर्यटकों को निर्देशित वॉक की एक श्रृंखला के माध्यम से शहर के खजाने का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित करता है। महरौली पुरातत्व पार्क में उद्घाटन में पर्यटन मंत्री सौरभ भारद्वाज शामिल हुए। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि दिल्ली देश की राजधानी है और हमारे देश में आने वाले पर्यटकों का एक बड़ा हिस्सा सबसे पहले दिल्ली आता है और उसके बाद देश के अलग-अलग राज्यों में भ्रमण के लिए निकल जाता है।



उन्होंने कहा की दिल्ली पर्यटन विभाग की यह कोशिश है, कि जब कभी भी कोई विदेशी सैलानी हमारे देश में आए तो वह दिल्ली में भी एक अच्छा खासा समय दिल्ली की खूबसूरती को, दिल्ली की विरासतों को देखने में उसको समझने में बिताएं। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में दिल्ली के पर्यटन विभाग ने एक सीरीज ऑफ हेरिटेज वॉक की शुरूआत की है, जिसमें लगभग दिल्ली के 50 अलग-अलग ऐतिहासिक अवशेषों के संबंध में जो ऐतिहासिक कहानी है, वह सैलानियों के साथ दिल्ली और देश के लोगों के साथ सांझा की जाएगी। उन्होंने कहा कि जैसे कि दिल्ली के बारे में कहा जाता है, कि

**पर्यटन पर बल**

**8 ऐतिहासिक कहानी है, वह सैलानियों के साथ दिल्ली और देश के लोगों के साथ सांझा की जाएगी**

दिल्ली सात बार बसा और सात बार उजड़ा, इस प्रकार की कहानी लोगों को पता नहीं है, ऐसी ऐतिहासिक कहानी लोगों के साथ सांझा की जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर अलग-अलग साम्राज्यों की कहानी छुपी हुई है। उदाहरण देते हुए सौरभ भारद्वाज ने बताया कि यह कहानी पांडवों के इंद्रप्रस्थ से शुरू होती है, फिर पृथ्वीराज चौहान के किला राय पिथौरा पर आती हैं, तुगलक साम्राज्य के समय पर तुगलकाबाद बना, जहांपना बना, फिरोजाबाद बना, मुगल काल के अंदर शाहजहानाबाद बना, शेरशाह सूरी के समय में पुराना किला बना, इसके संबंध में यह भी कहा जाता है कि पुराना किला जो है कि
पांडवों के समय में जो खंडवाप्रस्थ था, पुराना किला उसकी राजधानी इंद्रप्रस्थ था, उसके बाद फिर भारत में अंग्रेज आए और अंग्रेजों ने एक नई लुटियंस दिल्ली बसाई, जिसको आज हम नई दिल्ली के नाम से जानते हैं। इस दिल्ली पर्यटन के वाक फेस्टिवल में विशेष ऑफर के साथ प्रति व्यक्ति 500 रुपये में बुकिंग की जा सकती है। अधिक जानकारी और पंजीकरण विवरण के लिए, इच्छुक यात्री दिल्ली पर्यटन की वेबसाइट पर जा सकते हैं या दिल्ली पर्यटन कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# बदमाशों ने घर के बाहर की कई राउंड फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में एक बार फिर फायरिंग का मामला सामने आया है। जिसके बाद राजधानी की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। बीती रात यमुना विहार इलाके में दो बाइक सवार बदमाशों ने एक घर के बाहर कई राउंड फायरिंग कर दी। घटना में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है।

जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। फिलहाल, आगे की जांच जारी है। मौके पर पहुंची भजनपुरा पुलिस ने मौके से कई खाली खोखे और 7.65 एमएम का एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

# एक और फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दो घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मायापुरी** थाना क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में शुक्रवार शाम आग लग गई। फैक्ट्री में प्रिंटिंग से जुड़ा कार्य होता था। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस व दमकल की गाड़ियों ने आधे घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग के अनुसार घटना में दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक इलाज दिया गया। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि आग शाट सर्किट के कारण लगी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। अग्निशमन विभाग के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब पौने छह बजे मायापुरी फेस टू स्थित फैक्ट्री की इमारत के दूसरे तल पर आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना पर दमकल की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची। बता दें कि बृहस्पतिवार को दिल्ली के अलीपुर थाना क्षेत्र में एक केमिकल गोदाम में आग लग गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत भी हो गई। आग की घटना पर दमकल की 22 गाड़ियां मौके पर भेजी गई थी।

# अलीपुर अग्निकांड को लेकर मेयर ने मांगी रिपोर्ट

## 'मैंने विभिन्न विभागों के अफसरों को निर्देश दिए हैं कि वे मामले में जल्द रिपोर्ट दें'

**रिपोर्ट तलब**

**8 दमकल कर्मियों ने रात करीब आठ बजे आग पर काबू पा लिया। इसके बाद फायर कर्मियों ने कूलिंग प्रक्रिया शुरू की**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अलीपुर में** पेंट फैक्ट्री में गुरुवार देर रात आग लगने से 11 लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने के मामले में दिल्ली की मेयर शैली ओबराय ने दुःख जताया है। साथ ही मामले में अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। शैली ओबराय ने कहा है कि अलीपुर में हुआ हादसा बेहद दुखद है, मैंने विभिन्न विभागों के अफसरों को निर्देश दिए हैं कि वे मामले में जल्द रिपोर्ट दें। इससे पहले निगम की तरफ से भी एक रिपोर्ट जारी किया गया है जिसमें ये माना गया है कि फैक्ट्री में अवैध रूप से केमिकल पेंट का मिश्रण होता था। दिल्ली नगर निगम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अलीपुर क्षेत्र में 15 फरवरी को आग लगने की घटना हुई। सूचना मिलते ही जोनल अधिकारी तुरंत आग लगने वाली जगह पर पहुंच गए। इस दौरान देखा गया कि आग अलीपुर गांव के लाल डोरा आबादी स्थित घने रिहायशी इलाके में आग लगी थी, जिस घर में आग लगने की घटना हुई, उसका इस्तेमाल अवैध रूप से केमिकल पेंट के मिश्रण बनाने के उद्देश्य से किया गया था। पूछताछ में पड़ोसियों द्वारा जानकारी दी गई कि हाल ही में केमिकल पेंट के मिश्रण के लिए घर का उपयोग शुरू किया गया है। मकान के सामने की सड़क लगभग 10 से 12 फीट चौड़ी थी, मौके पर एनडीआरएफ और पुलिस कर्मियों के साथ फायर ब्रिगेड की टीम मौजूद थी। दमकल कर्मियों ने रात करीब आठ बजे आग पर काबू पा लिया। इसके बाद फायर कर्मियों ने कूलिंग प्रक्रिया शुरू की।

# पेंट फैक्टरी हादसाः मृतकों में से किसी की भी शिनाख्त नहीं

## अब पुलिस सभी शवों की डीएनए जांच करवाकर उनकी पहचान कराएगी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली के अलीपुर इलाके की पेंट फैक**्टरी में लगी आग में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है।पुलिस ने फैक्टरी से चार अन्य शव बरामद किए। इससे पहले गुरुवार रात दमकल कर्मियों ने सात शवों को बाहर निकाला था। मृतकों में 10 पुरुष और एक महिला शामिल है। मृतकों के शव 80 फीसदी से ज्यादा झुलसे हैं। इससे अभी तक किसी भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। इसके लिए अब पुलिस सभी शवों की डीएनए जांच करवाकर उनकी पहचान कराएगी। वहीं, हादसे में एक महिला और दिल्ली पुलिस के सिपाही समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों का लोक नायक अस्पताल व सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला है कि हरियाणा के सोनीपत निवासी अखिल जैन फैक्टरी के मालिक हैं। पुलिस ने फैक्टरी मालिक के खिलाफ धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अखिल जैन की तलाश कर रही है। जैन के मोबाइल की आखिरी लोकेशन हादसे के वक्त फैक्टरी के पास की है। इसके बाद से मोबाइल बंद है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार शाम 5.25 बजे पुलिस और दमकल विभाग को नेहरू एंक्लेव, दयाल मार्केट स्थित एक पेंट की फैक्टरी में भीषण आग लगने की जानकारी मिली। इसके बाद अलीपुर थाने की पुलिस और दमकल की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने देखा कि फैक्टरी में रखे केमिकल ड्रम में धमाका हो रहा है, जिससे आग फैक्टरी के सामने के मकानों, नशा मुक्ति केंद्र और दुकानों में फैल गई है। पुलिस कर्मियों ने जान पर खेलकर नशा मुक्ति केंद्र और मकानों में फंसे चार पांच लोगों को बाहर निकाला। इसमें से दो महिला समेत तीन लोग झुलस गए थे। घायलों को पुलिस ने तुरंत लोकनायक अस्पताल में भर्ती कराया।

**दर्दनाक**

**8 मृतकों में 10 पुरुष और एक महिला शामिल है। मृतकों के शव 80 फीसदी से ज्यादा झुलसे**

लोगों को बचाने के दौरान अलीपुर थाने में तैनात सिपाही करमवीर (35) भी झुलस गए। उनको सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी तरफ झुलसे अन्य लोगों की पहचान ज्योति (42), दिव्या (20), मोहित सोलंकी (34) के रूप में हुई है। इनका लोकनायक अस्पताल में इलाज चल रहा है।



# 25 फरवरी को गुरुग्राम में होगा मैराथन-2024 का आयोजन

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे शिरकत




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करने तथा रचनात्मक कार्यों के प्रति लीन रहने के लिए कई अनूठी पहल की जा चुकी है। इसी कड़ी में अब एक ओर पहल करते हुए 25 फरवरी, 2024 को जिला गुरुग्राम में एक विशाल मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। चार भागों में करवाई जाने वाली इस मैराथन रेस में गुरुग्राम और आसपास के इलाकों से 25 हजार से अधिक धावकों के भाग लेने की उम्मीद है। क्रिकेटर शिखर धवन तथा अन्य सेलेब्रिटी के आने से यह मैराथन और भी आकर्षक बनेगी। सुबह 4.30 बजे 42.2 किमी की फुल मैराथन शुरू होगी। इसके बाद 6.30 बजे 21.1 किमी की हाफ मैराथन, 7.30 बजे 10 किमी रेस तथा 8.30 बजे 5 किमी की रन फोर फन आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में कई नामी धावक भाग लेंगे और विजेताओं को 15 लाख से अधिक राशि के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। मैराथन से पहले

**मैराथन**

**8 कार्यक्रमों की भी होगी प्रस्तुति, क्रिकेटर शिखर धवन सहित अनेक सेलिब्रिटी आएंगे मैराथन में**

22, 23 और 24 फरवरी की दोपहर तक लेजर वैली में मैराथन एक्सपो का भी आयोजन होगा, जिसमें पंजीकृत धावकों को किट बांटी जाएंगी। मैराथन-2024 के दौरान मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रनर्स क्लब, खिलाड़ी, विश्वविद्यालय, स्कूल, कालेजों के विद्यार्थी, बीएसफ, सीआरपीएफ, एनएसजी आदि बलों के जवान, निजी उद्यम क्षेत्र के खिलाड़ी कर्मचारी, रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, सडक सुरक्षा संगठन के कार्यकताओं को आमंत्रित किया गया है। मैराथन में हिस्सा लेने के लिए वेबसाइट पर कोई भी नागरिक अपना निर्धारित शुल्क अदा कर रजिस्ट्रेशन करवा सकता है।

# '24000 क्यूसेक क्षमता से मिलेगा पूरा पानी'

## सरप्लस बरसाती पानी के सदुपयोग को लेकर राजस्थान व हरियाणा के बीच हुआ डीपीआर बनाने का समझौता

**समझौता**

**8 केंद्रीय जलशक्ति मंत्री, हरियाणा और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में दिल्ली में हुआ समझौता**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**मानसून में** जुलाई से अक्टूबर के दौरान, जो बरसाती पानी नदी के जरिए समुद्र में व्यर्थ बह जाया करता था, उसके सदुपयोग व बाढ़ से बचाव को लेकर हरियाणा व राजस्थान के बीच डीपीआर अर्थात विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का समझौता हुआ है। नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल और राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते में बरसात के दिनों में यमुना नदी के जरिए पानी समुद्र में बह जाता था, उसको स्टोर करके सदुपयोग करने की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी। हरियाणा की पश्चिमी जमुना नहर( डब्ल्यूजेसी) की सरकार ने क्षमता 18000 क्यूज़िक से बढ़ाकर 24000 क्यूज़िक कर दी है, इस समझौते के अंतर्गत बरसात के दिनों में अपनी पूरी क्षमता में चलने के साथ उसका इस्तेमाल हरियाणा के सूखाग्रस्त इलाकों में करने के साथ ही पूरे प्रदेश को लाभ होगा और राजस्थान को भी पानी दिया जाएगा। इस पानी का हरियाणा के बॉर्डर एरिया के ज़िलों भिवानी, चरखी दादरी और हिसार के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में उपयोग किया जा सकेगा। बरसात का सप्लस पानी वेस्टर्न जमुना कैनाल अपनी बढ़ी हुई 24000 क्यूज़िक पूरी क्षमता में चलने के साथ राजस्थान को दिया जाएगा। यह सुप्लीस पानी नदी के जरिए समुद्र में बह जाता था और कभी कभी हरियाणा में बाढ़ का कारण बनता था । समझौते के बाद मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत ने कहा कि राजस्थान और हरियाणा के बीच में सरप्लस बरसाती पानी के सदुपयोग को लेकर डीपीआर बनाने का समझौता हुआ है। राजस्थान व हरियाणा के सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। बरसात के दिनों में हथिनी कुंड बैराज पर हरियाणा की डब्लूजेसी की बढ़ी हुई कैपेसिटी है, उसे पूरा किया जाएगा जिससे पूरे प्रदेश को लाभ होगा और राजस्थान को अंडर ग्राउंड पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाया जाएगा। इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

**बरसात के पानी की एक एक बूंद का होगा सदुपयोग, बाढ़ से होगा बचावः सीएम मनोहर लाल**

इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मानसून के मौसम में जुलाई से अक्टूबर के दौरान बरसात के पानी के बेहतर उपयोग और एक-एक बूंद के सदुपयोग को लेकर राजस्थान के साथ समझौता हुआ है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि हमारे बॉर्डर पर स्थित जिलों के अलावा पूरे प्रदेश को डब्लूजेसी की बढ़ी हुई क्षमता से ज्यादा पानी मिलेगा और राजस्थान को भी पानी दिया जा सकेगा। चैनल बनाने के लिए डीपीआर बनाने का समझौता हुआ है। राजस्थान के साथ समझौते में चार पाइप लाइन बिछाई जाएगी जिनमें से 2500 क्यूज़िक की तीन पाइपलाइन राजस्थान के लिए होंगी तथा चौथी पाइपलाइन से राजस्थान बॉर्डर पर हरियाणा के तीन जिलों भिवानी, चरखी दादरी व हिसार के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पानी की आवश्यकता पूरी की जाएगी। इस एरिया में भूमिगत पाइप लाइन बिछाई जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दिल्ली के साथ जैसा समझौता हमारा चल रहा है, वह भी इसमें शामिल होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि समझौते से हरियाणा के बॉर्डर वाले इलाकों में बरसाती पानी को स्टोर करके उसे भविष्य में पीने तथा अन्य जरूरतों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा

## विकसित भारत बनाने में युवा शक्ति का रहेगा अहम योगदान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को लेकर देशभर में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में हरियाणा के लगभग 1 लाख 60 हजार युवाओं ने मेरा युवा भारत (माई भारत) वॉलंटीयर के रूप में अपना पंजीकरण करवाया है। भारत सरकार की माई भारत पहल का उद्देश्य युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान और नये अवसर मुहैया करवाकर उन्हें राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बनाना है। भारत की युवा शक्ति विश्व में सबसे बड़ी महाशक्ति है और युवाओं को सकारात्मक दिशा देकर समर्थ युवा सशक्त भारत की अवधारणा को मूर्त रूप देना ही प्रधानमंत्री का विजन है। जब युवा शक्ति सशक्त होगी तभी हमारा भारत विकसित भारत की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ेगा। आज के आईटीसेवी युवाओं को भारत सरकार द्वारा फिजिकल (फिजिकल प्लस डिजिटल) इकोसिस्टम के माध्यम से इस अभियान से जोड़ा जा रहा है और भौतिक विकास हेतु युवाओं को शारीरिक गतिविधियों के लिए अवसर भी प्रदान किए जा रहे हैं। खेलो इंडिया टैलेंट हंट, एक्सपेरिमेंटल लर्निंग व स्टार्ट अप इंडिया सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। हरियाणा में 30 नवंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा की गई थी, जो अब तक 6748 गांवों व वार्डों में पहुंच चुकी है और इस दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में 51 लाख 74 हजार से अधिक लोगों ने अपनी भागीदारी दर्ज करवाई है। इस दौरान लाखों लोगों ने भारत को विकसित भारत बनाने की संकल्प शपथ भी ली। यात्रा में 8571 अति विशिष्ट व्यक्तियों ने भाग लेकर लोगों की हौसला अफजाई की।

### डब्लूजेसी की बढ़ी हुई क्षमता का लाभ भी पूरे प्रदेश को मिलेगा

डब्लूजेसी की बढ़ी हुई क्षमता का लाभ भी पूरे प्रदेश को मिलेगा। मानसून के मौसम में सरप्लस बरसाती पानी के बेहतर प्रयोग के लिए समझौता हुआ है। बरसात का पानी, जिसकी अधिकता होने से कई बार बाढ़ भी आती है, बड़ी मात्रा में पानी यमुना के जरिए समुद्र में व्यर्थ बह जाता था,अब उस पानी का बेहतर उपयोग हो पाएगा। उस पानी का इस्तेमाल हम राजस्थान और हरियाणा के लिए कर पाएंगे। पानी की हर एक बूंद का उपयोग किया जाएगा उसके लिए यह समझौता हुआ है।

**हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का राजस्थान के सीएम ने जताया आभारः** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वह हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह का आभार जताते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय से बरसाती पानी के सदुपयोग के लिए यह लंबित योजना थी, जिस पर ध्यान नहीं दिया गया क्योंकि कांग्रेस की सरकार कभी इस तरीके की बातों पर ध्यान नहीं देती है। राजस्थान में तीन पाइपलाइन बिछाई जाएंगी। इसको लेकर डीपीआर के लिए हमारी सहमति बनी है। हरियाणा का हिस्सा हरियाणा के पास ही रहेगा। हमारे तीन जिले चुरू,सीकर और झुंझुनू में पानी की बहुत दिक्कत है, जिनमें पानी की किल्लत दूर होगी ।

# रेवाड़ी में मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में दिखाई दे रही 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' की झलक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

आमजन को केंद्र व हरियाणा सरकार के विकासात्मक प्रोजेक्ट एवं योजनाओं से परिचित करवाने के उद्देश्य से सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा के तत्वावधान में जिला रेवाड़ी के गांव माजरा भालखी में 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' थीम पर आधारित तीन दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। रेवाड़ी सहित आसपास के क्षेत्र के लोग 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' प्रदर्शनी को देखने के लिए पहुंच रहे हैं। प्रदर्शनी का समय सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक है। प्रदर्शनी का अवलोकन निःशुल्क है। उल्लेखनीय है कि इस प्रदर्शनी का शुभारंभ गत दिवस देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किया था। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया था।

**प्रदर्शनी**

**8 सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में लगी है 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' प्रदर्शनी**

**सेल्फी लेकर रील और स्टेटस सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे आमजनः** विकसित भारत-विकसित हरियाणा' प्रदर्शनी में गांव माजरा-भालखी में बनने वाले देश के 22वें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) व गुरुग्राम मेट्रो के दो-दो मॉडल दिखाए गए हैं, जिन्हें देखने में लोग खासी रुचि ले रहे हैं। आमजन प्रदर्शनी में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर रील और स्टेटस सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। प्रदर्शनी में 11 एलईडी स्क्रीन पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) व गुरुग्राम मेट्रो सहित भारतीय रेलवे और भारत व हरियाणा सरकार की 'अंत्योदय व जनकल्याणकारी' योजनाएं प्रदर्शित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं। सरकार की ये विशेष प्रदर्शनी लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ रही है। लोगों को प्रदर्शनी में 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' की झलक साफ-साफ देखने को मिल रही है। आमजन के कल्याण के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए उनमें जागरूकता जरूरी है। युवाओं, महिलाओं एवं स्कूली छात्र-छात्राओं में जागरूकता बढ़ाने में यह प्रदर्शनी कारगर सिद्ध हो रही है।

# बीकेयू की बैठक में की जायेगी रणनीति तय

**चंडीगढ़ः** जहा रविवार को किसान नेताओ और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच चौथे दौर की बातचीत तय है वही आंदोलन कर रहे किसानो के परिवार के सदस्य भी शंभू बॉर्डर पर पहुंच गए है। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की महिला प्रदेशध्यक्ष सुमन हुड्डा ने बताया कि किसानों के आंदोलन के तहत संगठन की तरफ से रविवार को कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर बैठक कर रणनीति बनाई जाएगी। सरकार को किसानों के हितों का हनन नहीं करने दिया जाएगा। कुलां में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट से जुड़े किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला। यह ट्रैक्टर मार्च मुख्य चौक से होते हुए कुलां उपतहसील कार्यालय में समाप्त हुआ।

# 'अध्यादेश लाकर एमएसपी गारंटी लागू करे सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/ झज्जर/ चंडीगढ़**

**आम आदमी** पार्टी के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने शुक्रवार को पार्टी के जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता की। उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अनिल रंगा, यूथ विंग प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन जून, जिला अध्यक्ष हरीश कुमार, अभिता, सोनू वत्स, जोगिंदर तंवर, रणवीर गुलिया, चंदर मोहन, राजे राज्यान और हैप्पी लोहचब मौजूद रहे। वे रेवाड़ी खेड़ा और खरहर में किसानों के धरने को समर्थन देने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र की बीजेपी और खट्टर सरकार किसानों के ऊपर जबरदस्त अत्याचार कर रही है। किसानों के खेतों से निकलने वाली हाई टेंशन तार का मुआवजा किसानों को मिलना



चाहिए। किसानों और ने कहा की सरकार इस लड़ाई को किसानों के खेतों और घर तक ले आई है। वहीं पंजाब हरियाणा बॉर्डर पर किसानों पर पेलेट गन चलाई जा रही है। रबड़ की गोली चलवाई जा रही है। एक्सपायर्ड हो चुके आंसू गैस के गोले चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार में किसानों के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है। खट्टर सरकार किसानों के प्रति दुर्भावना से भरी हुई है। अब साउंड कैनन मशीन किसानों को खदेड़ने के लिए प्रयोग की जा है। आम आदमी पार्टी इसकी निंदा करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुश्मनों के खिलाफ प्रयोग किए जाने वाले हथियारों को किसानों पर प्रयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी किसानों की जायज मांग के साथ खड़े हैं।

# पुलिस महानिदेशक ने दाता सिंह-खनौरी बॉर्डर का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आज किसान संगठनों के दिल्ली कूच के दृष्टिगत कानून व्यवस्था के संबंध में जींद पंजाब बॉर्डर के साथ लगते दाता सिंह-खनौरी बॉर्डर का निरीक्षण किया। डीजीपी द्वारा दाता सिंह -खनौरी बॉर्डर को चैक करते हुए पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस महानिदेशक ने इस दौरान सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी कर्मठता के साथ सुदृढ कानून-व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने किसान संगठनों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन की स्थिति के बारे में भी अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिला में किसी भी रूप से कानून व्यवस्था प्रभावित नही होनी चाहिए, इसके लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित करे, किसी भी सूरत में किसी को कानून व्यवस्था बाधित करने की अनुमति नही दी जा सकती। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है लेकिन कानून का सम्मान सर्वोपरि है। कानून व्यवस्था खराब करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हिसार रेंज एम रविकिरण, एसपी सुमित कुमार, एसपी नूह नरेंद्र बिजारणिया, सहित कई पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मिशन 2024 : 'इस बार भाजपा 400 पार की रणीति तैयार'

## भाजपा राष्ट्रीय परिषद की बैठक में पहले दिन देश के मौजूदा राजनीतिक परिवेश पर विस्तार से चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

**मिशन 2024** में बडी सफलता के लिए भाजपा पूरी तरह से तैयार है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में भागीदारी करने उपरांत यह बात बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पहले सुवह पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ओजस्वी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ और शाम को पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के प्रेरक अध्यक्षीय भाषण से हुआ। हरियाणा से बैठक मे संसदीय बोर्ड की सदस्या श्रीमती सुधा यादव, राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश



धनखड़,पार्टी प्रभारी विप्लव देव , मुख्यमंत्री मनोहर लाल , स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि भाजपा और पीएम मोदी का लक्ष्य स्पष्ट है कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना। देश की जनता भी मोदी के साथ है और

**जनादेश**

**8 देश की जनता भी मोदी के साथ है और भाजपा को लोक सभा चुनाव में बड़ा जनादेश देने का मन बना चुकी है**

भाजपा को लोक सभा चुनाव में बड़ा जनादेश देने का मन बना चुकी है। भाजपा संगठन जनभावनाओं के अनुरूप 400 पार की रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है।

धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रीय परिषद की बैठक में देश के रक्षा मंत्री ठाकुर राजनाथ सिंह ने राजनीतिक प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव में विकसित भारत-मोदी की गारंटी , केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धि , अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर, जी 20 की सफल अध्यक्षता, राज्यों के चुनाव परिणाम, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हर गांव में मोदी की गारंटी, नारी शक्ति अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण, चांद पर चंद्रयान की सफल लैंडिंग, सूर्य की ओर आदित्य की सफल यात्रा, किसान कल्याण और अर्थव्यवस्था को नई उड़ान जैसे देश के सर्वांगीण विकास और देश हित से जुड़े मद्दे प्रमुख रूप से शामिल किए गए।

# 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला का समापन करेंगे राज्यपाल बंडारू

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय 18 फरवरी को 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यह मेला गत 2 फरवरी को शुरू हुआ था, जिसमें देश-विदेश के शिल्पकारों ने अपनी कलाकृतियों को प्रदर्शित किया तथा देशी-विदेशी कलाकारों ने अपनी संस्कृति की झलक बिखेरी। 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला में दुनिया और भारत के शिल्पकारों की अभूतपूर्व भागीदारी देखने को मिली है। हस्तशिल्प, हथकरघा और भारत की सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित करने के लिए 1987 में पहली

**हस्तशिल्प**

**8 समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित करने के लिए 1987 में पहली बार सूरजकुंड शिल्प मेले की मेजबानी की गई थी।**

बार सूरजकुंड शिल्प मेले की मेजबानी की गई थी। केंद्रीय पर्यटन, कपड़ा, संस्कृति, विदेश मंत्रालय और हरियाणा सरकार के सहयोग से सूरजकुंड मेला प्राधिकरण और हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा यह शिल्प मेला आकर्षण का केंद्र बन रहा है।

# पर्वतारोही दल ने सिक्किम में 16500 फीट की ऊंचाई पर स्थित माउंट रेहनोक पर फहराया ध्वज

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़/ अंकुश जैन**

हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने विभाग के विद्यार्थियों और अध्यापकों की टीम को एडवेंचर और पर्वतारोहण के क्षेत्र में विश्व रिकॉर्ड बनाकर पूरे प्रदेश का नाम रोशन करने पर बधाई व शुभकामनाएं दी है। हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग ने बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स-एवं-रेहनोक शिखर 16500 फीट पर्वतारोहण अभियान में भाग लेने के लिए 51 प्रतिभागियों को भेजा था जिसमें ग्यारहवीं कक्षा के 22 लडके और 22 लड़कियां, 3 पुरुष एवं 3 महिला शिक्षक और 1 कॉन्टिनजेन्ट लीडर शामिल था। इस कार्यक्रम का आयोजन रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित हिमालय पर्वतारोहण संस्थान (एचएमआई), दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) के सहयोग से सिक्किम क्षेत्र में किया गया था। उल्लेखनीय है कि हरियाणा भारत का एकमात्र राज्य है, जहां सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए विभाग के स्तर पर पर्वतारोहण अभियान आयोजित किये जाते हैं। इस कार्यक्रम में बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स भी जोड़ा गया है ताकि छात्र आगे चलकर पर्वतारोहण को अपने करियर के रूप में चुन सकें। युवा छात्रों को पर्वतारोहण के माध्यम से 5000 मीटर से अधिक ऊंचाई पर स्थित पहाड़ों पर प्रकृति अध्ययन का अवसर प्रदान करना, ताकि वे वहाँ की वनस्पतियों, वन्य जीवों, जन जीवन का अध्ययन कर सकें। छात्रों को अधिक ऊंचाई वाले साहसिक कार्यों की तकनीक और कार्यप्रणाली से परिचित कराना। उनकी फिटनेस, आत्मविश्वास, आयोजन क्षमता, निर्णय लेने और अन्य व्यक्तित्व लक्षणों के स्तर को बढ़ाना। इस विशेष पर्वतारोहण पाठ्यक्रम-एवं-पर्वतारोहण अभियान में अर्हता प्राप्त करने वाले प्रतिभागी देश के किसी भी राष्ट्रीय स्तर के पर्वतारोहण और साहसिक संस्थान में प्रशिक्षु प्रशिक्षक के रूप में काम करने के पात्र होंगे। प्रशिक्षु प्रशिक्षक के रूप में एक महीने की प्रशिक्षुता के बाद, वे साहसिक संस्थानों, साहसिक खेल कंपनियों आदि में जूनियर प्रशिक्षक की नौकरी पाने के पात्र होंगे या फ्रीलांसर प्रशिक्षक के रूप में काम कर सकते हैं।

# पिछले साढ़े नौ वर्षों में हरियाणा ने लिंगानुपात में किया उल्लेखनीय सुधार

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पानीपत से शुरू किया था बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ राष्ट्रव्यापी अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22** जनवरी, 2015 को पानीपत से शुरू किये गए राष्ट्रव्यापी अभियान को हरियाणा ने सरकारी प्रयासों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों व खाप पंचायतों के सहयोग से सफल बनाया है, जिसके फलस्वरूप प्रदेश का लिंगानुपात सुधरकर 1000 लडकों के पीछे 916 लड़कियों का दर्ज किया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव, डॉ. जी. अनुपमा ने चंडीगढ़ में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बी3पी) पर राज्य स्तरीय हितधारकों की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में महिला एवं बाल

**राष्ट्रव्यापी**

**8 विभिन्न विषयों की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाकर उनके हुनर को तराशने की दिशा में कार्य कर रहा**

विकास विभाग, हरियाणा की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार भी उपस्थित थी। बैठक में बताया गया कि प्रधान मंत्री द्वारा पानीपत, हरियाणा से इस आदर्श वाक्य के साथ लॉन्च किया गया था हमें लड़कियों को मारने का अधिकार नहीं है और हमारा मंत्र बेटा बेटी एक समान होना चाहिए, जिसको हरियाणा ने सफल किया है। डॉ. जी. अनुपमा ने कहा कि वर्तमान में जन्म के समय लिंगानुपात (एसआरबी) 916 है और हमने हरियाणा में बी3पी कार्यक्रम शुरू होने के बाद से 52,000 से अधिक लड़कियों को बचाया है। पांच जिले एसआरबी-2023 900 से नीचे हैं यानी रोहतक (883) नारनौल (887), सोनीपत (894), चरखी दादरी (897) और रेवाड़ी (897)। हरियाणा में बी3पी कार्यक्रम को मजबूत करने के लिए डब्ल्यूसीडी, एनएचएम और शिक्षा विभाग मिलकर काम करेंगे और नियमित आधार पर निगरानी करेंगे। पीसी-पीएनडीटी (प्री नेटल डायग्नोस्टिक)/एमटीपी (गर्भ का चिकित्सीय समापन) अधिनियम का कार्यान्वयन। पीसी-पीएनडीटी/एमटीपी अधिनियम पर पुलिस/अभियोजन/स्वास्थ्य अधिकारियों का नियमित संवेदीकरण। एमटीपी किट की ऑनलाइन और ओटीसी (ओवर द काउंटर) बिक्री पर अंकुश लगाना। अवैध एमटीपी/एमटीपी किटों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सभी अनुमोदित एमटीपी केंद्रों का ऑडिट किया जाना आवश्यक है। राज्य मुख्यालय नियमित आधार पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के साथ मासिक बैठक आयोजित करेगा। डॉ. जी. अनुपमा ने बताया कि जिला टास्क फोर्स की बैठक हर महीने नियमित आधार पर होगी। जिला स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया जाए। जन्म के समय पर पंजीकरण के संबंध में सिविल सर्जन भारतीय चिकित्सा संघों (आईएमए) के साथ बैठकें करेंगे।

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, फील्ड स्टाफ का क्षमता निर्माण नियमित आधार पर किया जाना चाहिए ताकि वे पीसी पीएनडीटी/एमटीपी अधिनियम के बारे में आम जनता को जागरूक कर सकें। पीसी पीएनडीटी/एमटीपी अधिनियम के संबंध में राज्य स्तर पर प्रशिक्षण/अभिमुखीकरण आयोजित किया जाएगा।

# छात्राओं को महिला अपराधों के बारे में किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस।** डीएसपी महिला सुरक्षा विजय कुमार के निर्देशन एवं महिला निरीक्षक राजेश लता के नेतृत्व में टीम द्वारा राजकीय स्कूल बजीदा जटान में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया।
महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते है। उन्होंने छात्राओं को गुड टच और बैड टच बारे भी सावधान किया। छात्राओं को यह भी ध्यान रखने को कहा कि स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा है। उन्होंने छात्राओं को अच्छी नजर और बुरी नजर के बारे भी सावधान किया। उन्होंने स्कूल की कुछ छात्राओं को विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी, जिनको छात्राओं ने अपने घर वालो को भी नहीं बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया। छात्राओं को यह भी बताया कि महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है, जो कि शहर में स्कूलए कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती है। टीम ने छात्राओं को उसके घर, स्कूल या अन्य जगह कोई भी परेशानी आने पर दुर्गा शक्ति पुलिस फोर्स द्वारा सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। राजेश लता ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट के बारे भी विस्तार से बताया। टीम द्वारा छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 और डॉयल 112 का प्रयोग कर आपातकालीन स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने बारे भी जागरूक किया।

**जागरूक**

**8 महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा**

# किसान आंदोलन के समर्थन में शहर में किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। भारतीय** किसान यूनियन, चढूनी गुट से जुड़े किसानों ने शनिवार को शहर में ट्रैक्टर मार्च निकाला। यह ट्रैक्टर मार्च गूमड़ रोड से शुरू हुई जो बीएसटी रोड, रेलवे रोड से होते हुए लघु सचिवालय में पहुंचे। इस ट्रैक्टर मार्च में करीब 30 ट्रैक्टर शामिल हुए। इस प्रदर्शन की अगुवाई युवा जिला प्रधान वीरेंद्र पहल ने की। ट्रैक्टर मार्च निकालने से पहले सभी किसान गूमड़ रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। इसके बाद किसान ट्रैक्टरों के साथ शहर के बीएसटी रोड, देवीलाल चौक, रेलवे रोड होते हुए लघु सचिवालय में पहुंचे। इसके बाद किसानों ने एसडीएम डा. निर्मल नागर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि अपनी मांगो को लेकर किसान धरना दे रहे हैं। किसान प्रदेश व केंद्र सरकार से एमएसपी की गारंटी पर कानून बनाने, कर्ज माफी, स्वामीनाथन की सिफारिशों को लोगू करने की मांग कर रहे हैं। सरकार को किसानों सभी मांगो को मानना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र पहल ने कहा कि ट्रैक्टर मार्च निकाल कर यूनियन ने सरकार को चेताया है। यदि किसानों की मांगे पूरी नहीं होती तो 18 फरवरी को कुरुक्षेत्र में फिर से महापंचायत करेगी, जिसमें सभी खापें व कर्मचारी यूनियन भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कि अगर सरकार ने उनकी मांग को स्वीकार नही किया तो यूनियन बड़ा कदम उठाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### सेक्टर-12 में बही शिवभक्ति की गंगा



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव प्रभातफेरी की ओर से शनिवार अलसुबह सेक्टर 12 में प्रभातफेरी निकाली गई। शिवभक्त नरेंद्र शर्मा के निवास से प्रभातफेरी शुरू की गई और भक्त अंकुर के निवास पर विश्राम लिया। श्रद्धालु अंजलि भुटानी ने आता रहा दरबार सांवरे, सांवरे ने पकड़ा मेरा हाथ सरीखे भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।
भक्तजन भोले के भजनों पर झूमते गाते आगे बढ़े। रास्ते में सेक्टरवासियों ने पालकी पर माथा टेक भोले के भक्तों पर पुष्पवर्षा की और उनका स्वागत किया। शिवभक्त सतपाल मनोचा ने कहा कि जो मानव शिव की भक्ति करता है, उसका बेड़ा पार हो जाता है। उसके ऊपर सदैव दैवीय अनुकंपा बनी रहती है। वह संसार में सभी सुखों की प्राप्ति करता है। दुख-कष्ट उसके परिवार के नजदीक नहीं फटकते। इस अवसर पर अनिल छाबड़ा, सुनीता कथूरिया, सुनैना मदान, वीना सेठ, राजू डोडा, विनोद गुप्ता व तरसेम सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

### 80 ग्राम अफीम सहित आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** स्पेशल स्टॉफ असंध की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर रकबा निसिंग से आरोपी इकश्मीरी लाल पुत्र राजा राम वासी निसिंग को गिरफ्तार किया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 80 ग्राम अफीम बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी कश्मीरी लाल के खिलाफ थाना निसिंग में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।
पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी कश्मीरी लाल एक ड्राइवर है, जिसने यह अफीम निसिंग से ही एक व्यक्ति से ली थी, जिसका आरोपी सेवन करने का भी आदी है और पैसों के लिए चलते फिरते नशा करने वालों को भी बेचता है। आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मुकदमा दर्ज है।

# मारपीट कर मोटरसाइकिल जलाने वाले पांच गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** थाना इंद्री की टीम ने मारपीट कर चोट पहुंचाने और मोटरसाइकिल को जलाने वाले आरोपी प्रिंस पुत्र नरेश, बलविंद्र उर्फ जतिन पुत्र नरेश, यशपाल पुत्र रमेशपाल, राहुल पुत्र कालूराम और सचिन पुत्र गुरमेज वासियान रंदौली को गिरफ्तार किया गया।
इस संबंध में शिकायतकर्ता श्रीचंद वासी सैयद छपरा ने शिकायत दी थी कि उसके बेटे सोनित की पाल बूट हाउस के नाम से बयाना में दुकान है। जो कि सोनित 14 जनवरी को शाम को अपनी दुकान से मोटरसाइकिल पर घर आ रहा था। सोनित के पास विकास वासी रंदौली का फोन आया कि मुझे आपसे जरूरी काम है आप रंदौली आ जाओ। जब सोनित वहा पहुंचा तो आरोपी व उसके अन्य दोस्तों ने उसकी मोटरसाइकिल की चाबी निकाल ली और लाठी, डंडों से उस पर हमला कर उसे घायल कर दिया और उसकी मोटरसाइकिल में आग लगा दी। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ 15 जनवरी को थाना इंद्री में मुकदमा दर्ज किया गया था।
इस मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी जल्दी की जाएगी।

# प्रीति नारंग चौधरी एंटी करप्शन फाउंडेशन इंडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त

**जिम्मेवारी**

**8 संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है।**



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव राष्ट्रीय मुख्य निदेशक, महिला प्रकोष्ठ राखी गर्ग ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए विख्यात डाइटिशियन प्रीति नारंग चौधरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष हेल्थ प्रकोष्ठ नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव राखी गर्ग ने डॉ. प्रीति नारंग चौधरी को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई।
डॉ. प्रीति नारंग चौधरी ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगी और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगी। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है।

# संदिग्ध हालत में विवाहिता लापता

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** कस्बा असंध के एक गांव में पति से झगड़े के बाद मायके आयी एक विवाहित युवती संदिग्ध हालात में लापता हो गई। उसकी शादी को करीब एक साल हुआ था और अब 10 दिन से मायके में थी। परिजनों ने आसपास में तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।
युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी 23 वर्षीय बेटी शादीशुदा है। उसका किसी बात को लेकर उसके पति से झगड़ा हो गया था। इसके बाद उसने उसे कॉल भी किया था। मामला शांत हो जाए, इसलिए उसने अपनी बेटी को अपने घर पर बुला लिया था। पिता ने बताया कि बीती 9 फरवरी की सुबह करीब 11 बजे वह अचानक घर से बिना बताए कहीं चली गई। हमने सोचा कि वह वापस आ जाएगी, लेकिन जब देर शाम तक भी वह नहीं लौटी तो चिंता हुई। उसके फोन पर कॉल किया गया तो फोन बंद आया।
शिकायतकर्ता ने बताया कि शाम को ही तलाश शुरू की गई थी। बस स्टैंड, अस्पताल, करनाल बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित अनेक स्थानों पर सर्च किया गया, लेकिन वह नहीं मिली। फिर रिश्तेदारों के पास कॉल किया गया और पता किया गया कि क्या उनकी बेटी उनके घर आई है, लेकिन उन्हें सिर्फ एक ही जवाब मिला, वह यहां नहीं आई। सभी जगह तलाश करने के एक सप्ताह बाद परिजनों ने असंध थाना में अपनी बेटी के लापता होने की शिकायत दी।

# स्वयं को बदलो तो जग बदलेगा : दिनेश गुलाटी



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में तिकोना पार्क सेक्टर 6 में आयोजित शिविर के तीसरे दिन नोडल अधिकारी आयुष विभाग से डा. अमित पुंज ने शिरकत की। उन्होंने सर्वप्रथम नवनिर्मित शेड की बधाई दी। हर घर, परिवार सूर्य नमस्कार प्रतियोगित के बारे में जानकारी दी।
आयुष विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल के मार्गदर्शन में तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में हर घर परिवार सूर्यनमस्कार अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत तिकोना पार्क सेक्टर 6 में कल सुबह सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता करवाई जाएगी, जिसमें महिला तथा पुरुष वर्ग की एक प्रतियोगिता होगी। इसके अलावा परिवार की योग प्रतियोगिता होगी, जिसमें एक परिवार के कुल चार व्यक्ति भाग लेंगे। माता-पिता व दो बच्चे तथा 108 सूर्य नमस्कार करने की प्रतियोगिता होगी, जिसमें प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं के नाम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हरियाणा योग आयोग पंचकूला को भेजे जाएंगे। सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में आसनों की सही स्थिति, लयबद्धता, एकरूपता, स्थिरता इत्यादि मापदंड के आधार पर होगी। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक मुख्य योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने बताया कि इस अभियान में मेरा मिशन स्वस्थ भारत करनाल की सभी 20 कक्षाओं के लगभग 1100 योग साधक व साधिकाएं परिवार सहित हर घर परिवार सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में भाग लेंगे।
आज के योग सत्र की शुरूआत गुलाटी ने सूक्ष्म व्यायाम से की। उसके बाद सभी शिक्षकों ने आसनों का अभ्यास करवाया। उन्होंने सूर्य नमस्कार अभ्यास करवाते हुए कहा कि आसनों में सर्वश्रेष्ठ आसन सूर्य नमस्कार है।

**प्रतियोगिता**

**8 सर्वप्रथम नवनिर्मित शेड की बधाई दी। हर घर, परिवार सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी**

# सड़क हादसे में किशोर की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस** मेरठ रोड स्थित गांव नगला के पास बाइक सवार 17 वर्षीय किशोर की सडक हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। पिकअप ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी है। काम की तलाश में गया किशोर हादसे के समय घर लौट रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। आज पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगला मेघा निवासी 17 वर्षीय करण शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे अपने घर लौट रहा था। वह नगला चौक पर ही काम की तलाश में गया था। जैसे ही वह नगला रोड पर स्कूल के पास पहुंचा तो तभी एक तेज रफ्तार पिकअप ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सडक पर जा गिरा। सडक पर गिरते ही उसका सिर सडक पर लगा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गए, जिन्होंने करण को अस्पताल ले जाने का भी प्रयास किया, लेकिन तब तक करण ने दम तोड़ दिया था। हादसे की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया गया था। शिनाख्त होने पर परिजनों को सूचना दी गई। इसके बाद परिजन मोर्चरी हाउस में पहुंचे और शव की पहचान की। मृतक के दादा ने बताया कि उन्हें हादसे के बारे में करीब दो घंटे बाद पता चला था। इसके बाद वे अस्पताल में पहुंचे थे। मेरा पोता 17 साल का था, जो काम की तलाश में घर से निकला था और घर लौटते वक्त हादसा हुआ। आरोपी मौके पर ही अपनी गाड़ी छोडकर फरार हो गया।



# मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी काबू



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** सीआईए टू की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी तरुण उर्फ तन्नू पुत्र घनश्याम वासी शुगर मिल के सामने करनाल को शुगर मिल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चुराया गया एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।
पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी तरुण ने शिकायतकर्ता मुलकराज वासी सूरजनगर करनाल के घर से 19 अगस्त 2023 को एक मोबाइल फोन चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी तरुण एक आदतन अपराधी है, जो कि जल्दी पैसे कमाने और नशापूर्ति के लिए चोरी की वारदाते करता है। आरोपी पहले भी चोरी की तीन वारदात कर चुका है, जिनमें आरोपी जेल में भी रह चुका है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# चरित्र निर्माण विषय पर हुआ व्याख्यान का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** एमएसडी पब्लिक स्कूल शामगढ़ एवं शोध प्रकल्प, हरियाणा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वाधान में आज चरित्र निर्माण विषय पर एमएसडी पब्लिक स्कूल में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता गुरु नानक खालसा कॉलेज के अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष डा. देवी भूषण रहे।
डा. देवी भूषण ने बताया कि विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण व्यक्ति, समाज तथा देश के लिए बहुत जरूरी है। अगर विद्यार्थियों का चरित्र अच्छा होगा तो समाज खुद पर खुद अच्छा हो जाएगा तथा देश प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। चरित्रवान व्यक्ति होने से देश से तथा समाज से बहुत सी बुराइयां स्वतः ही खत्म हो जाएगी। चरित्रवान व्यक्ति के मन में देश प्रेम की भावना भी होगी तथा वह देश को आगे बढ़ाने के बारे में सोचेगा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, शिवाजी महाराज जैसे महापुरुषों के आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास इस दिशा में बेहतरीन कार्य कर रहा है। एमएसडी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल देवी चरण ने कहा कि चरित्र निर्माण स्कूल जीवन से ही शुरू हो जाता है। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल मोनिका शर्मा, अश्विनी, निर्मल सिंह तथा स्कूल के अन्य अध्यापक गण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**व्याख्यान**

**8 संयुक्त तत्वाधान में आज चरित्र निर्माण विषय पर एमएसडी पब्लिक स्कूल में एक व्याख्यान का आयोजन**

# सैकड़ों महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन, किया स्वागत

## पार्टी सदस्यता ग्रहण करने पर पटका पहनाकर किया जोरदार स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस।** पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी एवं पार्षद मेघा भंडारी के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने भाजपा का दामन थामा और पार्टी में जॉइनिंग की। पार्षद मेघा भंडारी के सेक्टर-6 निवास पर महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्मला बैरागी एवं महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मीना कंबोज ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर सभी महिलाओं को पटका पहनाकर उनका स्वागत किया एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर रिचा कौशल, निधि गुलाटी,ममता मिगलानी, मानसी अत्रेजा, सोनल चावला, दीपा, कंचन, सुनीता, तनु, सविता अन्य दर्जनों महिलाओं ने पार्टी में अपनी आस्था जताई।
निर्मला बैरागी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवाद अंत्योदय के सपनों को साकार करती भाजपा ने आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने कहा कि स्वार्थ से ऊपर उठकर देश हित के बारे में सोचने वाले लोग आज पार्टी से जुड़ रहे हैं। इसी वजह से वर्तमान में पार्टी बुलंदी पर है। पार्षद मेघा भंडारी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश दिन-प्रतिदिन प्रगति के पथ पर अग्रसर है। सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हमारे प्रधानमंत्री कुशल नेतृत्व का परचम लहरा रहे हैं। महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मीना चौहान, महिला मोर्चा की महामंत्री रजनी कीर्ति शर्मा, आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक सतीश गोयल, वरिष्ठ कार्यकर्ता कुलदीप शर्मा एवं मान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**गौरव**

**8 भाजपा ने आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने का गौरव हासिल किया है**

# सनातन धर्म मंदिर में लगे भोले के जयकारे, झूमे श्रद्धालु



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** सनातन धर्म मंदिर रामनगर में ओम नमः शिवाय जाप परिवार की ओर से ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया गया। श्रद्धालुओं ने भोले के जयकारे लगाते हुए भक्ति का आनंद उठाया। पूरा वातावरण शिवमय हो गया। शरणम, नमो शरणम, शिवाय शरणम, भोले बाबा शरणम से शिव स्तुति की संगीतमयी शुरूआत हुई। ज्योति मुंजाल, बबीता आदि कलाकारों ने भजन गाकर श्रद्धालुओं को मोह लिया। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया, फिर हर हर महादेव के जयकारे लगाकर भोलेनाथ को रिझाया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके पश्चात राम नाम की माला जपी गई। राम नाम की माला से वीर बजरंगी को भी रिझाया।
भजनों के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जाप परिवार के सेवक संजय टिक्का ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया।

## संपादकीय

# चुनावी बॉड्स पर सुप्रीम रोक : ऐतिहासिक फैसला

**सर्वोच्च** न्यायालय ने गुरुवार को सुनाए अपने ऐतिहासिक फैसले में भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा जारी किये गये इलेक्टोरल (चुनावी) बॉड्स योजना पर रोक लगा दी है, जो संविधानसम्मत होने के साथ जनअपेक्षाओं के अनुरूप भी है। कोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को भी आदेश दिया है कि वह 6 मार्च, 2024 तक उन सभी राजनीतिक दलों के नाम व प्राप्त राशि निर्वाचन आयोग को बतलाये जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाया है और इस जानकारी को आयोग 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर साझा करे। इस जानकारी से ज्ञात होगा कि किस दल ने किससे और कितनी राशि प्राप्त की है। इस तरह सूचना के अधिकार की रक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, पारदर्शिता एवं चुनावी सुधार की चारों दिशाओं के क्षितिजों का स्पर्श करने वाला यह निर्णय संसदीय प्रणाली के शुद्धिकरण की राह में मील का पत्थर कहा जा सकता है। इस योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई करते हुए प्रमुख न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय बेंच ने एकमत से इसे असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि यह सूचना के अधिकार के नियम का उल्लंघन है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने 2017 में यह योजना एक वित्त अधिनियम के रूप में लोकसभा से पारित कराई गई थी, जिसे 29 जून, 2018 को कानूनन लागू किया गया था। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की चुनिंदा शाखाओं से कोई भी नागरिक इस बॉड को खरीदकर अपने पसंदीदा दल को चंदे के रूप में दे सकता था। इसे एक तरह से राजनीतिक दलों की गुमनाम तरीके से मदद करना भी कहा जा सकता है। इस योजना को लेकर सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि वोटर को यह जानने का हक है कि राजनीतिक दलों के पास धन कहां से आ रहा है। उसने यह भी कहा कि यह योजना नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है, जिसके कारण संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) में उल्लिखित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव पड़ता है। सुनवाई के दौरान सरकार की दलील थी कि इससे राजनैतिक दलों की फंडिंग में काले धन का इस्तेमाल रुकेगा तथा फंडिंग साफ-सुथरी होगी। कोर्ट ने इसे अस्वीकार करते हुए कहा कि उसके दूसरे तरीके भी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जानकारी जनता को न देने की सरकार के अटॉर्नी जनरल की यह दलील खारिज कर दी जिसमें कहा गया कि उचित प्रतिबन्धों के अधीन हुए बिना 'कुछ भी' और 'सब कुछ' जानने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। यह दुर्भाग्यपूर्ण है जनता को यह जानने का अधिकार नहीं है कि इस योजना में किस पार्टी को किसने कितना चंदा दिया। इस तरह सरकार ने इसे जनता की पहुंच से दूर रखा है जिसके कारण इसकी विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता दोनों ही संदेहों के घेरे में रही। इस योजना के नियमों के अनुसार एसबीआई की निर्दिष्ट शाखाओं से 1000 रुपये, 10,000 रुपओ 1 लाख, 10 लाख और एक करोड़ रुपए तक के बॉड्स खरीदे जा सकते हैं। इसकी वैधता 15 दिनों की है जिस अवधि में जनप्रतिनिधित्व कानून के अंतर्गत पंजीकृत एवं पिछले चुनाव में कम से कम 1 प्रतिशत वोट पाने वाले दलों को प्राप्त सहयोग राशि का इस्तेमाल करना जरूरी है। इस बाबत कई वकीलों, सामाजिक कार्यकताओं, सिविल सोसायटियों तथा चुनावी सुधार के पक्षधरों ने आरोप लगाया था कि इसके माध्यम से कार्पोरेट घराने, व्यवसायी एवं वे लोग जो सरकारों से अपने काम कराना चाहते हैं।

# सोनिया के रायबरेली छोड़ने से अच्छा संदेश नहीं गया

**आशीष वशिष्ठ**

> "उनका रायबरेली को छोड़ना महत्वपूर्ण फैसला है। इसका प्रतीकात्मक असर कांग्रेस की पूरी राजनीति पर नजर आएगा। संभव यह भी है कि परिवार की एक और सदस्य प्रियंका गांधी को यहां से उतारा जाए। राहुल गांधी शायद अमेठी और वायनाड से फिर लड़ें, पर सोनिया गांधी दो जगह से लड़ती, तो मोदी के तंज उन्हें सुनने पड़ते। सोनिया गांधी के लोकसभा चुनाव न लड़ने की वजह बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य कारणों को बताया जा है। अगर उम्र बढ़ रही है या स्वास्थ्य खराब है तो राजनीति से संन्यास लेना चाहिए या फिर राज्यसभा से संसद जाने से उम्र कम हो जाएगी या सेहत ठीक हो जाएगी?"

**राजनीति** में प्रतीकों का बहुत महत्व होता है। नेता अपनी बॉडी लैंग्वेज, संबोधन और बयानबाजी से अपने समर्थकों, साथी नेताओं और आमजन को संदेश समय समय पर देते रहते हैं। पिछले दो तीन महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद से लेकर सार्वजनिक मंचों पर दिये भाषणों पर ध्यान दें तो, वो तीसरी बार सरकार बनाने का दावा पूरे दमखम के साथ करते हैं। जब वो यह कहते हैं कि जब तीसरी बार हमारी सरकार बनेंगी, तो उनका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होता है। वहीं विपक्ष की बड़ी और देश की सबसे पुरानी पार्टी की कांग्रेस की बात करें तो उनके आला नेताओं के बयानों से भारी निराशा और हताशा अनुभव होती है। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी निराशा का माहौल है। आम चुनाव सिर पर है, और पार्टी के आला नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त है। इसी से अंदाजा लग जाता है कि पार्टी का आलाकमान चुनाव को लेकर कितना अगंभीर है। रही सही कसर पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राज्यसभा के नामांकन ने पूरी कर दी है। संसद को सर्वाधिक 80 सीटें देने वाले उत्तर प्रदेष की रायबरेली सीट से सोनिया गांधी इस बार चुनाव लड़ने का साहस बटोर नहीं पाई। हवाला स्वास्थ्य कारणों का दिया गया है, पर ज्यादा बड़ा खतरा पराजय की संभावना का है। उनका रायबरेली को छोड़ना महत्वपूर्ण फैसला है। इसका प्रतीकात्मक असर कांग्रेस की पूरी राजनीति पर नजर आएगा। संभव यह भी है कि परिवार की एक और सदस्य प्रियंका गांधी को यहां से उतारा जाए। राहुल गांधी शायद अमेठी और वायनाड से फिर लड़ें, पर सोनिया गांधी दो जगह से लड़ती, तो मोदी के तंज उन्हें सुनने पड़ते। सोनिया गांधी के लोकसभा चुनाव न लड़ने की वजह बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य कारणों को बताया जा है। अगर उम्र बढ़ रही है या स्वास्थ्य खराब है तो राजनीति से संन्यास लेना चाहिए या फिर राज्यसभा से संसद जाने से उम्र कम हो जाएगी या सेहत ठीक हो जाएगी? रायबरेली, अमेठी और एक हद तक सुलतानपुर की यह पट्टी नेहरू-गांधी खानदान के लिए बेहद महत्वपूर्ण रही है। फिरोज गांधी, इंदिरा गांधी, संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी की यह राजनीतिक नर्सरी रही है। रायबरेली संसदीय सीट गांधी परिवार का



गढ़ माना जाता है। इस सीट से फिरोज गांधी और इंदिरा गांधी भी सांसद रह चुकी है। और बाद में उनकी बहू और राजीव गांधी की पत्नी सोनिया गांधी ने 2004 में यह सीट जीती। 2009, 2014 और 2019 के चुनावों में यह सीट कांग्रेस ने जीती। लेकिन अब हालात बदले हुए हैं। जमीनी सच्चाई से आमजन अनजान नहीं हैं। वास्तव में 2019 के आम चुनाव में अमेठी सीट से राहुल गांधी की हार के बाद से गांधी परिवार का आत्मविश्वास हिला हुआ है। राहुल गांधी भी अंदर ही अंदर स्थिति का अंदाजा था। इसलिए उन्होंने अमेठी के अलावा केरल के वायनाड से पर्चा भरा था। रायबरेली सीट पर कांग्रेस का सबसे खराब प्रदर्शन 1996 और 1998 के चुनाव में था। तब उसे 10 फीसदी से भी कम वोट मिले थे, लेकिन 1999 के चुनाव से उसका वोट शेयर फिर बढ़ने लगा। इस चुनाव में राजीव और सोनिया के करीबी गांधी परिवार के वफादार सतीश शर्मा यहां से चुनाव लड़े थे और जीतकर लोकसभा में पहुंचे थे। 2014 से पहले तक रायबरेली में कांग्रेस के मुख्य प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी हुआ करते थे, लेकिन 2014 के बाद कहानी बदल गई। सपा-बसपा को पीछे धकेल, भाजपा मुख्य प्रतिद्वंदी बन गई। 2014 के चुनाव में भाजपा उप-विजेता थी। 2014 में जहां बीजेपी ने 21.1 फीसदी वोट हासिल किया तो 2019 में 38.7 फीसदी वोट अपने नाम किया। रायबरेली लोकसभा सीट पर कांग्रेस भले ही अच्छा प्रदर्शन करती रही हो, लेकिन हाल के दिनों में विधानसभा क्षेत्रों में कहानी अलग रही है। 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस न केवल रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र के सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों में हार गई। बल्कि इन 5 में से 4 में तीसरे और 1 में चौथे स्थान पर रही। इनमें से 4 सीटों पर सपा ने जीत हासिल की, और 1 पर भाजपा ने। 5 विधानसभा क्षेत्रों में, कांग्रेस को केवल 13.2 प्रतिशत वोट शेयर हासिल हुआ, जो कि सपा के 37.6 प्रतिशत और भाजपा के 29.8 प्रतिशत से बहुत कम था। आपको बता दें कि 2022 के विधानसभा चुनाव में पूरे सूबे में पार्टी को सिर्फ 2 सीट और 2.3 प्रतिशत वोट नसीब हुआ था। 2017 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो कांग्रेस और भाजपा ने रायबरेली लोकसभा सीट की 2-2 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। जबकि सपा ने 1 सीट जीती थी। तब कांग्रेस ने सभी क्षेत्रों में 31.2 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक वोट शेयर हासिल किया था, उसके बाद भाजपा 27.8 प्रतिशत वोट शेयर के साथ दूसरे स्थान पर थी। लेकिन 2017 में यूपी में कांग्रेस की कुल सीटों की संख्या बहुत निराशाजनक थी। कुल 7 सीटें हासिल की थीं और 6.2 प्रतिशत वोट शेयर अपने नाम किया था। 2012 में, जब केंद्र में कांग्रेस की सत्ता थी और रायबरेली लोकसभा सीट उसके कब्जे में थी, तब भी विधानसभा में कुछ खास नहीं कर पाई थी। 2012 में रायबरेली की 5 में से 4 सीटें नवोदित पीस पार्टी ऑफ इंडिया ने जीती थीं। हालांकि 2012 के विधानसभा चुनाव में रायबरेली के विधानसभा क्षेत्रों में खराब प्रदर्शन के बावजूद, कांग्रेस ने यूपी में कुल मिलाकर बेहतर प्रदर्शन किया था। 28 सीटें और 11.7 फीसदी वोट अपने नाम किया था। ऐसे में सोनिया गांधी का रायबरेली छोड़ना यह संकेत है कि गांधी परिवार रायबरेली सीट से अपनी जीत को लेकर पूरी तरह आष्वस्त नहीं है। यूपी में कांग्रेस ने गोविंद वल्लभ पंत, संपूणानंद, चंद्रभानु गुप्ता, सुचेता कृपलानी जैसे मुख्यमंत्री दिए हैं। कमलापति त्रिपाठी, हेमवंती नंदन बहुगुणा और नारायण दत्त तिवारी भी प्रभावशाली मुख्यमंत्री रहे। हालांकि 1989 में मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद कांग्रेस का कभी मुख्यमंत्री नहीं रहा। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए लोकसभा चुनाव में राजीव गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस को भारी बहुमत मिला था। उस वक्त 85 सीटों पर लड़ने वाली देश की इस सबसे पुरानी पार्टी को 83 सीटें मिली थीं। 1984 के बाद उत्तर प्रदेश में लगातार कांग्रेस का जनाधार गिरा है। पिछले लोकसभा चुनावों में इसका वोट प्रतिशत सात रह गया है। पिछले तीन दशकों में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाई। वर्तमान में, राहुल और प्रियंका के सामने सबसे बड़ी चुनौती पार्टी को उत्तर प्रदेश में खोई हुई साख वापस लौटाने की है। माना जाता है कि केंद्र का रास्ता यहीं से होकर जाता है। कई जिलों में कोई कमेटी नहीं होने से पार्टी तंत्र खस्ताहाल है। मतदाताओं-कार्यकताओं पर समान रूप से पार्टी की पकड़ ढीली है। पार्टी को पुनर्जीवित करने वाले किसी बड़े चेहरे की कमी भी एक वजहों में से एक है। राजनीति के जानकरों का मानना है कि सोनिया के रायबरेली सीट छोड़ने से यूपी ही नहीं देषभर में यह संदेष गया है कि कांग्रेस अपने गढ़ में ही चुनाव लड़ने का साहस नहीं जुटा पा रही है। जब किसी पार्टी का सर्वोच्च नेता अपने गढ़ से चुनाव लड़ने का साहस न बटोर पा रहा हो तो, बाकी पार्टी नेताओं और कार्यकताओं के मनोबल और उत्साह की क्या ही बात की जाए। स्थिति को भांपते हुए सोनिया गांधी ने रायबरेली वासियों को संदेष भेजने की औपचारिकता निभाई है, लेकिन सीट छोड़ने से जो संदेष गया है, उसकी प्रतिपूर्ति इमोषनल संदेष से नहीं हो सकती। रायबरेली सीट से प्रियंका के चुनाव लड़ने की चर्चा है, लेकिन उनकी राह भी इतनी आसान रहने वाली दिखाई नहीं देती।

स्वतंत्र पत्रकार

## कविता

### महान राष्ट्र की पहचान

परिश्रम और बलिदान।
महान राष्ट्र की पहचान,
युवा उठो जागो
अपने स्वयं को पहचानो,
श्रम शक्ति और लगन,
देश के विकास के लिए
तुम्हें पैदा करनी है अगन।
भारत है युवाओं का देश
अनेक है यहां परिवेश,
हमें आत्मनिर्भर है होना
विकास के योगदानों को
हमें नहीं है किसी तरह है खोना,
सुई से लेकर जहाज तक,
आलू से लेकर चावल दाल तक
हमें उत्पादन है बहुत बढ़ाना,
उठो वीर देश के नौजवानों
सीमा पर अपना सीना तानों,
युवा कंधों पर है तुम्हारे भार
समृद्धि और विकास की
वृद्धि करनी है आर-पार,
देश में हुए राणा प्रताप,शिवाजी सुभाष, नेहरू
और महात्मा गांधी,
तुम्हें ही अपने कामों से बनना है
देश के लिए विकास की बड़ी आंधी,
नव जवानों उठो बढ़ो आगे
तुम्हें देश को ले जाना है
विश्व भर में आगे बहुत आगे

संजीव
---------

# राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद

**संजीव ठाकुर**

**राष्ट्रीय** चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता है' राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है' स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न द्रष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे' वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है' इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है' वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं' आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है' आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं' यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं। किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है।

## विचार

# माँ काली के उपासक थे रामकृष्ण परमहंस

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**19 वीं शताब्दी** में धार्मिक क्षेत्र में श्री रामकृष्ण परमहंस सबसे उंचे स्थान पर विराजमान थे। वह एक रहस्यमयी और महान योगी पुरुष थे जिन्होंने काफी सरल शब्दों में अध्यात्मिक बातो को सामान्य लोगो के सामने रखा। जिस समय हिन्दू धर्म बड़े संकट में फंसा हुआ था उस समय श्री रामकृष्ण परमहंस ने हिन्दू धर्म में एक नयी उम्मीद जगाई। श्रीरामकृष्ण परमहंस के पास में अद्भुत शक्तिया थी। कहा जाता है की श्री रामकृष्ण परमहंस भगवान विष्णु के अवतार थे। उन्होंने सभी धर्मो को एक बताते हुए उनकी एकता पर जोर दिया था। उनका मानना था सभी धर्मो का आधार प्रेम हैं। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। इनका जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी- देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हे कंठस्थ याद हो गई थी। 1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की परम्परा थी कि नवदिक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करे। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था। अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध के बावजूद इन्होने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस लुहारिन से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नही थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है। रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हे अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा। 1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष मे पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रुप में आराधना की। यही शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं।

रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी जिन्होने उन्हे अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्व मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभुति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हे कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये। रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था। तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। उनको अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# प्रवासी जानवरों और पक्षियों पर क्यों मंडरा रहा है खतरा

**जानवरों और** पक्षियों का प्रवासन प्रकृति के अद्भुत आश्चर्यों में से एक है. अब इन खानाबदोश जीवों पर खतरा बढ़ता जा रहा है. लेकिन जानवर माइग्रेशन करते क्यों हैं और हम उनकी सुरक्षा कैसे कर सकते हैं? सदियों से सर्दी के मौसम में पक्षियों का गायब होना यूरोप के लोगों के लिए एक बड़ा रहस्य था. कुछ लोग सोचते थे कि ये पक्षी पानी के भीतर शीतनिद्रा में चले जाते हैं, तो कुछ मानते थे कि वे अन्य प्रजातियों में बदल जाते हैं। कुछ तो यह भी मानते थे कि वे चंद्रमा पर चले जाते हैं. 1800 के दशक तक पशुओं के प्रवासन के प्रमाण सामने आने लगे. 1822 में एक चर्चित घटना सामने आई. जर्मन शिकारियों ने एक सफेद सारस को मार गिराया. इस सारस के गले में करीब 75 सेंटीमीटर लंबा अफ्रीकी लकड़ी का भाला फंसा हुआ था. इससे पता चला कि उस सारस ने दो अलग-अलग महाद्वीपों के बीच यात्रा की थी. इस सारस के संरक्षित अवशेष अभी भी जर्मनी के रॉस्टॉक विश्वविद्यालय में प्रदर्शनी के तौर पर रखे हुए हैं. हालांकि, अब हमें पता है कि सर्दियों में कड़ाके की ठंड से बचने, प्रचुर मात्रा में भोजन खोजने और रहने की बेहतर जगह तलाशने के लिए पक्षी धरती पर लंबी यात्राएं करते हैं. हर साल सर्दियों के मौसम में सफेद सारस जैसे पक्षी दक्षिण की ओर 10,000 किलोमीटर से ज्यादा लंबा सफर करते हैं, ताकि वे वसंत के मौसम में अपनी जगह पर समय से वापस लौट सकें. बार-हेडेड हंस, जिसे ह्यबिर्वा' भी कहा जाता है, जैसे कुछ पक्षी अपने प्रवास के दौरान हिमालय के ऊपर ऊंची उड़ान भरते हैं. जबकि आर्कटिक टर्न पूरे साल गर्मी का आनंद लेने के लिए एक ध्रुव से दूसरे ध्रुव तक यात्रा करते हैं. आर्कटिक टर्न एक छोटा, पतला समुद्री पक्षी है जो लैरिडे परिवार से संबंधित है. ये हर साल आर्कटिक में अपने प्रजनन क्षेत्रों से लेकर अंटार्कटिक तक जाते हैं और वापस आते हैं. इस दौरान वे करीब 40,000 किलोमीटर तक की दूरी तय करते हैं. सिर्फ पक्षी ही नहीं, बल्कि मछलियां, स्तनधारी जीव, कीड़े और सरीसृप की सभी प्रजातियां भी लंबी दूरी तक यात्रा करती हैं. बहामास के निकट अपने प्रजनन स्थल तक पहुंचने के लिए यूरोपीय ईल दो वर्षों में लगभग 10,000 किलोमीटर की यात्रा कर सकती है।

# भागो भागो नेता आ रहे हैं...

**डॉ. सुरेश कुमार**

**जलते हैं** तो जलने दो दिल ही तो है झोपड़ी थोड़ी न है। चुनाव के दिनों में दिल से ज्यादा घांस फूस की झोपड़ी मायने रखती है। दिल के टूट जाने पर उसे फिर से जोड़ा जा सकता है लेकिन झोपड़ी के जल जाने पर नेता किसके घर जाकर रोटी के टुकड़े तोड़ेंगे। झोपड़ियाँ होती ही हैं ऐसे दिनों के लिए। चुनावी दिनों में झोपड़ियों में गरीबों के घर पर भोजन करना पंच सितारा होटल से भी ज्यादा सुखद होता है। पंच सितारा होटल में पेट को स्वादिष्ट भोजन मिले न मिले गरीबों के घर में खाने के साथ-साथ वोट भी मिलते हैं।

साढ़े चार साल तक पेट पर लात खाने वाले अचानक से अगले दिन भगवान हो जाते हैं। गरीबों के चरणों में नेताओं को सत्ता का ब्रह्मांड दिखाई देने लगता। उनके चरणों में खुद को नतमस्तक कर देते हैं। बित्ते भर की जबान सैकड़ों मीटर। की हो जाती है। शरीर में गरीब को पहचानने के सेंसर उग आते हैं। इसी सेंसर से गरीबों के नेटवर्क को छूने और उनके तलवे चाटना इन दिनों अपने चरम होता है। द्वापर के श्री कृष्ण कलियुगी नेता की तुलना में बड़े ही फिसड्डी थे। कोई भला गरीब को अपने घर बुलाकर अपना राजमहल थोड़े न गंदा करता है। ऊपर से बिन मांगे मांगों की पूर्ति करने की चुहल अलग। आज के नेता असंख्य श्रीकृष्ण को चुनावी स्टंट में वोटो का फंडा सिखाने का माद्दा रखते हैं। चुनाव तो सरकारी कामकाज के बोंसाई को महावृक्ष बताने का दूसरा नाम है। साढ़े चार साल तक न दिखाई देने वाले गरीब अचानक से कुकुरमुतो से उग आते हैं। गूगल तो वही खोज सकता है, जो है। नेता तो वो भी खोज निकालते हैं, जो नहीं है। गरीबों की जियो टैगिंग केवल नेता ही कर सकते हैं। साढ़े चार साल नेताओं की नौटंकी चुनावी दिनों में ऑस्कर जिताऊ अभिनय को मात देती है। महाप्रभु विष्णु ने बेकार के अधर्म नाश के लिए दशावतार धारण किया था, चुनावी नेता तो असंख्य अवतारों की झड़ी लगाकर पावन माधुशाला की धारा बहा देते हैं। रुपए पैसों के कल्पवृक्ष उगा देते हैं।

चुनावी समय में नेताओं से ज्यादा पवित्र प्राणी पूरी दुनिया में कोई और हो ही नहीं सकता। जहाँ आप और मैं दिन-रात इस जुगाड़ में लगे हैं कि जैसे-तैसे कुछ खाने-पीने को मिल जाए, वहीं नेता जनता की सेवा के लिए मरे जा रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### कूरियर कंपनी के अंदर घुसकर पिस्तौल के बल पर लाखों रुपये की राशि लूटी

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत के बहालगढ़ रोड पर सेक्टर-12 में स्थित कूरियर कंपनी के कार्यालय में घुसकर अकाउंटेंट को पिस्तौल दिखा काबू करने के बाद पिटाई कर दो बदमाश 5.17 लाख रुपये की नकदी लूट ले गए। बदमाशों ने महज 32 सेकेंड में वारदात को अंजाम दिया। दोनों बदमाश सिर पर हेलमेट पहनकर आए थे। जिससे उनका चेहरा दिखाई नहीं दिया। पूरी घटना कार्यालय में लगे सीसीटीवी में दिखाई दे रही है। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। बहालगढ़ रोड पर डिलीवरी एंड कूरियर के नाम से कार्यालय है। कार्यालय में मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के रामपुर मनिहार कस्बा फिलहाल सेक्टर-12 निवासी रितिक अकाउंटेंट का काम देखता है। रितिक रोजाना सुबह पांच बजे कार्यालय को खोलता है। वह शुक्रवार सुबह भी कार्यालय में पहुंचा था। कार्यालय खोलने के कुछ समय बाद दो युवक कार्यालय में घुस आए। रितिक ने बताया कि युवकों ने सिर पर हेलमेट लगा रखा था। दोनों ने अंदर आते ही रितिक पर पिस्तौल तान दी। उसके बाद उनकी पिटाई की। उन्होंने कार्यालय में रखी तिजोरी में कोड भरवाकर उसे खुलवा लिया। उसके बाद वह 5.17 लाख रुपये की नकदी लूटकर निकल गए। युवक बाहर खड़ी बाइक पर सवार होकर भाग निकले। रितिक ने मामले की जानकारी अधिकारियों व पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची सेक्टर-27 थाना प्रभारी जय भगवान व सीआईए की टीम मौके पर पहुंची जांच की। पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले हैं। पुलिस मामले की जांच में लगी है। युवक रितिक पहले यहां डिलीवरी ब्वॉय था और अब कार्यालय में बैठता है। कूरियर कंपनी के कार्यालय में लूट की सूचना मिली थी। जिसमें गहनता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज भी मिली है। जिसे कब्जे में लिया गया है। जल्द बदमाशों का पता लगाकर गिरफ्तार किया जाएगा। मामले में किसी जानकार की भूमिका हो सकती है। हर पहलू पर जांच कर रहे हैं।

### बिजली आपूर्ति लाईन की 560 मीटर बिजली की तार चोरी, विभाग को हजारों का नुकसान

**गन्नौर।** क्षेत्र में बिजली की तार चोरी करने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। चोर बिजली आपूर्ति की लाईन से बिजली की तार को काटकर बिजली विभाग को हजारों रुपएं का नुकसान पहुंचा रहे है। जी टी रोड पर प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के पीछे 63 केवी बिजली आपूर्ति लाईन के दो स्पेम करीब 560 मीटर बिजली की तार चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत बिजली विभाग के एएफएम ने पुलिस को दी। शिकायत में पुलिस ने बताया कि तार चोरी होने से बिजली विभाग को करीब 37 हजार रुपएं का नुकसान हुआ है। पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का मामला दर्जकर चोरो की तलाश शुरू कर दी।

### राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, नालसर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, और जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल ने जीता लॉ मूट कोर्ट कंपटीशन

**मोहाली:** राजीव गांधी नेशनल युनिवर्सिटी ऑफ लॉ, पटियाला, नालसर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद और जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल, सोनीपत की टीमों ने 15वी लिडेन सरीन इंटरनेशनल ऐयर लॉ मूट कोर्ट कंपटीशन जीत लिया है। शनिवार को आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में आयोजित इस नेशनल लेवल के कंपटीशन में बाजी मारी। इस कंपटीशन में देश भर से नैशनल लॉ यूनिवर्सिटियों की 12 टीमों ने भाग लिया था। नेशनल राउड के बाद तीनों विजेता टीमों को 18 से 20 अप्रैल 2024 को मैक्सिको सिटी में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल मूट कोर्ट कंपटीशन में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। फाइनल में भारत का ग्रीस, यूएसऐ, जर्मनी, फ्रांस, इंडोनेशिया, तुर्की, सिंगापुर, नीदरलैंड्स, साउथ कोरिया, हांग कांग, स्पेन, चीन आदि देशों के लॉ स्टूडेंट्स से सामना होगा।



इससे पूर्व सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय करोल ने पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस जीएस संधावालिया और सरीन मेमोरियल लीगल एड फाउंडेशन के महासचिव एमएल सरीन की मौजूदगी में इस कंपटीशन का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र में जस्टिस करोल ने ऐसे आयोजनों की सार्थकता पर अपने विचार व्यक्त करते हुये कि देश भर से जुटे प्रतिभागियों के लिये यह तल उत्कृष्ट एक्सपोजर प्रदान करेगा। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि प्रत्येक प्रोफेशनल को अपने कार्यक्षेत्र के साथ साथ समाज के उत्थान के लिये भी अपने जिम्मेदारी व्यक्त करनी होगी।

# मेयर की अध्यक्षता में निगम सोनीपत की वर्ष 2024-2025 बजट की बैठक हुई

## वित वर्ष 2024-2025 के लिए 550 करोड़ का बजट सदन की सर्वसम्मति से हुआ पास

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत :** नगर निगम सोनीपत के सदन की बजट बैठक शनिवार को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के डी आर डी ए हॉल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मेयर निखिल मदान ने बताया कि वर्ष 2024-2025 के लिए नगर निगम का 550 करोड़ ? का वार्षिक बजट पास किया गया है। जो पिछले वित्त वर्ष के 516 करोड़ रु के बजट के मुकाबले 34 करोड़ रु बढ़ाया गया है। वार्षिक बजट में सड़कों और गलियों को पक्का करने के लिए जहाँ 120 करोड़ रुपए की धनराशि का प्रावधान किया गया है वहीं सीवरेज और पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए 47 करोड़ रूपए की धनराशि आवंटित की गई है। इसके अलावा विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त तौर पर 34 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है।



पार्कों के रख रखाव और निर्माण के लिए 26 करोड़ रु और सी सी टी वी,स्ट्रीट लाइट्स ,ट्रैफिक लाइट्स लगाने के लिए 28 करोड़ रु का बजट रखा गया है। निगम क्षेत्र में प्रवेश द्वारों के सौंदर्यीकरण हेतु 10 करोड़ रु,गांवों में तालाबों के सफाई और सौंदर्यीकरण के लिए 10 करोड़ रु का बजट रखा गया है। निगम की संभावित आय में 40 करोड़ रूपए प्रॉपर्टी टैक्स से जुटाने का लक्ष्य रखा गया है,साथ ही स्टांप ड्यूटी से भी 40 करोड़ रूपए की आय जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं बिजली विभाग पर निगम कर (म्युनिसिपल टैक्स) के तौर पर 14 करोड़ रूपए की आय होने का अनुमान है।

अग्निशमन कर (फायर टैक्स )के जरिए 2 करोड़ रूपए, निगम की संपत्तियों को किराए पर देकर लगभग 2 करोड़ 40 लाख रुपए की आय जुटाने का प्रस्ताव रखा गया है। निगम द्वारा पानी और सीवरेज के शुल्क के तौर पर 5 करोड़ रुपए और विकास शुल्क ( डेवलपमेंट चार्ज) से 20 करोड़ रुपए की आय जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। निगम क्षेत्र में विज्ञापन शुल्क से 4 करोड़ रुपए की आय होने का लक्ष्य रखा गया है।

इसके अतिरिक नगर निगम के बचत खातों से ब्याज के तौर पर 3 करोड़ रूपए की आय ,वहीं फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज के तौर पर 12 करोड़ रूपए की आय होने का लक्ष्य रखा गया है। ई एम डी सिक्योरिटी डिपॉजिट के तौर पर 10 करोड़ रूपए और अन्य आय के स्त्रोत से 45 करोड़ रुपए की आय का अनुमान लगाया गया है।सरकारी ग्रांट के तौर पर सी एफ सी (केंद्र सरकार)के 18 करोड़ रुपए और राज्य सरकार द्वारा (एस एफ सी) के तौर पर 77 करोड़ की ग्रांट का प्रावधान आय में किया गया है।

## सोनीपत चीनी मिल में एक और चीनी के घोटाले की सुगबुगाहट

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत** के चीनी मिल परिसर में बने गोदाम में बिना रिकार्ड के लाखों रुपये कीमत चीनी के भंडारण के गड़बड़ झाले का खुलासा उजागर हुआ है। जानकारी मिली है कि उक्त चीनी के कट्टों को मिल प्रबंधन के पास तैयार होने व उसे स्टॉक में रखने का कोई रिकार्ड नहीं मिला है। ऐसे में इस लाखों रुपये कीमत की चीनी को किस तरह से गोदाम में रखा गया इसका खुलासा नहीं हो पाया है। गोदाम में मिले चीनी के बैग वर्ष 2022-23 पेराई सत्र के दौरान करखाने में तैयार किए गए है। चीनी मिल के एमडी के नेतृत्व में टीम का गठन कर मामले की जांच में गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। एमडी की तरफ से जिला उपायुक्त व उच्च उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया है। बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल में गड़बड़ी तो पहले भी होती रही है। लेकिन इस स्तर के मामले सामने नहीं आते थे। आपसी विवाद और मिल के पेराई सत्र को चलाने को लेकर अधिकारियों में तालमेल की कमी देखने को मिलती थी। गत पेराई सत्र व मौजूदा पेराई सत्र के दौरान कारखाने को चलाने के लिए टेंडर प्रक्रिया को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगे थे। जिला प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मामलों को किसी न किसी तरह से निपटा दिया गया था। हाल में चीनी मिल फिर से सुर्खियों में आ गया है। चीनी मिल परिसर के अंदर बने गोदाम में लाखों रुपये कीमत की चीनी का कोई वारिस रिकार्ड में नहीं होना बताया जा रहा है। उक्त चीनी को कारखाने में तैयार करके गोदाम तक जरूर पहुंचा दिया गया, लेकिन रिकार्ड में उक्त चीनी के 972 बैग नहीं मिले है। जिसके बाद से चीनी मिल के अधिकारियों में खलबली मच गई है। एमडी ने अपने स्तर पर टीम का गठन कर जांच करवाई तो मामले का खुलासा हुआ है। पहले भी चीनी का घोटाला आया था सामने, हो चुका है मुकदमा दर्ज-

### दो-पहिया वाहन चोर को किया गिरफ्तार

**सोनीपत: राई** थाना पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हरीश निवासी खेड़ी मनाजात का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मेरठ हाल में जठेड़ी निवासी गौरव ने गत 8 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह उठकर देखा तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी को मिला देवर्षि सम्मान

### गुजरात पोरबंदर में आयोजित 28 वें सांदीपनि गौरव अवार्ड समारोह में रमेश भाई ओझा व अन्य संतों की मौजूदगी में मिला सम्मान

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
देशभर में गौ संरक्षण, संस्कृत भाषा का प्रचार प्रसार, कन्या शिक्षा, योग, भारतीय संस्कृति एवं संस्कार, विज्ञान, स्वास्थ्य, आध्यात्म इत्यादि क्षेत्रों में संस्थाओं का संचालन कर रहे श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी को गुजरात पोरबंदर में श्री हरि मंदिर पाटोत्सव 2024 के अवसर पर 28 वें सांदीपनि गौरव अवार्ड समारोह के अवसर पर सम्मानित किया गया। श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी को विश्व विख्यात कथावाचक एवं धर्मगुरु



परम पूज्य भाई श्री रमेश भाई ओझा के साथ देश महान संत महापुरुषों की उपस्थिति में देवर्षि अवार्ड से सम्मानित किया गया। सिंगला ने बताया कि रमेश भाई ओझा के मार्गदर्शन में गुजरात पोरबंदर में सांदीपनि विद्या निकेतन के सांदीपनि सभागृह में तीन दिवसीय 28 वां सांदीपनि गौरव अवार्ड समारोह आयोजित किया गया था। परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी को देवर्षि सम्मान मिलने पर देशभर की श्री जयराम संस्थाओं में खुशी की लहर है वहीं उत्तर भारत सहित देश के महान संतों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। जयराम संस्थाओं के ट्रस्टी के.के. कौशिक, राजेंद्र सिंघल, श्रवण गुप्ता, ईश्वर गुप्ता, कुलवंत सैनी, खरैती लाल सिंगला, पवन गर्ग, सुरेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, राजेश सिंगला, डा. नरेंद्र पाल सिंह गुप्ता, श्री जयराम शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष टी.के. शर्मा, निदेशक एस.एन. गुप्ता इत्यादि ने भी बधाई दी है।

### रुपयों के लेनेदेन के चलते फाइनेंसर को मारी गोली

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के गीता भवन चौक पर स्थित मकान के अंदर फाइनेंसर को गोली मारकर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। जानकारी मिली है कि रुपयों के लेनदेने के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। गोली लगने पर घायल हुए युवक को महिला मित्र अस्पताल में लेकर पहुंची। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर एसीपी नरसिंह व उनकी टीम पहुंची। जहां घायल के बयान दर्ज किए गए है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
विकाश नगर निवासी मंदीप ने बताया कि वह फाइनेंसर का काम करता है। शुक्रवार को वह अपनी महिला दोस्त के पास उसके घर गीता भवन चौक पर गया था। उसी दौरान गांव जसौर खेड़ी निवासी मनीष भी आ गया। मंदीप ने बताया कि उसका मनीष के साथ रुपयों का लेनदेन है। उसने तीन लाख रुपये उसे उधार दिए थे। बार-बार मांगने पर मनीष रुपये वापिस नहीं दे रहा है। उसका फोन तक उसने उठाना बंद कर दिया। मनीष के साथ पैसों के लेन देन की बात की तो उसने गुस्से में आकर उस पर गोली चला दी। गोली उसके पैर में लगी। वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। जबकि आरोपित मौके से फरार हो गया। उसकी महिला द्रोस्त उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंची। जहां उसका उपचार करवाया।

## महाशिवरात्रि उत्सव की तैयारियां तेज

**पानीपत/कमाल हुसैन**
महाशिवरात्रि उत्सव की तैयारियों व आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित करने के लिए श्री कैलाशी सेवा समिति की बैठक आज देवी मंदिर में प्रधान अशोक कैलाशी के अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रधान अशोक कैलाशी ने बताया कि 32वें महाशिवरात्रि उत्सव को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिसमें 14 फरवरी बसंत पंचमी के उत्सव पर भगवान भोलेनाथ की विवाह की मेहंदी उत्सव का वितरण किया गया था। जिसमें संगीतय कार्यक्रम का आयोजन ललित विशिष्ट ने किया।



उन्होंने बताया की 7 मार्च को महिला संगीत उत्सव होगा। जिसमें भगवान शिव के विवाह से पूर्व मेहंदी और महिला संगीत का आयोजन किया जाएगा। जबकि 8 मार्च को भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर से राजा महाकाल की पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी जोकि नगर भ्रमण करते हुए श्री राम चौक पहुंचेगी। जहां भगवान शिव का सहस्त्रनाम द्वारा पुष्पाभिषेक किया जाएगा एवं रात्रि काल में रूद्राभिषेक होगा। इस अवसर पर संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन होगा तथा 20 मार्च को रंगभरी एकादशी का उत्सव मनाया जाएगा।

## कंपनी से सामान चोरी करने की वारदात में शामिल दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राई** थाना पुलिस ने कंपनी से सामान चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रकाश व कृष्ण निवासी कोटपुतली, राजस्थान के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। जीरकपुर पंजाब निवासी कर्ण ने गत 2 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह कंपनी में तैनात है। गत 30 जनवरी को उनके गोदाम से कच्चा माल गाड़ी में आया था। जिसमें 403 कट्टे थे। जिनका प्रत्येक का वजन 50 किलो व दूसरी गाड़ी में 400 कट्टे लो होकर आया था। जिसमें से 65 कट्टे दाल गायब मिले। सीसीटीवी की जांच में मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## इग्नू के पाठ्यक्रमों में दाखिले की अंतिम तिथि 29 फरवरी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की भारतीय एवं वैश्विक स्तर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहा है। पत्रकारिता एवं जनसंचार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। नई-नई तकनीकों के कारण पत्रकारिता के नये-नये प्लेटफॉर्म बन गए हैं इसलिए वर्तमान परिपेक्ष के अनुरूप पत्रकारिता एवं जनसंचार को समझने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में रोजगार मूलक शिक्षा के क्षेत्र में पत्रकारिता एवं जनसंचार का भी काफी महत्वपूर्ण स्थान है। पत्रकारिता, जनसंचार एवं



डिजिटल मीडिया से डिग्री लेने के बाद सरकारी और निजी दोनों ही क्षेत्रों में अपना भविष्य बना सकते है और इतना ही नहीं अपना कोई मीडिया प्लेटफार्म भी शुरू किया जा सकता है।उन्होंने बताया की इग्नू द्वारा जनसंचार, पत्रकारिता एवं डिजिटल मीडिया पाठ्यक्रमों को सैधांतिक व रोजगारपरक दृष्टि से संतुलित बनाया गया है। विद्यार्थी पत्रकार के तौर पर, कंटेंट राइटर, फिल्मी उद्योग, जनसंपर्क कर्मी, राजनीतिक विशेषज्ञ, विजुअल एडिटर, विज्ञापन, इलेक्ट्रॉनिक आदि क्षेत्रों में अपना भविष्य चुन सकते है इग्नू द्वारा वर्तमान में इग्नू द्वारा पत्रकारिता एवं जनसंचार में मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमएजेएमसी), पत्रकारिता और डिजिटल मीडिया में एमए (एमएजेडीएम), पत्रकारिता और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में एमए (एमएजेईएम), विकास पत्रकारिता में एमए (एमएडीजे), विकास संचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीडीसी), इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीईएमई)।

### चिकित्सक के आवास से मोबाइल फोन व सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: नागरिक** अस्पताल में तैनात महिला चिकित्सक के आवास से मोबाइल फोन सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। चिकित्सक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। अस्पताल परिसर क्वार्टर नंबर-बी3 निवासी डा. मेघा ने बताया कि वह अस्पताल में मेडिकल अधिकारी के तौर पर कार्यरत है। गत 15 फरवरी को वह अपने क्वार्टर पर मौजूद थी। रात करीब 9 बजे के आसपास वह सो गई।

## एसटीसी कुरुक्षेत्र की टीम ने जीता सिल्वर मेडल

### हॉकी टीम का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर किया जोरदार स्वागत, साई प्रभारी एडी बाबू राम रावल ने किया टीम को सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र शाखा की हॉकी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया इंटर साई हॉकी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीत लिया है। इस टीम का कुरुक्षेत्र साई सेंटर में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस टीम के प्रशिक्षक चीफ कोच सुदेश शर्मा व हॉकी प्रशिक्षक नरेन्द्र ठाकुर सहित टीम के सभी सदस्यों को टीम के शानदार प्रदर्शन पर साई की उप महानिदेशक ललिता शर्मा व साई प्रभारी एडी बाबू राम रावल ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।
शनिवार को साई हॉकी टीम कुरुक्षेत्र



साई सेंटर में पहुंची। यहां पहुंचने पर साई की तरफ से एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया और एडी बाबू राम रावल ने टीम के सभी सदस्यों व प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर साई प्रशिक्षक कुलदीप सिंह वड़ैच, राजविन्द्र कौर, सत्य नारायण, राहुल सांगवान के साथ-साथ हॉकी के सेवानिवृत चीफ कोच गुरविन्द्र सिंह ने भी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी है। हॉकी प्रशिक्षक नरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि साई की तरफ से 11 से 15 फरवरी 2024 तक एनएसएससी बैंगलोर में आल इंडिया इंटर साई हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र के खिलाडियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और सिल्वर पदक हासिल किया।

**प्रतियोगिता**

**8 11 से 15 2024 तक एनएसएससी बैंगलोर में आल इंडिया इंटर साई हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया**

## 108 सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में नेहा ने मारी बाजी

### हर घर परिवार - सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में सुखबीर सिंह का परिवार प्रथम

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
हरियाणा योग आयोग पंचकूला द्वारा आयोग के ऊर्जावान एवं संकल्पित चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य की प्रेरणा से दिनांक 1 से 20 फरवरी 2024 तक आयोजित हर घर परिवार - सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत आयुष विभाग, कुरुक्षेत्र द्वारा जिला उपायुक्त माननीय शांतनु शर्मा, आईएएस के संरक्षण में जिला प्रशासन के सहयोग, महानिदेशक, आयुष विभाग, हरियाणा के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ सुदेश जाटियान के कुशल मार्गदर्शन में जिला की विभिन्न योग संस्थाओं के सहयोग से आम जन को हरियाणा योग आयोग के इस सूर्य नमस्कार अभियान से जोड़ने के लिए



विशेष प्रयास किये जा रहे हैं । विभाग का हर अधिकारी व कर्मचारी इस अभियान को सफल बनाने के लिए भरसक प्रयास कर रहा है । जहां सभी आयुष योग सहायक व्यायाम शालाओं में लोगों को इस अभियान से जोड़कर सूर्य नमस्कार अभ्यास करवा रहे हैं वहीं आयुष विभाग शिक्षा, खेलकूद, पुलिस व अन्य विभागों तथा विभिन्न योग व अन्य संस्थाओं को इस अभियान से जुड़ने के लिए विशेष रूप से प्रेषित कर रहा है । इसी कड़ी में आयुष विभाग द्वारा सूर्य नमस्कार की दो प्रतियोगिताएं द्रोणाचार्य स्टेडियम स्थित योग भवन में आयोजित करवाई गईं । विभाग के योग कोऑर्डिनेटर डॉ राज कपूर, हरियाणा योग आयोग द्वारा प्रस्तावित जिला योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रचार समिति के सचिव एवं भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर, योगासन खेल संघ कुरुक्षेत्र के प्रधान राजेंद्र भारद्वाज, खेल विभाग की एथलैटिक कोच सुमन तथा शिक्षा विभाग के पीटीआई श्याम सुंदर ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया । जिला योग विशेषज्ञ मनजीत ढुल ने बड़े अच्छे ढंग से प्रतियोगिता का संचालन किया । डॉ राज कपूर, मनजीत ढुल, राजेंद्र भारद्वाज, सुमन एवं श्याम सुंदर ने निर्णायक समिति के सदस्यों की भूमिका निभाई।
लगातार 108 बार सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की छात्रा नेहा ने प्रथम, नीतू कुमारी ने द्वितीय तथा दीपक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरी प्रतियोगिता हर घर परिवार - सूर्य नमस्कार में सेक्टर 7 निवासी सुखबीर के परिवार ने प्रथम, गांव घराड़सी के विकास कुमार के परिवार ने द्वितीय तथा आजाद नगर निवासी शिव शर्मा के परिवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**योगाभ्यास**

**8 आम जन को हरियाणा योग आयोग के इस सूर्य नमस्कार अभियान से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे**

## सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने सफाई कर्मचारियों को डाबर गिफ्ट पैक देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)** स्वच्छ भारत स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी व कर्मचारी मौजूद रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य रुचिका बंसल व अग्रवाल पंचायत सभा कुरुक्षेत्र के कोषाध्यक्ष कपिल मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कपिल मित्तल ने बताया कि नशा एक बुराई है। आज युवा वर्ग शराब के साथ सूखे नशे यानी स्मैक, चरस व नशीले ड्रग्स के



चंगुल में फंस रहा है। नशा हर रूप में स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह है। सेवा ट्रस्ट से योगेश गर्ग व विजय गर्ग ने बताया कि नशे के सेवन से पढ़ाई, कमाई के नुकसान के साथ परिवार में कलह भी होता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की अपील की । सेवा ट्रस्ट यूके (भारत)के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि ट्रस्ट समय-समय पर खिलाड़ियों, जरूरतमंद बच्चों ,करोना वैरीयस एवं अनाथालय वृद्धाश्रम एवं अन्य जरूरतमंद स्थानों पर इम्यूनिटी बूस्टर किट देकर के समाज में एक सराहनीय कदम उठा रही है।

# सार्वजनिक रास्तों को दबंगों ने किया बंद, दो वर्ष में कई बार दी शिकायत

### आधा दर्जन से अधिक गांवों के लिए परेशानी खड़ी हो गई है।





बंद किए गए सार्वजनिक रास्ते, 4 टेलीफोन एक्सचेंज वाले रास्ते की खस्ता हाल

**परेशानी**

8 हालत खस्ता होने व अतिक्रमण के चलते आधा दर्जन से अधिक गांवों के लिए परेशानी खड़ी हो गई है

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिह )**
पिछले दो वर्षों में कई बार नगरपालिका को शिकायत देने के बावजूद आज तक पुरानी गुड़मंडी के दोनों गेट को अपनी दबंगई दिखाते हुए बंद करने वालों के खिलाफ कोई कारवाई नहीं की गई। हालत ये हैं कि उक्त दोनों रास्ते बंद होने और पुरानी टेलीफोन एक्सचेंज रोड की हालत खस्ता होने व अतिक्रमण के चलते आधा दर्जन से अधिक गांवों के लिए परेशानी खड़ी हो गई है।
उल्लेखनीय है कि पुरानी गुड़मंडी में पुरानी टेलीफोन एक्सचेंज रोड की तरफ दो सार्वजनिक रास्ते हैं और उन पर दो बड़े गेट हैं। इन्हीं रास्तों से मनाना गांव, नारायणा, ढोढपुर सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोगों की आवाजाही होती है। क्योंकि पुरानी टेलीफोन एक्सचेंज रोड की खस्ता हालत व उस अवैध अतिक्रमण होने के कारण लोग पुरानी गुड़मंत्री वाले रास्ते का ही ज्यादा प्रयोग करते हैं। लेकिन एक गेट को वहां रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी दबंगई दिखाते हुए करीब दो वर्ष से अधिक समय से शाम करीब साढ़े सात से आठ बजे की बीच बंद कर देता हैं वहीं इसी की देखा देखी दूसरे गेट को भी साथ रहने वाले लोग भी बंद करने लगे हैं। दोनों गेट बंद होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोनों रास्ते बंद होने और पुरानी टेलीफोन एक्सचेंज रोड की टूटी फूटी अतिक्रमण से बाधित सडक से लोगों को मजबूरी में गुजरना पड़ता है। साथ ही अतिक्रमण के कारण वहां पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसको लेकर नगरपालिका को कई बार शिकायत देने के बावजूद भी कोई कारवाई नहीं की गई। अधिकारियों को कहने पर वो आश्वासन देकर टाल देते हैं।
लोगों का कहना है कि इसको लेकर जल्द ही वो सीएम विंडो में शिकायत देने के साथ ही सांसद से मिलकर दोनों गेट खुलवाने और शिकायत पर कदम नहीं उठाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कारवाई करने की मांग करेंगे।

# नहर में डूब रहे युवक को चौकी इंचार्ज ने सुरक्षित बाहर निकाला

### संतुलन बिगड़ने की वजह से एक कार खुबडू झाल होकर गुजर रही पश्चिमी यमुना लिंक नहर में जा गिरी



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** संतुलन बिगड़ने की वजह से एक कार खुबडू झाल होकर गुजर रही पश्चिमी यमुना लिंक नहर में जा गिरी। जानकारी मिलते ही खुबडू झाल पुलिस चौकी इंचार्ज पीएसआई संदीप कुमार मौके पर पहुंचे और नहर में छलांग लगा कर युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्राप्त जानकारी अनुसार गोहाना के चिड़ाना गांव का रहने वाला रितेश शुक्रवार की रात अपनी कार से सोनीपत से वापिस अपने गांव लौट रहा था। जब वह खुबडू झाल के निकट पहुंचा तो उसकी कार का अचानक संतुलन बिगड़ गया। जिस वजह से उसकी कार सड़क साथ लगती पश्चिमी यमुना लिंक नहर में जा गिरी। वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद खुबडू झाल पुलिस चौकी इंचार्ज पीएसआई संदीप कुमार मौके पर पहुंचे और तुरंत नहर में छलांग लगा कर कार में फसे रितेश को रस्सी की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया और उसे उपचार के लिए खानपुर मेडिकल भर्ती करवाया दिया, जहां वह पूरी तरह से स्वस्थ है। शुक्रवार को पुलिस ने नहर में डूबी कार को भी क्रेन की मदद से बाहर निकलवा लिया।

**चौकी इन्चार्ज की बहादुरी की लोगों ने की सराहना**

-चौकी इन्चार्ज द्वारा नहर में छल्लांग लगाकर कार के फंसे युवक को सुरक्षित बाहर निकालने पर सरपंच प्रतिनिधि सीमा रानी, गामड़ा गांव के सरपंच गु रमैल, देवेन्द्र सरोहा बली कुतुबपुर सरपंच, तेवड़ी के सरपंच प्रतिनिधि संदीप, सुशील मास्टर, विकास दुभेटा, सोमदत प्रधान पुगथला, नयाबांस से प्रदीप आदि ने सरहना की।

**देवदूत**

8 पीएसआई संदीप मौके पर पहुंचे और नहर में छलांग लगा कर कार में फसे रितेश को रस्सी की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया

# शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूराः कादियान



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** किशनपुरा स्थित प्रयास जूनियर विंग स्कूल में शनिवार को 18 वां वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान, विशिष्ट अतिथि डा. जोगेंद्र धनखड़ व मंजू धनखड़, डा. संजय जैन, कष्ट निवारण समिति सदस्य योगेश कौशिक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम का आरंभ रामायण व हनुमान चालिसा के साथ हुआ। इसके साथ ही बच्चों ने हरियाणवी, राजस्थानी, पंजाबी व देशभक्ति गानों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों से जमकर तालियां बटोरी। अभिभावकों ने अपने बच्चों को मंच पर प्रदर्शन देख खुशी से चेहरे खिलखिला उठे। मुख्यातिथि कादियान ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है, इसलिए हर अभिभावक को चाहिए कि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे किताबी ज्ञान के साथ समाज के प्रति अपने दायित्वों का भी ज्ञान लें ताकि हमारी संस्कृति का पालन कर सके। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल चेयरमैन सुरेश बत्रा, प्रबंधक अमित बत्रा व संचालिका रूचिका बत्रा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जा रहा जागरूकः राजपाल पांचाल

**प्रस्तुत किया**

8 कलाकारों ने स्वच्छ भारत तथा जल बचाओ पर आधारित नाटक और गीत प्रतिभागियों के सामने प्रस्तुत किये



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**भारतीय** संसाधन एवं विकास संघ इरादा के तत्वधान में राष्ट्रीय विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, के सौजन्य से अम्बाला जिले के विभिन्न गांवों में सवेरा (लोक कला के माध्यम से विज्ञान का प्रसार) कार्यक्रम चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम को लेकर इरादा की टीम अम्बाला जिले के सिरसगढ़, दुलयानी टगेल में पहुंची। उनकी टीम के कलाकारों ने वहां पर स्वच्छ भारत तथा जल बचाओ पर आधारित नाटक और गीत प्रतिभागियों के सामने प्रस्तुत किये। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से टीम ने वैज्ञानिक चेतना का प्रसार किया। जिसके उपरांत लोगो को स्वच्छता और पानी बचाने को लेकर शपथ दिलाई गई। संस्था के सचिव ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन-जन तक विज्ञान का लोकप्रिय करण करना है जिससे लोग जागरूक होंगे। विज्ञान आज के समय में जीवन का आधार है इसलिए विज्ञानिक दृष्टिकोण का होना बेहद जरूरी है। लोक कला के माध्यम से अपनी बात समझाना बेहद ही सरल है इसलिए लोक कला के माध्यम से विज्ञान का प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत से सरपंच तथा पंच और ग्रामीण मौजुद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम में दीपक मुदगिल, प्रतीक सैनी, आंगनवाड़ी वर्कर्स गीता ब्लॉक कोर्डिनेटर बराडा कार्यक्रम में उपस्थित रहे

# ढाबे पर भोजन पैक कराने गए लोगों पर किया हमला

**समालखा 17 फरवरी ( कुलदीप सिंह )**
**गांव** करहंस के एक व्यक्ति ने ढाबे पर खाना पैक करवाने के दौरान करीब एक दर्जन लोगों पर उसे, उसके भतीजे व एक अन्य पर लाठी, डंडों, रॉड से हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस को दी है। शिकायत में हरिचन्द वासी गांव करंहस ने बताया कि 15 फरवरी की रात को उसका रिश्ते में भतीजा नवीन व दोस्त अंकित उसकी पास आए और मेन अड्डे पर खाना खाने की बात कहकर उसे अपने साथ गाड़ी में गांव के मेन अड्डे पर बने ढाबे पर ले गए। वहां उन्होंने खाना पैक करने का आर्डर दिया और गाड़ी के पास खड़े हो गए। इसी दौरान दो-तीन लडके वहां आए और उन्होंने वहां से जाने को कहा। जिस पर उसने खाना का आर्डर दिए होने की बात कही। इस पर उक्त लडकों ने अपने अन्य साथियों को आवाज मारकर बुला लिया। उन्होंने रॉड, डंडों, सरियों से उन पर हमला कर दिया। उन दोनों ने वहां से भाग कर जान बचाई लेकिन नवीन को उन्होंने घेरते हुए हमला करते हुए अधमरा कर दिया।

# 'सोशल मीडिया पर झूठी व भ्रामक पोस्ट डालने वालो पर होगी कार्रवाई'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**एसपी** जशनदीप सिंह रंधावा ने अम्बाला जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी कर सोशल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर पैनी नजर बनाये रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि सोशल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जैसे फेसबुक व्हाट्सप्प ग्रुप व यूट्यूब पर फेक वीडियो पोस्ट डालकर लोगो को भ्रमित करने व उकसाने की साजिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि जब किसी क्षेत्र में कानून व्यवस्था संबंधित कोई मामला घटित होता है तब असामाजिक तत्व भी मौके का फायदा उठाने के फिराक में रहते हैं। ऐसे मौके पर सोशल मीडिया पर गलत व झूठे प्रचार कर समाज में सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं. ऐसे तत्व व्यक्तिगत तौर पर भी लोगों को उकसाने का प्रयास करते है। ऐसे लोगों पर पैनी नजर रखने व खुफिया तंत्र को हाई अलर्ट पर रखने को कहा है। उन्होंने कहा झूठा व एक तरफा प्रचार प्रसार से जहां पुलिस की छवि धूमिल होती है वहीं कानून व्यवस्था के लिये भी खतरा पैदा होता है।भ्रामक व समाज में सनसनी फैलाने वाली फेक पोस्टों पर सख्ती से अंकुश लगाने बारे सभी पुलिस अधिकारियों स्पष्ट निर्देश दिये। एसपी जशनदीप सिंह रंधावा ने लोगों से भी अपील की है कि बिना सच्चाई जाने अफवाह फैलाने वाली किसी भी पोस्ट व विडियो को फारवर्ड ना करे व अफवाहों से बचे। उन्होंने कहा असामाजिक तत्व आमजन युवाओं व छात्रों को भी भ्रमित कर उन्हें भी गैर कानूनी कार्य करने के लिए उकसाते है, ऐसे लोगों से सावधान रहे अपने बच्चों व परिवार का ख्याल रखे। आगामी पुलिस व अन्य भर्ती के लिये युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं व शारीरिक परीक्षाओं की तैयारी में लगाये। एसपी ने अम्बाला जिले में लगी धारा 144 का भी सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के कर्मचारियों के आदेश भी दिए। क्या है धारा 144 सीआरपीसी 144 को जिला अधिकारी लागू करता है। यह धारा उस समय लगाई जाती है. जहां तनाव या भीड़ से कोई खतरा होने की आशंका हो। यह धारा के लागू होने पर किसी एक स्थान पर भीड़ लगाने व प्रदर्शन करने पर रोक रहती है। अगर कोई भी धारा 144 लागू होने के उपरांत किसी आंदोलन में हिस्सा ले रहा है या फिर प्रदर्शन कर रहा है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

# सोनालीका ने कृषि दर्शन मेले में प्रदर्शित किये अपने उत्पाद

**हिसारः** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने हिसार में आयोजित किये जा रहे कृषि दर्शन एक्सपो में कंपनी के हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर और दो एडवांस कृषि उपकरण प्रदर्शित किये है जो कि हरियाणा के किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किये गये हैं। लांच कर प्रदर्शित किये गये ट्रैक्टरों में सोनालीका सिकंदर डीएलएक्स डीआई 750 पावर प्लस, सोनालीका सिकंदर डीएलएक्स डीआई 55 थ्री और सोनालीका टाइगर डीआई 65 सीआरडीएस 4 डब्ल्यूडी शामिल हैं। कंपनी ने इनके साथ ही अन्य पावरफुल ट्रैक्टर जैसे टाईगर डीआई 745 16 प्लस 4, सोनालीका सिकंदर डीएलएक्स डीआई 55 सीआरडीएस 4 डब्ल्यूडी और सोनालीका सिकंदर डीएलएक्स डीआई 60 टॉर्क प्लस 12 प्लस 12 को भी प्रदर्शित किया। इनके अलावा कंपनी ने चैलेंजर रोटावेटर, चैलेंजर अल्फा रोटावेटर सहित उपकरण को भी किसानों के समक्ष रखा। यह लांच किये ट्रैक्टर सबसे कम डीजल में सबसे ज्यादा ताकत और रफ्तार देने का वादा करते हैं । ईंधन दक्षता के साथ आइपीटीओ डबल क्लच और एडवांस 5जी हाइड्रोलिक के साथ यह ट्रैक्टर किसानों को बेहतरीन साथ देते हैं। यह ट्रैक्टर्स यूरोप में डिजाईन किये गये हैं और प्र्यायवरण मैत्री हैं।

# निसा ने नई तकनीक से टीचर्सव व प्रिंसिपल को प्रशिक्षित कराया



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चरणबद्ध तरीके से देश में लागू हो रही है। इसमें स्किल डेवलपमेंट पर विशेष जोर दिया गया है। ऐसे में देश की शिक्षा प्रणाली में बदलाव आएगा। इसको ध्यान में रखते हुए नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायंस (निसा) ट्रेनिंग सत्र का आयोजन कर टीचर्स और प्रिंसिपल को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम निसा ने केपीएल लर्निंग एसोएिसशन के संग आयोजित किया।
निसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा ने बताया कि देश में एनईपी 2020 (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020) चरणबद्ध तरीके से लागू हो रही है। इसमें स्किल डेवलपमेंट पर विशेष जोर दिया जा रहा है। ऐसे में शिक्षण के तौर तरीकों में बदलाव आएगा। निसा नए शिक्षण तरीकों को लेकर टीचर्स को प्रशिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। निसा के कैंट आफिस में आयोजित प्ले-वे स्कूल्स और नर्सरी स्कूलो के प्रशिक्षण सत्र में छोटे बच्चों को बिना बुक के शिक्षित करने की तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया और बताया गया कि किस तरह से उनका मानसिक विकास और बौद्धिक विकास किया जा सकता है। ट्रेनिंग केपीएल लर्निंग एसोसिएशन फर्म की तरफ से रीना ने दिया। इस दौरान जिले के करीब 20 से ज्यादा प्ले-वे और अन्य स्कूलों की टीचर्स, प्रिंसिपल और उनके प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

**यह गणमान्य रहे उपस्थित**

प्रशिक्षण सत्र में अभिमन्यु दूहन, विशाल चुघ, डॉ. विक्रांत अग्रवाल, डॉ. जिनेंद्र सैनी, रेनू दूबे, श्रीमती संदीप मेहता, अनिल

**हिस्सा लिया**

8 इस दौरान जिले के करीब 20 से ज्यादा प्ले-वे और अन्य स्कूलों की टीचर्स, प्रिंसिपल और उनके प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया

# मदर्स प्राइड स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन



**पानीपत, कमाल हुसैन**
मदर्स प्राइड स्कूल (चाइल्ड प्रोडिजी के स्वामित्व वाली एक फ्रेंचाइजी) ने 17 फरवरी 24 को शिवाजी स्टेडियम में वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई, जिसके बाद मुख्य अतिथि अजीत सिंह शेखावत, एसपी द्वारा मशाल जलाकर और ध्वजारोहण किया गया। चेयरपर्सन आइना गनोत्रा, शाखा प्रमुख लविका कक्कड़ और शैक्षणिक प्रमुख नवजोत कौर। प्री नर्सरी, नर्सरी और प्रेप कक्षा के छात्रों द्वारा योग, तायक्वोंडो, सांस्कृतिक नृत्य जैसे विशेष कार्यक्रम सबसे सुखद क्षण थे। सभी वर्ग अलग-अलग रंग के झंडे लेकर शान से आगे चल रहे थे। सैक रेस, होपिंग रेस, टायर पुलिंग रेस, 50 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, रिले रेस जैसी दौड़ें बहुत ही खेल भावना और भावना के साथ आयोजित की गईं, जिसके बाद माता-पिता, दादा-दादी और युगल दौड़ हुई जो बिल्कुल मजेदार और रोमांचक थी।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल मे पीएनजी गैस सेमिनार आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** नेशनल पी एन जी ड्राइव, हिंदुस्तान पेट्रोलियम आयल गैस जो कि पी एन जी आर शहर गैस स्टेशन अम्बाला-कुरुक्षेत्र जीए द्वारा अधिकृत है। इसके तहत मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम आयल गैस टीम ने पी एन जी जागरूकता और सुरक्षा के लिए कक्षा नौवीं के छात्रों का एक सेमिनार आयोजित किया। इस सत्र मे एच पी आयल टीम ने छात्रों को पाइप नेचुरल गैस के बारे मे व यह गैस कैसे अन्य ईंधनों से सुरक्षित है और इसका उपयोग कर-के हम दूसरे ईंधनों की अपेक्षा कम धन खर्च करके इसका लाभ उठा सकते है और यह वातावरण को भी दूषित नहीं करती। इस बारे मे विस्तार से छात्रों को समझाया। सभी छात्रों ने बड़े ध्यान से इन सब को सुना व अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए कई प्रश्न भी पूछे। विद्यालय के प्रधानाचार्य व (अतिरिक्त क्षेत्रीय अधिकारी) जाने-डी हरियाणा, डॉ आर आर सूरी ने टीम मे आये हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद किया कि उन्होंने हमारे छात्रों को इस बारे मे जानकारी देकर ज्ञान वर्धन किया।

# विद्यार्थियों ने लिया प्रतिदिन योगाभ्यास करने का संकल्प

### - ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में योग सहायक ज्योति व कविता देवी ने विद्यार्थियों को आसनों व सूर्य नमस्कार का करवाया अभ्यास




**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में हरियाणा योग आयोग और आयुष योग प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी डा. संजय शर्मा के सौजन्य से विशेष शिविर आयोजित कर छात्र-छात्राओं को योग के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान योग सहायक ज्योति और कविता देवी ने विद्यार्थियों को विभिन्न आसनों व सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया और उन्हें योग के फायदे भी बताए । साथ ही कहा कि स्वस्थ रहने के लिए जीवन में योग करना आवश्यक है, क्योंकि नियमित रूप से योग करने से शारीरिक एवं मानसिक दोनों तरह का विकास होता है। सभी को प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्रतिदिन योगाभ्यास करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने भी छात्र- छात्राओं को योग के महत्व से अवगत करवाया । चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि निरोग रहने के लिए योग को अपनाना जरूरी है। शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में योग हमारी बहुत मदद करता है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में योग के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। भागदौड़ की जिंदगी में स्वस्थ रहने के लिए लोग योग को अपना रहे हैं। हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाने लगा है।सीईओ संजय जैन ने कहा कि योग एक प्राचीन अभ्यास है, जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई और इसने अपने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के लिए दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल की है। आज योग में भी कैरियर के सुनहरे अवसर उपलब्ध हैं । विद्यार्थी योग में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक, मास्टर डिग्री व पीएचडी की डिग्री हासिल कर अपना भविष्य संवार सकते हैं । प्राचार्या गीता चोपड़ा ने विद्यार्थियों को योग आसनों व सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाने के लिए योग सहायक ज्योति और कविता देवी का विशेष तौर पर आभार जताया। उन्होंने कहा योग समर्थ और संपूर्ण विज्ञान है। अध्यापिका संगीता, नमिता, काजल, निशा, गीता राणा, महक, रेखा जैन, नीरजा, सोनिया मदान, ज्योति, निशा, सीमा रानी, कावेरी सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे ।

# 'फसलों की स्पेशल गिरदावरी करवाई जाएगी'

## ड्रेन नंबर छह के निर्माण कार्य के चलते पानी की निकासी रुक रुक कर होने से खेतों में पानी खड़ा हो गया है

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

ड्रेन नंबर छह के निर्माण कार्य के चलते पानी की निकासी रुक रुक कर होने से खेतों में पानी खड़ा हो गया है और यह पानी आसपास की कॉलोनियों में घुसने वाला है जिससे फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। फसलों की स्पेशल गिरदावरी करवाकर नुकसान की भरपाई करवाई जाएगी।

यह आश्वासन मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने पार्षद हरी सैनी के साथ खेतों और कॉलोनियों में खड़े पानी का जायजा लेने के बाद दिया। इस सम्बन्ध में उन्होंने जिला उपयुक्त डॉक्टर मनोज यादव से फोन पर बातचीत की और पटवारियों की ड्यूटी लगाने का आग्रह किया। ऋषि कॉलोनी एक्सटेंशन के नागरिक इस बात को लेकर चिंतित हैं की खेतों से होता हुआ पानी कॉलोनी की गलियों और घरों में घुस जायेगा। राजीव जैन ने नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा से भी बातचीत कर समस्या का समाधान करवाने का भी आग्रह किया।



उपस्थित किसानों ने बताया की कई माह से हमारे खेतों में गन्दा पानी खड़ा है और फसलें भी बर्बाद हो चुकी हैं, खेतों में खड़े पेड़ भी तेजाब्युक्त पानी के कारण जल चुके हैं। उन्होंने बताया की अगली फसल भी बोये जाने के आसार नहीं है, हम अधिकारियों के चककर काट - काट कर थक चुके हैं। परेशान नागरिकों ने सी०एम० विंडो पर भी गुहार लगाई है परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। राजीव जैन ने मौके पर जाकर देखा कि गन्दा पानी ऋषि कॉलोनी एक्सटेंशन के खाली प्लाटों में भी भर चूका है और समाधान नहीं हुआ तो मकानों तक पंहुचकर जयादा नुकसान कर देगा।

इस अवसर पर हरी सिंह सैनी, रूप चंद, सोम, शकील, प्रियंका त्यागी एवं कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

**सुनवाई नहीं हो रही**

8 अगली फसल भी बोये जाने के आसार नहीं है, हम अधिकारियों के चककर काट- काट कर थक चुके हैं



**न्यूज फ्लैश**

## विश्वविख्यात पेंटर 'महेश' ने बनाया एक और 'कीर्तिमान'

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विश्वविख्यात पेंटर श्री महेश वैष्णव जी के नाम जल्द ही एक नया कीर्तिमान जुड़ने जा रहा है। जी हां, अभी संपूर्ण रामायण पर आधारित 108 तस्वीरों वाली दुनिया की पहली पेंटिंग को लेकर जारी चर्चा के बीच श्री महेश वैष्णव जी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। और इस बार उनके खबरों में बने रहने की वजह है ' गाय के गोबर से बनने वाली राम मंदिर की पेंटिंग'। हो सकता है आपको इस बात पर यकीन ना हो लेकिन ये सच है। इस रामभक्त अद्भुत कलाकार ने गाय के गोबर से अयोध्या में बनी श्री रामलीला के भव्य राम मंदिर की अद्भुत पेंटिंग बनाई है। गाय के गोबर से बनी ये पेंटिंग इतनी खूबसूरत है कि कि ये मानने को मजबूर हो जाएंगे की गाय के गोबर से भी इस तरह की खूबसूरत पेंटिंग बन सकती है। मशहूर कलाकार श्री महेश वैष्णव जी को गाय की गोबर से बनने वाली पेंटिंग के लिए राजस्थान के करौली धौलपुर से बीजेपी सांसद डॉ मनोज राजोरिया ने कोटि-कोटि बधाई दी। श्री महेश वैष्णव जी से मुलाकात के दौरान बीजेपी सांसद डॉ राजौरिया ने कहा कि इस तरह की अद्भुत कलाकारी जन-जन तक पहुंचना चाहिए। इस पर श्री महेश वैष्णव जी ने कहा कि वो तो पिछले कई सालों से लोगों को पेंटिंग सीख रहे हैं। इस पर एक बार फिर भाजपा सांसद डॉ राजोरिया ने उन्हें शुभकामनाएं दी और उनका हौसला बढ़ाया।

## जॉनसन एंड जॉनसन ने साइट फॉर किड्स पहल जारी रखी है



**नई दिल्ली।** जॉनसन एंड जॉनसन और लायंस क्लब इंटरनेशनल फाउंडेशन (एलसीआईएफ), एक अग्रणी अंतरराष्ट्रीय मानवतावादी स्वयंसेवी संगठन ने, एक सह-स्थापित पहल "साइट फॉर किड्स" के तहत वंचित समुदाय वाले बच्चों को व्यापक नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करके नेत्र देखभाल तक पहुंच में अंतर को कम करने के लिए अगले पांच वर्षों में भारत में 7 मिलियन से अधिक बच्चों को प्रभावित करने के अपने प्रयास जारी रखे हैं। 2024 में, कोलकाता में 500 से अधिक बच्चों की पहली स्क्रीनिंग की गई, जिससे भारत में दृष्टि मूल्यांकन की कुल संख्या 28 मिलियन से अधिक हो गई। आंखों की समस्या की शीघ्र पहचान और देखभाल को बढ़ावा देने के लिए, 75,000 से अधिक शिक्षकों को नेत्र स्वास्थ्य में प्रशिक्षण भी दिया गया है, जो कार्यक्रम के प्रभाव को बढ़ाएगा। ब्रायन शीहान, एलसीआईएफ चेयरपर्सन ने कहा, ‟बच्चों को उनके आसपास की दुनिया को समझने में मदद करने में दृष्टि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आंखों संबंधी समस्याएं बच्चे की सीखने और विकसित करने की क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं। अपने सबसे लंबे समय तक चलने वाले कॉर्पोरेट पार्टनर, जॉनसन एंड जॉनसन के साथ, हम अगले पांच वर्षों में भारत में 7 मिलियन बच्चों तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" क्रिस्टोफ वॉनविलर, अध्यक्ष, एशिया पैसिफि क विजन, जॉनसन एंड जॉनसन मेडटेक ने कहा, साइट फॉर किड्स के माध्यम से भारत में वंचित समुदायों के बच्चों के लिए दृष्टि को संभव बनाने के लिए एलसीआईएफ के साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी देखना उल्लेखनीय है।

हमें इन बच्चों के जीवन में बदलाव लाने पर गर्व है और हमें उम्मीद है कि हम अपने निरंतर सहयोग के माध्यम से, भारत और एशिया पैसिफिक क्षेत्र में कई और लोगों के जीवन पर प्रभाव डालेंगे। बच्चों के बीच नेत्र सेवाओं में असमानताओं को दूर करने के लिए 2002 में स्थापित, साइट फॉर किड्स दुनिया का सबसे बड़ा प्रसिद्ध, स्कूल-आधारित नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम है, जो कार्यक्रम की शुरूआत से एशिया, अफ्रीका और अमेरिका में 49 मिलियन से अधिक बच्चों को सेवा दे रहा है। संभावित दृष्टि हानि या नेत्र रोगों से पीड़ित छात्रों को आगे के मूल्यांकन के लिए परिवार को बिना किसी खर्च के स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के पास भेजा जाता है। आज तक, 222,000 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है और वंचित बच्चों को 550,000 से अधिक जोड़ी मुफ्त चश्मे दिए गए हैं।

# पीओ घोषित आरोपी को हथवाला चौकी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )**

जिला पुलिस द्वारा पीओ, बेल जंपर व उद्घोषित आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलया हुआ है। अभियान के दौरान थाना समालखा की हथवाला चौकी पुलिस ने शुक्रवार को गुप्त सूचना पर दबिश देकर पीओ घोषित एक आरोपी को हथवाला से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान शिवानंद निवासी हथवाला के रूप में हुई। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि थाना समालखा में वर्ष 2017 में दर्ज एक्सिडेंट के एक मामले में निर्धारित तारिखों पर ना पहुंचने पर आरोपी शिवानंद को समालखा न्यायालय द्वारा सितम्बर 2023 में पीओ घोषित किया गया था आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में आईपीसी की धारा 174ए के तहत मुकदमा दर्ज कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई थी।

समालखा की हथवाला चौकी पुलिस टीम को शुक्रवार को गांव हथवाला में आरोपी शिवानंद के घूमने बारे गुप्त सूचना मिली तो पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को काबू करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस टीम ने गिरफ्तार आरोपी शिवानंद को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

# महाविद्यालय में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में रेडक्रॉस व इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल संजू अबरोल ने की। रेडक्रॉस व इको क्लब प्रभारी सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि इको क्लब के अंतर्गत विद्यार्थी समय-समय पर श्रमदान व पौधारोपण अभियानों में शामिल होते हैं। आज रेडक्रॉस क्लब के विद्यार्थियों ने इको क्लब के विद्यार्थियों के साथ मिलकर बसन्त महोत्सव के अंतर्गत श्रमदान अभियान में भाग लिया।आज मुख्य रूप से हर्बल बॉटनिकल गार्डन में सेवादान कार्यक्रम के तहत पेड़ो के नीचे सूखे पत्तों को उठाकर जैविक खाद केंद्र में डाला गया व पौधों की नुलाई-गुड़ाई व सफाई और पानी की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही क्लब के सहयोग से प्रिंसिपल संजू अबरोल, प्रोफेसर स्नेहलता, प्रोफेसर बृजेश बराड़, प्रोफेसर सोनिया दहिया, प्रोफेसर नरेश ढांडा, प्रोफेसर दलजीत सिंह स्पोर्ट्स विभागाध्यक्ष को बसन्त महोत्सव के अंतर्गत तुलसी के पौधे भेंट स्वरूप दिए गए और पक्षी विहार में पक्षियों के लिए दानेचुगे की व्यवस्था की। प्रिंसिपल मैडम संजू अबरोल ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार के नेतृत्व में इको क्लब के अंतर्गत हमारा उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करके जागरूक पर्यावरण प्रहरी बनाना है। इको क्लब के अंतर्गत अनेक विद्यार्थी महाविद्यालय में शिक्षा के साथ - साथ पर्यावरण संरक्षण के कामो में लगातार रुचि लेते हैं इसके लिए इको क्लब प्रभारी प्रोफेसर दलजीत कुमार का कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन काबिले तारीफ है।इस दौरान प्रोफेसर दलबीर देसवाल, अनिल माली सहित महाविद्यालय स्टॉफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।



# अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार...

**पानीपत/कमाल हुसैन**

सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम शुक्रवार को देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान डाहर गोल चक्कर के पास मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली कि संदिग्ध किस्म का एक युवक पैदल पलड़ी से इसराना की तरफ आएगा। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए इसराना में पलड़ी रोड पर नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात एक युवक पलड़ी की और से पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान विपिन पुत्र सुभाष निवासी भडल बागपत यूपी के रूप में बताई।



पुलिस टीम ने युवक की तलाशी ली तो उसकी पहनी हुई लोअर की जेब से एक देसी पिस्तौल 315 बौर बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। देसी पिस्तौल का लाईसेंस व परमिट मांगने पर आरोपी कोई भी कागजात पेश नही कर सका। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह उक्त अवैध देसी पिस्तौल कुछ दिन पहले हरिद्वार में साहिर नाम के युवक से 3 हजार रूपए में खरीदकर लाया था। बाद में दोस्तों में रौब दिखाने के लिये पिस्तौल को साथ लेकर चलने लगा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद अवैध देसी पिस्तौल कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी विपिन के खिलाफ थाना इसराना में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर शनिवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी की निशानदेही पर असला तस्कर को पकड़ने का प्रयास करेगी।

**केस दर्ज**

8 पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद अवैध देसी पिस्तौल कब्जा कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज की

## उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली महिलाएं ले शिक्षा ऋण योजना का लाभ: उपायुक्त

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**उपायुक्त** डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार महिलाओं एवं लड़कियों की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है। हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से शिक्षा ऋण योजना लागू की गई है ताकि महिलाएं एवं लड़कियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। उपायुक्त ने बताया कि आमतौर पर सीमित साधनों, अत्यधिक फीस व बैंकों के शिक्षा ऋण पर ब्याज के भार के कारण वह उच्च शिक्षा (जैसे व्यावसायिक/तकनीकी डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर व चिकित्सा संबंधी इत्यादि) प्राप्त करने से वंचित रह जाती हैं।

# स्वीटी रंगा घर-घर जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों का कर रही है प्रचार

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी शाहाबाद हलके के गांव बुहावा, यारा में कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ों प्रोग्राम के तहत कांग्रेस की नीतियों का प्रचार कर रही है। स्वीटी रंगा ने कहा कि आज हर वर्ग बीजेपी सरकार से तंग आ चुका है। स्वीटी रंगा ने कहा कि आगामी चुनाव में देश और प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी और हर वर्ग की सुविधा को ध्यान में रखा जाएगा। स्वीटी रंगा ने कहा कि वह शाहाबाद हलके के प्रत्येक गांव में जाकर प्रत्येक घर-घर में महिलाओं ,बुजुर्गों , युवा साथियों को समझा रही हैं। स्वीटी रंगा सभी से अपील कर रही है अबकी बार कांग्रेस सरकार को बनाना है। कांग्रेस नेतृत्व स्वीटी रंग ने रोज प्रकट करते हुए कहा कि सरकार किसानों पर जुलम ढाह रही है। पिछले आंदोलन में सरकार ने किसानों से जो वायदे किए थे उनका पूरा करना चाहिए ताकि किसान चैन की जिंदगी जी सके।इस अवसर पर राज देवी,सुमन रानी,सरदार जोगिंदर सिंह, मोहन सिंह, शकुंतला रानी उपस्थित रहे।



## सुरक्षित भविष्य के लिए राम बाण है राष्ट्रीय पेंशन योजना: डीसी

**पानीपत कमाल हुसैन**

उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी भारतीय नागरिक राष्ट्रीय पेंशन योजना का लाभ ले सकता है। यह योजना एक स्ववाललंबी और सुरक्षित भविष्य के लिए है रामबाण है। डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय पेंशन योजना में वृद्धावस्था के दौरान वित्तीय सुरक्षा और स्थायित्व दिया जाता है, जब लोगों के पास आय का कोई नियमित स्त्रोत नहीं होता है। सेवानिवृत्ति योजना द्वारा सुनिश्चित किया जाता है कि लोगों के पास प्रतिष्ठापूर्ण जीवन जीने और उम्र के बढ़ते वर्षों में अपना जीवन स्तर किसी समझौते के बिना अच्छा बनाए रखने की सुविधा हो।

# किसान संघ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**विरोध**

8 बॉर्डर बंद से किसान अपनी सब्जियां, दूध, फल आदि खाद्य पदार्थों को मंडी व दिल्ली के अपने ग्राहकों तक नहीं पहुँचा पा रहे

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सोनीपत में** भारतीय किसान संघ की जिला स्तरीय बैठक बुलाई गई जिसमें किसानों की स्थानीय समास्याओं पर विचार किया गया हाल में चल रहे बॉर्डर बंद से किसान अपनी सब्जियां ,दूध, फल आदि खाद्य पदार्थों को मंडी व दिल्ली के अपने ग्राहकों तक नहीं पहुँचा पा रहे है। जिससे खाद्य प्रदार्थ खराब हो रहे है। इससे किसानों को नुकसान हो रहा है। भारतीय किसान संघ सरकार व प्रशासन से किसानो के समान को लेजाने लाने के लिये रास्ते खोलने की माँग करता है। व भारतीय किसान संघ सदस्यता अभियान 15 दिसम्बर से चल रहा है , जिसमें 7 हजार किसान सदस्य बन चुके है व सोनीपत जिला से दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश दहिया ने की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष भारत-भूषण, शमशेर, चरणसिंह, दिलबाग, सुनील लोचब, चांद मान, फूलसिंह, रणबीर, रामसिंह,महेश, रतन सिंह भाटिया, करणसिंह पुनिया , राहुल चौहान, सुधीर,मोनू,मनोज दहिया, विनोद, इत्यादि मौजूद रहे।



# पांडवानी गायन के कायल हुए श्रोता, सम्प्रिया पूजा ने दी दमदार प्रस्तुति

## हरियाणवी फाग और घोड़ी नृत्य में कलाकारों ने मचाया धमाल, दर्शक झूमने पर हुए मजबूर

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

हरियाणा कला परिषद द्वारा 11 फरवरी से शुरू किए गए बसंत उत्सव की छठी शाम छत्तीसगढ़ के नाम रही। छत्तीसगढ़ दुर्ग से आई लोक कलाकार सम्प्रिया पूजा ने अपनी पाण्डवानी गायन शैली में खूब समां बांधा। इस मौके पर समाजसेवी व प्रेरणा आश्रम के संस्थापक डा. जयभगवान सिंगला मुख्यअतिथि के रुप में उपस्थित रहे। हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने मुख्यअतिथि को पुष्पगुच्छ भेंटकर आभार जताया, वहीं कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गई। हरियाणा और छत्तीसगढ़ की लोक कला पर आधारित कार्यक्रम का संचालन कला परिषद के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति हरियाणा के कामिल और साथियों द्वारा शिवस्तुति से प्रारम्भ की गई। भगवान शिव की गाथा गाते हुए हरियाणा के कलाकारों ने दर्शकों को खूब आनंद दिया। इसके बाद पाण्डवानी गायन के लिए सुप्रसिद्ध पद्मविभूषण तीजन बाई की शिष्या सम्प्रिया पूजा ने छत्तीसगढ़ी अंदाज में पाण्डवानी गायन प्रस्तुत कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कथा गायन शैली में पूजा ने महाभारत के भीष्म पर्व और गदा पर्व का वर्णन किया। महाभारत के युद्ध के समय भीष्म पितामह के मन में चल रहे अंर्तद्वंद्व को सम्प्रिया पूजा ने बखूबी प्रदर्शित किया। वहीं दुर्योधन वध को भी पाण्डवानी शैली में सुनाते हुए छत्तीसगढ़ की कलाकार ने महाभारत से रुबरु करवाया। एक ओर जहां सम्प्रिया पूजा का गायन तथा कथा वर्णन लोगों के मन को भा रहा था, वहीं दूसरी और बैंजो, खड़ताल, तबला, मंजीरा, डफली और ढोलक आदि वाद्ययंत्रों के साथ कलाकार पाण्डवानी गायन में साथ देते हुए विधा को मनोरंजक बना रहे थे। पाण्डवानी के अलावा हरियाणा के कलाकारों ने पारम्परिक नृत्य फाग तथा घोड़ी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।



**बांधा समां**

8 छत्तीसगढ़ दुर्ग से आई लोक कलाकार सम्प्रिया पूजा ने अपनी पाण्डवानी गायन शैली में खूब समां बांधा

# टाटा एआईए ने अपने कंज्यूमर्स से की पार्टनरशिप, ताकि वे रहें 'हर वक्त के लिए तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

देश की जानी–मानी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने अपनी नई ब्रांड पोजिशनिंग थीम 'हर वक्त के लिए तैयार' लॉन्च की है। नई थीम उपभोक्ताओं के साथ सीधा जुड़ाव कायम करते हुए उन्हें फिकर-फ्री लाइफ जीने की ओर ले जाती है। ब्रांड की पिछली थीम 'रक्षाकरण की रीत' को आगे बढ़ाते हुए नई थीम 'हर वक्त के लिए तैयार' ब्रांड के सेफ्टी पर फोकस को और आगे बढ़ाती है। ब्रांड की नई पोजिशनिंग थीम को कंज्यूमर पर कई रिसर्च के बाद अंतिम रूप दिया गया, जिसमें आम रुझानों के साथ-साथ खास स्थितियों में उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया का आकलन करने के लिए लक्षित सर्वेक्षण भी शामिल रहे। 'हर वक्त के लिए तैयार' थीम हर क्षेत्र, जेंडर, आयु समूहों आदि के अधिकांश उपभोक्ताओं के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में सामने आई। यह विशेष रूप से युवा और मध्यम आयु समूहों के साथ मेल खाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 'हर वक्त के लिए तैयार' को हिंग्लिश और 6 अन्य भाषाओं में तैयार किया गया है, यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के साथ जो जुड़ाव स्थापित करती है वह बहुत उत्साहजनक है। नए ब्रांड थीम पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर गिरीश कालरा ने कहा: 'हर वक्त के लिए तैयार' एक स्पष्ट, प्रभावशाली और प्रेरणादायक सब्जेक्ट है, यह उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव कायम करता है, उन्हें नेतृत्व करने में सक्षम बनाता है, उन्हें फिकर-फ्री लाइफ जीने के लिए प्रेरित करता है।

**लॉन्च**


8 उन्हें नेतृत्व करने में सक्षम बनाता है, उन्हें फिकर-फ्री लाइफ जीने के लिए प्रेरित करता है

# अतिक्रमण की भेंट चढ़ा नरेला मंडी का बस स्टैंड

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली** के नरेला में सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण का साम्राज्य है। फुटपाथ हो या बस स्टैंड हर जगह अतिक्रमण की वजह से पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है।
रोड़ के दोनों तरफ दुकानें सजी रहती हैं उनके आगे खरीदारी करने वालों की स्कूटी, बाइक हालत यह है कि रोजाना लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। वहीं पैदल राहगीरों को अपनी जान जोखिम में डालकर सड़क पर चलना पड़ता है। जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। पुरानी अनाज मंडी के बस स्टैंड पर तो पूरी तरह चाय, पनवाड़ी, समोसे



वालों का कब्जा है। अतिक्रमण की वजह से बस स्टैंड पर बैठने तक की जगह नहीं बची। फेडरेशन ऑफ नरेला के अध्यक्ष जोगिंदर दहिया ने बताया कि नरेला में फुटपाथ पर अतिक्रमणकारियों का



कब्जा है। अतिक्रमण की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से कर चुके हैं। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई एमसीडी हो या पीडब्लूडी हर कोई एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर इतिश्री कर लेते हैं। यह



प्रशासन की मिली भगत के बगैर संभव नहीं है। स्थानीय निवासी विपिन बंसल ने बताया कि रामदेव चौक से लेकर सब्जी मंडी, पुरानी अनाज मंडी, वाईपॉइंट, अलीपुर रोड तक हर जगह सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण है। इसके आगे खरीदार अपनी टू व्हीलर, कार सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं। इस कारण आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। मिनटों का सफर घंटे में पूरा होता है। जाम की वजह से कई बार एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती हैं। जिससे मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते। स्थानीय निवासी अतिक्रमण की शिकायत कई बार संबंधित एजेंसियों से कर चुके हैं लेकिन हर बार कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिलता है।
लोगों की मांग है कि फुटपाथ और बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर हुए अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाया जाए।

## गरीबों व असहायों की मदद के लिए सभी आये आगेः गिरीश साहू



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सेवा** से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की किसी भी वर्ग के व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उक्त बातें साहू समाज एकता समिति के अध्यक्ष गिरीश कुमार साहू ने कही। उन्होंने आगे बताया कि गरीबों की मदद करना एक पुण्य का कार्य होता है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी गरीब व असहायों की सहायता करें, जिससे की सभी का कल्याण हो सके।

## विकास सदन में दिल्ली विकास प्राधिकरण की हुई बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के विकास सदन में समस्याओं को लेकर सांसद डॉ हर्षवर्धन की अध्यक्षता में डीडीए की बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर वाईस चेयरमैन शुभ आशीष पांडेय ने अधिकारियो को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिये। इस अवसर पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने डीडीए से कहा कि अशोक विहार जेलर वाला बाग में बन रहे फ्लैट को जल्दी से जल्दी लोगों को दिया जाये, इसकी जो कागजी कार्रवाई है उसे जल्द ही पूरा की जाये। उन्होंने बताया कि वैष्णव



पार्क अशोक विहार फेस-2 में बन रहा है, इस पार्क का उद्घाटन दिल्ली के उपराज्यपाल ने किया था, इसका कार्य एक साल में पूरा होना था, लेकिन कार्य पूरा नहीं हुआ है, उसे पूरा किया जाये। वजीरपुर



विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्र के साथ वाले इलाके चन्द्रशेखर आजाद कॉलोनी में जो शौचालय तोड़ दिये गये थे, उनको फिर से बनाया जाये और जिन क्षेत्र में डीडीए की खाली जमीन



पड़ी है, वहां पर सामुदायिक भवन, डिस्पेंसरी और बारात घर बनवाये जाये। इस मौके पर कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे और अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं।

## नांगलोई : ज्वालापुरी वार्ड की पार्षद ने नारियल फोड़ मोहल्ला क्लीनिक की रखीं नीव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नांगलोई विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले ज्वालापुरी वार्ड स्थित ज्वालापुरी पीवीसी मार्किट में मोहल्ला क्लीनिक की नीव रखीं गई। स्थानीय निगम पार्षद संतोष पप्पू छिलवाल ने मोहल्ला क्लीनिक के निर्माण कार्य को हरी झंडी दिखाते हुए नारियल फोड़कर नीव रखी।



**पार्षद सहित अन्य लोगों ने तोड़ा नारियलः** इस दौरान नांगलोई विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. दीपक दहिया, अरविंद रोंजवाल, मुख्तार अजीज,नीतिन, जगदीश बड़गुजर, इंदर कुमार, बिट्टु चंदालिया, राजकूमार (दद्दू) आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नारियल फोडा गया।



**लाखों की लागत से बनेगा क्लीनिकः** स्थानीय निगम पार्षद व जेई ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहल्ला क्लीनिक लगभग पचास लाख की लागत से बनाया जा रहा है, जोकि लगभग अप्रैल माह में पूरा कर-के लोगों की सेवा में सौंप दिया जाएगा। वहीं पप्पू छिल्लवाल ने



बताया कि केजरीवाल सरकार हमेशा ही दिल्ली के लोगों की हितैषी रही है व हमारे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वास्थ और शिक्षा को लेकर कितने सजग है यह तो लोग भली भांति जानते है, इसी के तहत हमारे क्षेत्र में लोगों के स्वास्थ व सुविधा को देखते हुए मोहल्ला क्लीनिक का निर्माण करवाया जा रहा है।

## निगम पार्षद कार्यालय पर नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**निगम पार्षद** टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा जहाँगीर पुरी जे ब्लॉक स्थित निगम पार्षद कार्यालय पर 49वां निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा जांच शिविर एवं निःशुल्क दवाई वितरण का आयोजन किया गया। आप नेता सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर प्रत्येक वीरवार जे ब्लॉक जहांगीर पुरी निगम पार्षद कार्यालय पर एवं प्रत्येक बुधवार निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के आवास राजीव नगर एक्सटेंशन निकट गुरुद्वारा आनंद ईश्वर दरबार पर लगाया जाता है। जिसमें अनुभवी चिकित्सकों द्वारा



निःशुल्क जांच के बाद आयुर्वेदिक औषधियां निःशुल्क दी जाती है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विश्व पुस्तक मेले में नीरज पब्लिकेशन के स्टॉल पर पाठकों का रहा विशेष रुझान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्व पुस्तक** मेले में नीरज पब्लिकेशन द्वारा हाल नम्बर-3 में स्टाल लगाया गया है। इस स्टाल में सभी नीरज बुक्स पर 50 प्रतिशत की छूट दी गई है। यहाँ नीरज पब्लिकेशन ने 'कौशल विकास पाठ्यक्रम पुस्तक' की नई श्रृंखला लॉन्च की गई है।
इस विश्व पुस्तक मेले में नीरज पब्लिकेशन द्वारा नई भविष्यवादी आईटी और कंप्यूटर से संबंधित किताबें जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस और क्लाउड कंप्यूटिंग आदि लॉन्च की गई।
विश्व पुस्तक मेले में लगे नीरज पब्लिकेशन स्टॉल पर प्रत्येक ग्राहक के लिए विशेष उपहार भी है। इसलिए सभी स्टॉल पर आये




और पुस्तक खरीदारी के साथ आकर्षक गिफ्ट भी पाये।
आपको बतादें कि इस बार दिल्ली में लगे विश्व पुस्तक मेले में नीरज पब्लिकेशन के ऑनर नीरज चोपड़ा के बेटे यतिन चोपड़ा ने इस आयोजन की सारी कमान संभाली है और उन्होंने अलग-अलग एडटेक कम्पनी, शिक्षण संस्थान से प्रोफेसर,



शिक्षको आदि को आमंत्रित कर-के अपने स्टाल पर अनेको पुस्तको का विमोचन करवाया। यतिन चोपड़ा ने इस बात पर भी जोर दिया कि नीरज पब्लिकेशन की किताबें एक उचित मूल्य पर पाठको को आसानी से उपलब्ध करवाई जा सके। इसके लिए उन्होंने एक नेटवर्क डेवलप किया है।

# भाजपा सरकार जितने हमले कांग्रेस पर करेगी पार्टी उतनी अधिक मजबूत होगीः लवली



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आगामी लोकसभा** चुनावों में हार के डर से भयभीत भाजपा द्वारा कांग्रेस के खातों को फ्रीज करने के खिलाफ हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के नेतृत्व में आईटीओ स्थित आयकर विभाग कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा विपक्षी दल के खिलाफ ईडी, सीबीआई और



इनकम टैक्स जैसी सरकारी जांच एजेंसियों दुरुपयोग करके लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता पर लगातार हमला कर रही है जिससे कांग्रेस पार्टी डरने वाली नहीं है। श्री लवली ने कहा कि अन्यायपूर्ण निर्णयों के सामने हम आत्मसमपर्ण नही करेंगे बल्कि कांग्रेस अपनी विचारधारा के अनुरुप द्दढ़ संकल्प और अटूट भावना के साथ भाजपा की क्रूर कार्यवाही का सीधा मुकाबला करेंगे। प्रदर्शनकारियों में



प्रदेश अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, पूर्व सांसद कृष्णा तीरथ, संदीप दीक्षित, रमेश कुमार, पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, राजकुमार चौहान, मंगतराम सिंघल, किरण वालिया, पूर्व विधायक मुकेश शर्मा, नसीब सिंह, भीष्म शर्मा, वीर सिंह धींगान, विजय लोचव, नीरज बसौया, सुरेन्द्र कुमार, वजीरपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, जगप्रवेश कुमार, जितेन्द्र कुमार



कोचर, अमित मलिक, चतर सिंह, अमृता धवन, ओम प्रकाश बिधूड़ी, जय करण चौधरी, महमूद जिया, जिला अध्यक्ष विरेन्द्र कसाना, जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, गुरचरण सिंह राजू, सतबीर शर्मा, चौधरी जुबैर अहमद, मनोज यादव, विष्णु अग्रवाल, निगम पार्षद हाजी जरीफ, मौहम्मद उस्मान, डा. नरेश शर्मा, अली मेंहदी, पूर्व जिला अध्यक्ष हरी किशन जिंदल, दीपक वशिष्ठ, मुदित अग्रवाल मौजूद रहे।

# किसानों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही खट्टर सरकार: अनुराग ढांडा

## अनुराग ढांडा ने शुक्रवार को पार्टी के जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता की।

**झज्जर/चंडीगढ़, 17 फरवरी**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने शुक्रवार को पार्टी के जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता की। उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अनिल रंगा, यूथ विंग प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन जून, जिला अध्यक्ष हरीश कुमार, अभिता, सोनू वत्स, जोगिंदर तंवर, रणवीर गुलिया, चंदर मोहन, राजे राज्यान और हैप्पी लोहचब मौजूद रहे। वे रेवाड़ी खेड़ा और खरहर में किसानों के धरने को समर्थन देने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र की बीजेपी और खट्टर सरकार किसानों के ऊपर जबरदस्त अत्याचार कर रही है। किसानों के खेतों से निकलने वाली हाई टेंशन तार का मुआवजा किसानों को मिलना चाहिए। किसानों और ने कहा की सरकार इस लड़ाई को किसानों के खेतों और घर तक ले आई है। वहीं पंजाब हरियाणा बॉर्डर पर किसानों पर पेलेट गन चलाई जा रही है। रबड़ की गोली चलवाई जा रही है। एक्सपायरड हो चुके आंसू गैस के गोले चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार में किसानों के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है। खट्टर सरकार किसानों के प्रति दुर्भावना से भरी हुई है। अब साउंड कैनन मशीन किसानों को खदेड़ने के लिए प्रयोग की जा है। आम आदमी पार्टी इसकी निंदा करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुश्मनों के खिलाफ प्रयोग किए जाने वाले हथियारों को किसानों पर प्रयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी किसानों की जायज मांग के साथ खड़े हैं। पूरे देश का किसान एमएसपी के लिए संघर्ष कर रहा है। एमएस स्वामीनाथन को केंद्र सरकार ने भारत रत्न दिया है, लेकिन सरकार स्वामीनाथन रिपोर्ट को लागू करने से हिचक रही है और पीछे हट रही है। अगर, स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू हो जाती है तो किसानों को सी2 + 50% के हिसाब से गेंहू का 3150 रुपए दाम मिलता। जबकि आज के समय पर 2150 के आसपास मिलता है।



## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा में कानून व्यवस्था का नाम की कोई चीज नहीं है- बजरंग गर्ग

**रोहतक/टीम एक्शन इंडिया**

व्यापारियों की एक आवश्यक बैठक हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कॉन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में सांपला में हुई। बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते से कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था का नाम की कोई चीज नहीं है। हरियाणा अपराध अड्डा बन चुका है। सांपला में सीताराम हलवाई की दुकान पर अपराधी द्वारा फायरिंग करके एक करोड़ की फिरौती मांगने व जान से मारने की धमकी देने, गोहाना के हलवाई से दो करोड़ की फिरौती मांगने, हिसार में 20 लाख व 50 लाख की फिरौती मांगने और रोहतक, झज्जर, पानीपत, गुड़गांव, फरीदाबाद, सोनीपत, पलवल व भिवानी आदि जिलों में हत्या व लूटपाट की वारदात होने, प्रदेश में मे हर रोज लूटपाट, फिरौती, हत्या व चोरियों की वारदात होने से व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता में भय का माहौल है। सरकार को अपराधियों के खिलाफ कठोर से कठोर कदम उठाना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि सभी अपराधियों के बायोडाटा पुलिस चौकी-थानों में मौजूद है। सरकार को अपराधी अपराध करें उससे पहले ही उनको पकड़कर उन्हें जेलों में भेजना चाहिए। पुलिस प्रशासन को पिछली सरकार की तरह अपराधियों के पक्का चीरा लगाने की जरूरत है। पुलिस प्रशासन द्वारा 5-10 अपराधियों के पक्का चीरा लगाने पर अपराधी अपराध करने की हिम्मत नहीं करेगा। अपराधी आज हरियाणा में भय मुक्त होकर अपराध कर रहे हैं। यहां तक कि अपराधी जेलों में बैठकर अपना गैंग चला कर व्यापारियों से फिरौती मांगने का काम कर रहे हैं। सरकार को व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता की जान-माल की सुरक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने चाहिए। हरियाणा में लगातार अपराधिक घटनाएं होने से प्रदेश का व्यापारी व उद्योगपति हरियाणा से पलायन कर रहा है। जबकि व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता सरकार को हर प्रकार का करोड़ों-अरबों रुपए का टैक्स दे रहा है। जो सरकार व्यापारी व आम जनता की जान-माल की सुरक्षा ना कर सके, उस सरकार को किसी प्रकार का टैक्स लेने का अधिकार नहीं होना चाहिए। जबकि व्यापारी व आम जनता की जान माल की सुरक्षा की जिम्मेवारी सरकार की होती है सरकार जिसमें पूरी तरह से विफल सिद्ध हुई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को जीएसटी की दरों में सरलीकरण करके टैक्स की दो प्रकार दरें की जाए जिसमें 5 प्रतिशत व अधिकतम 12 प्रतिशत जीएसटी होना चाहिए और सरकार को अपने वायदे के अनुसार सब्जी व फलों पर से मार्केट फीस व एचआरडीएफ पूरी तरह से समाप्त करनी चाहिए। जबकि पिछली सरकार ने सब्जी व फलों पर से मार्केट फीस व एचआरडीएफ पूरी तरह से समाप्त किया था। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रमेश खुराना, गुलशन खुराना व पंकज सपरा ने अपने सुझाव रखे। इस मीटिंग में प्रमुख समाजसेवी मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन रामलाल बंसल को हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल सांपला इकाई का मुख्य संरक्षक बनाया गया और प्रधान नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष प्रेम नारायण गर्ग, महासचिव शिवकुमार गोयल पार्षद, अनाज मंडी के चेयरमैन बलजीत ओलान को उप प्रधान व अशोक कुमार, सुभाष अग्रवाल, महेश कुमार गर्ग, सुरेंद्र गर्ग, प्रवीण सिंगला, राजेश बंसल, नरेश बंसल, दयानंद राठी, कंवार भान सीताराम हलवाई को कार्यकारिणी में लिया गया।

### सुंदरकांड पाठ का भव्य सांस्कृतिक समारोह हुआ आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** ओपीएस इंटरनेशनल विद्यालय परिसर में आज सुंदरकांड पाठ का भव्य सांस्कृतिक समारोह आयोजित हुआ। यह आयोजन विद्यालय प्रबंधन सभा के अध्यक्ष प्रकाश बंसल, तरुण बंसल, सुमन बंसल, शैक्षणिक निर्देशिका ईशा बंसल के करकमलों द्वारा हुआ। इस आयोजन में विद्यालय परिसर भक्ति भाव से परिपूर्ण हो गया। आई हुई गायन मंडली की मधुर आवाज ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। झांकियों का अपना-अलग आलम था, जिसे देखकर हर कोई रोमांचित था।
विद्यालय के हैड ब्वाय नवनीत, हैड गर्ल काशवी ने अपने शब्दों में अपने अध्ययन काल व विद्यालय में बिताए खट्टे-मीठे पलों को सर्व सांझा किया। विद्यालय प्रबंधन सभा के अध्यक्ष प्रकाश बंसल ने अपने प्रबोधन में कहा कि बिन सत्संग विवेक न होईएराम कृपा बिन सुलभ न सोई।। हमें विवेक प्रभु की कृपा के बिना नहीं हो सकता। आज यह समय की मांग है कि इस बदलते परिवेश में हमारी युवा पीढ़ी अपने राह से भटक चुकी है, हमें उन्हें सही ढंग से इसी तरह के आयोजनों से उनका मार्गदर्शन कर सकते हैं। विद्यालय एकेडमिक एडवाइजर नीरू सेतिया व विद्यालय प्रिंसिपल गीता नेगी ने आए हुए आतिथ्य गण का सादर धन्यवाद कर के इस सफल आयोजन की सभी अध्यापक वर्ग को बधाई दी।

## सीआईएसएफ के जवानों को किया प्रेरित



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

रिफाइनरी टाउन शिप स्थित कम्युनिटी हॉल में पूर्व आईपीएस अधिकारी शैलजा कांत मिश्रा ने सीआईएसएफ के जवानों और उनके परिवार के बीच पहुंचे जहां उप कमांडेंट अभिषेक साहू के नेतृत्व में सीआईएसएफ के जवानों ने पूर्व सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी शैलजाकांत मिश्रा को गॉड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत शैलजा कांत मिश्रा ने सीआईएसएफ जवानों से संवाद करते हुए विभिन्न प्रकार के तनाव को दूर करने के लिए सकारात्मक सुझाव दिए। देश की आजादी के लिए कम उम्र में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले क्रांतिकारी वीरों की याद दिलाते हुए उनके सपनों का भारत बनाने को प्रेरित करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा के लिए वर्दी भाग्यशालियों को ही मिलती है जो देवताओं के समान है। जवानों को अपनी ड्यूटी के साथ परिवार को भी समय देने और अच्छा व्यवहार करने के लिए

## दादा गुरु ने दिनेश शर्मा को जीत का दिया आशीर्वाद



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे पक्षकार दिनेश शर्मा को दादा गुरु ने जीत का आशीर्वाद दिया। दिनेश श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर के केस में हिंदुओं की जीत होगी क्योंकि न्यायालय सबूत के आधार पर फैसला देती है और सबूत हिंदू पक्ष के पास में है। हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा ने कहा कि दादा गुरु कई वर्षों से केवल नर्मदा नदी का जल ग्रहण कर ही जीवित रह रहे हैं। वह अन्न ग्रहण नहीं करते हैं, यह संत स्वयं भगवान समान है। दिनेश शर्मा ने बताया कि दादा गुरू ने उनसे कहा है कि आप चिंता न करें भगवान श्री कृष्णा आपके साथ हैं और आपने भगवान कृष्ण मंदिर मुक्त होने तक अन्न त्याग दिया है। पैरों में जुते चप्पल भी नहीं पहनते हैं आपका त्याग तपस्या और बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। आपकी जीत अवश्य होगी। दिनेश शर्मा, श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से ईदगाह मस्जिद को हटाने वाले केस में पक्षकार हैं और इन्होंने एक संकल्प लिया था कि जब तक श्री कृष्ण मंदिर से मस्जिद नहीं हटेगी तब तक ये अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। उन्होंने ऐसा संकल्प लिया है। वहीं दादा गुरु को संपूर्ण विश्व मानता है। दादा गुरु इतना तेज चलते है कि अन्न खाने वाला सामान्य आदमी भी इनके साथ नहीं चल पाता है।

## सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बलदेव राया रोड पर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ है। हादसा छौली गांव के पास हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है जबकि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंजेश पुत्र खुशीराम निवासी बिचपुरी थाना सकरौली एटा तथा चंदन पुत्र मोहनलाल निवासी मोहल्ला रौढ़ा बलदेव मोटरसाइकिल से जा रहे थे। छौली गांव के समीप किसी वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में मंजेश की मौत हो गई जबकि चंदन गंभीररूप से घायल हुआ है। हादसे को अंजाम देने वाला वाहन चालक भाग वाहन के साथ भाग निकलने में सफल रहा।

## किसानों ने नहीं बीजेपी सरकार ने जानबूझकर रास्ते रोके: करणवीर लौट

**अंबाला/टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष करणवीर लौट ने किसानों के दिल्ली कूच को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे किसानों का रास्ता रोककर आम जनता और व्यापारियों को भी नुकसान पहुंचाया है।



इसको लेकर हाईकोर्ट ने भी खट्टर सरकार को फटकार लगा चुकी है। उन्होंने कहा की पुलिस शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे किसानों पर पेलेट गन, आंसू गैस के गोले और रबड़ की गोलियों से हमला कर रही है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को हठ धर्मिता छोड़ते हुए किसानों की मांगों को पूरा करना चाहिए और बातचीत के रास्ते से ही इस मसले का हल होगा। एमएसपी किसानों का हक है। उन्होंने बॉर्डर पर निहत्थे किसानों पर हमला करने को लेकर भी खट्टर सरकार की निंदा की। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार ने हमेशा ही किसानों पर अत्याचार करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि इंटरनेट बंद होने से आम जनता और व्यापारियों का नुकसान हो रहा है। किसान शांतिपूर्ण दिल्ली की तरफ रवाना हो रहे हैं, लेकिन फिर भी सरकार इंटरनेट सेवा बंद करके आम जनता में मन में भय पैदा करना चाहती है। किसानों की सभी मांगें जायज हैं। मोदी सरकार की व्यापारियों को खुश करने की नीति ने किसानों को कर्जदार बना कर छोड़ दिया है।

## हरियाणा के ढाई करोड़ लोगों के लिए न्याय मांग रहा हूँ सुप्रीम कोर्ट से

**मांग**

**8 नवीन जयहिंद लगातार SYL के पानी को लेकर सभी राजनीतिक दलों को कटघरे में खड़ा कर रहे है**




**जयहिंद** सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ट्रैक्टर पर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और हरियाणा के रछ के हक के पानी की मांग करेंगे।

जैसा की ज्ञात हो नवीन जयहिंद लगातार रछ के पानी को लेकर सभी राजनीतिक दलों को कटघरे में खड़ा कर रहे है। इसी मुद्दे को लेकर नवीन जयहिंद ने एक और ऐलान किया है।

जयहिंद ने पक्ष - विपक्ष के नेताओं और किसान नेताओं का रछ रुख स्पष्ट करने को कहा था लेकिन नेताओं ने हरियाणा के हक के पानी के मुद्दे से किनारा कर लिया।

जयहिंद ने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट और कानून दोनों का सम्मान करते है। ऐसे में वे धारा 144 की पालना करते हुए अकेले ट्रैक्टर लेकर दिल्ली सुप्रीम कोर्ट जायेंगे। ये यात्रा पूर्णतया शांतिपूर्ण होगी और अकेले ही ट्रैक्टर लेकर कूच करेंगे।

जयहिंद ने कहा कि वे टरढ पर किसान आंदोलन के साथ है लेकिन हरियाणा की ढाई करोड़ जनता रछ के पानी की बांट जोह रही है।

जयहिन्द ने कहा कि अगर सरकारों से इसका समाधान नही हो रहा तो सुप्रीम कोर्ट ही इसपर संज्ञान लेकर इस मामले को सुलझाना चाहिए क्योंकि आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जयहिन्द ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से भी अपील करते हुए कहा कि जब भी आपके मंत्री मंडल की बैठक हो तो उसमें यह बात भी रखी जाए कि रछ पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करवाया जाए।

हरियाणा पंजाब का छोटा भाई है। अगर सच मे भाईचारा है तो पंजाब से आ रहे किसान रछ का पानी देने की बात कहे तो हरियाणा के किसान इन बैरिकेट्स को अपने आप तोड़ देंगे। पिछली बार भी जब किसान आंदोलन हुआ था तो हरियाणा के 36 बिरादरी के लोगो ने स्पोर्ट किया था तब जाकर यह आंदोलन जीता गया था।

जयहिन्द ने बताया कि रछ हरियाणा का हक है और सभी राजनेताओ, किसान नेताओ व पार्टियों रछ पर अपनी स्थिति क्यों नही स्पष्ट करते, जबकि यह कोई राजनीतिक बात नही बल्कि न्याय की बात है। साथ ही हरियाणा सरकार, मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर जी, सभी 90 विधायक, 15 सांसद व हरियाणा के विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा रछ पर क्यों नही बोलते।

जयहिन्द ने कहा पंजाब से किसान जब हरियाणा आ रहे है तो हमारी उनसे अपील है की हम उनको दूध पिलाने के लिए तैयार है लेकिन वें रछ का पानी देने का वादा करें और अपनी सरकार से कहें की रछ के पानी की वजह से हरियाणा की दस लाख एकड़ जमीन बंजर पड़ी है, हरियाणा के 70% लोग जहरीला पानी पी रहे है जिसकी वजह से अलगअलग तरह की बीमारियां लोगो में फैल रही है।

## कैंप के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान, किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** गुरु नानक खालसा कॉलेज के एनएसएस के विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने गांव काछवा में स्वच्छता अभियान चलाया। प्रो. अजय तथा प्रो. प्रदीप कुमार के कुशल निर्देशन में स्वयंसेवकों ने सात दिवसीय विशेष कैंप के दूसरे दिन गांव काछवा के बस स्टैंड, सामुदायिक केंद्र और विनायक कॉलेज के प्रांगण की सफाई की एवं ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।
प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि सफाई रखने से आप बीमारियों को दूर भगाते हैं और वातावरण को शुद्ध करते हैं। विद्यार्थियों ने गांव की पगडंडियों की सफाई की और कांग्रेस घास को उखाड़ा। इस दौरान ग्रामीणों ने भी स्वयंसेवकों का साथ दिया। सांयकालीन सत्र में कॉलेज के पर्यटन प्रबंधन विभाग से सहायक प्रो. अनिल कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के मूल मंत्र से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी दृढ़ निश्चय, कड़ी मेहनत, योजनाबद्ध प्रणाली और इंटरनेट एवं पाठ्य पुस्तकों के गहन अध्ययन से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद खेल गतिविधियां तथा अन्य गतिविधियां भी करवाई गई।
प्रो. अंजू चौधरी, डा. प्रवीण शर्मा, डा. वीणा वैध और भारी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## सुंदरकांड पाठ का भव्य सांस्कृतिक समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** ओपीएस इंटरनेशनल विद्यालय परिसर में आज सुंदरकांड पाठ का भव्य सांस्कृतिक समारोह आयोजित हुआ। यह आयोजन विद्यालय प्रबंधन सभा के अध्यक्ष प्रकाश बंसल, तरुण बंसल, सुमन बंसल, शैक्षणिक निर्देशिका ईशा बंसल के करकमलों द्वारा हुआ। इस आयोजन में विद्यालय परिसर भक्ति भाव से परिपूर्ण हो गया। आई हुई गायन मंडली की मधुर आवाज ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। झांकियों का अपना-अलग आलम था, जिसे देखकर हर कोई रोमांचित था।
विद्यालय के हैड ब्वाय नवनीत, हैड गर्ल काशवी ने अपने शब्दों में अपने अध्ययन काल व विद्यालय में बिताए खट्टे-मीठे पलों को सर्व सांझा किया। विद्यालय प्रबंधन सभा के अध्यक्ष प्रकाश बंसल ने अपने प्रबोधन में कहा कि बिन सत्संग विवेक न होईएराम कृपा बिन सुलभ न सोई।।

## पुलिस भर्ती परीक्षा देते मथुरा में दो मुन्ना भाई पकडे

**गिरफ्तार**

**8 -एक मुन्ना भाई ने मूल अभ्यर्थी की त्वचा से तैयार कराये थे फर्जी फिंगर प्रिंट**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा की प्रथम पाली में दो फर्जी अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया। शनिवार आयोजित हुई उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा ( प्रथम पाली ) में थाना मगोर्रा के परीक्षा केन्द्र जसवन्त सिंह भदौरिया कॉलेज कोसी खुर्द थाना मगोर्रा में अभ्यर्थी पंकज कुमार पुत्र नाहर सिंह निवासी सराय दाऊद थाना बल्देव जनपद मथुरा के स्थान पर अभ्यर्थी पंकज की बुआ का लड़का मौसम कुमार पुत्र बच्चू सिंह निवासी जरैलिया थाना नौहझील पंकज के स्किन (त्वचा) के फर्जी फिंगर प्रिंट एवं हस्ताक्षर बनाकर परीक्षा दे रहा था को पकड़ा में आ गया। वहीं थानाक्षेत्र कोतवाली मथुरा के परीक्षा केन्द्र प्रेमादेवी अग्रेसन माध्यमिक इंटर कालेज मथुरा में अभ्यर्थी देवेन्द्र कुमार पुत्र पप्पू निवासी गांव भूरेका मथुरा के आधार कार्ड व प्रवेश पत्र का मिलान किया गया तो बायोमैट्रिक जांच में अभ्यर्थी देवेन्द्र का सही मिलान न होने पर इनोवेटिव ब्यू कंपनी के ऑपरेटर द्वारा बायोमैट्रिक की जांच की तो पाया गया कि अभ्यर्थी देवेन्द्र का वास्तविक नाम अंशुल शर्मा पुत्र पप्पू शर्मा निवासी चांदजोड़ थाना खैर जनपद अलीगढ़ है जो कि पूर्व में सामान्य वर्ग से कई भर्ती परीक्षायें दे चुका है किन्तु सफल न होने पर नौकरी पाने एवं आरक्षित वर्ग का लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से फर्जी आधार कार्ड तैयार कर आरक्षित वर्ग से इस परीक्षा में सम्मलित हुआ है।

# अपहृत प्रार्पटी डीलर को मथुरा पुलिस ने कराया मुक्त

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कोतवाली क्षेत्र से 15 फरवरी को करीब छह बजे अपहृत हुए प्राप्टी डीलर को पुलिस ने मुक्त करा लिया है। दो अपहरणकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि तीन अभी फरार है। अपहरणकर्ता प्राप्टी डीलर के पूर्व परिचित थे। वहीं पुलिस के सामने जूआ और पैसों के लेनदेन का विवाद भी आया है। इस पर भी पुलिस जांच कर रही है। इस घटनाक्रम में प्राप्टी डीलर की पत्नी ने थाना कोतवाली में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस के मुताबिक 15 फरवरी को श्रीकृष्ण कुमार सिंघल बबलू कौशिक के साथ घर से निकलकर बस स्टैण्ड तक पहुंचे थे तभी कुछ कार सवार



अज्ञात बदमाश कृष्ण कुमार सिंघल को गाडी में डालकर ले गये। इन बदमाशों द्वारा कृष्ण कुमार के फोन से उनके घर पर फोन कर 3.5 लाख रुपये की मांग की। जिनमें से दो लाख रुपये दो बार में श्रीकृष्ण कुमार की पत्नी द्वारा अपहरणकर्ता के खाते में ट्रांसफर कर दिये गये थे। बाकी के 1.5 लाख रुपये लेने के लिए बदमाश मथुरा आये थे। इसी दौरान पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र से प्राप्टी डीलर को मुक्त करा लिया। घटना में प्रयुक्त कार और सहित तीन अपहरणकर्ताओं जुनैद उर्फ वकील पुत्र इस्माइल निवासी गांव आकेडा थाना गुहाना जिला नूह हरियाणा तथा काला उर्फ खुर्शीद पुत्र मकमूल निवासी गांव आकेडा थाना गुहाना जिला नूह हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। इसी घटना में पुलिस को फुरखान पुत्र ब्राहन निवासी गांव आकेडा थाना गुहाना जिला नूह हरियाणा, आरिफ पुत्र मकसूद निवासी गांव आकेडा थाना गुहाना जिला नूह हरियाणा तथा बबलू उर्फ हरीश कौशिक पुत्र नामालूम निवासी पुष्पांजली थाना हाईवे जनपद मथुरा की पुलिस को तलाश है। अपहृत कृष्ण कुमार सिंघल व अपहरणकर्ता काला उर्फ खुर्शीद पूर्व से परिचित हैं तथा इन लोगों का आपस में जुए के रुपयों के लेनदेन का भी विवाद प्रकाश में आया है। जिसकी जांच की जा रही है तथा अभियोग को धारा 364 ए में तरमीम कर दिया गया है।

कार्यवाही करने वाली टीम में ये थे शामिलकार्यवाही करने वाली टीम में रवि त्यागी प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली, छोटे लाल प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार, आजाद पाल सिंह निरीक्षक अपराध थाना कोतवाली, अभय शर्मा स्वाट टीम प्रभारी, विकाश शर्मा सर्विलान्स टीम प्रभारी, अमित कुमार चैकी प्रभारी बाग बहादुर तथा नितिन त्यागी चैकी प्रभारी बंगाली घाट थाना कोतवाली आदि शामिल थे।

# नैनो डीएपी से हुई पैदावार का किया प्रदर्शन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सरकार नैनो डीएपी और यूरिया का उपयोग बढ़ाने के लिए किसानों को लगातार प्रेरित कर रही है। अधिकारी लगातार किसानों से संपर्क स्थापित कर इस बात के लिए आश्वस्त कर रहे हैं कि नैनो डीएपी और यूरिया उत्पादन, लागत और खेती के सेहत कि लिए लाभप्रद है। बावजूद इसके किसानों के बीच नैनो उर्वरक को लेकर कई तरह की भ्रांतियां हैं। इसके लिए अब किसानों को खेत में इन उर्वरकों की मदद से फसल उगा कर दिखाई जा रही है। इसके लिए गांवों प्रगतिशील किसानों का चयन किया जा रहा है। 24 अक्टूबर 2023 को ग्राम नगला राय सिंह में नैनो डीएपी आधारित प्रदर्शनी फसल बोई गई थी। जिस पर 17 फरवरी 2024 को



किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रगतिशील कृषक गोपाल भगत एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष धूरिया पंडित व उप क्षेत्रीय प्रबंधक सतबीर सिंह आदि रहे। इस दौरान 80 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। जिसमें इफको के उप क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी प्रयोग विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उसके पश्चात आलू की खुदाई करके भी देखा गया तो दानेदार डीएपी की अपेक्षा नैनो डीएपी वाले खेत में आलू का आकार , चमक एवं वजन और उत्पादन काफी अच्छा मिला। जिसे देखकर किसानों में नैनो के प्रति काफी उत्साह देखा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## आवारा कुत्तों पर चलाई गोली, 20 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/महबूबनगर (तेलंगाना)**
**तेलंगाना** के महबूबनगर एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां 20 से अधिक आवारा कुत्ते मृत मिले हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि ये घटना महबूबनगर के अडक्कल मंडल के पोन्नाकल गांव में हुई।

**महबूबनगर जिले के पोन्नाकल गांव का मामला**

स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह घटना शुक्रवार देर रात की है। उन्होंने आरोप लगाया कि महबूबनगर जिले के पोन्नाकल गांव में कुछ नकाबपोश बदमाश एक कार में सवार होकर आए थे। इस दौरान उन्होंने आवारा कुत्तों पर गोलियां चला दीं।

20 आवारा कुत्तों पर चलाई गोली: उन्होंने दावा किया कि लगभग 20 आवारा कुत्तों को गोली मारी गई है और कई अन्य कुत्ते घायल हुए हैं। वहीं, पशु कार्यकर्ता अदुलपुरम गौतम ने कहा कि स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ नकाबपोश बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

## बिना काम किये कर दिया एक करोड़ का घपला

**टीम एक्शन इंडिया/नैनीताल**
नैनीताल जनपद के मुख्यालय से लगे वन विभाग के मनोरा रेंज के अंतर्गत आने वाले दूरस्थ ग्राम मोरा में वर्षा जल संरक्षण के लिये चाल खाल कहे जाने वाले जल कुंडों के निर्माण के लिये करीब 3.52 लाख रुपये का भुगतान वन विभाग की ओर से किया गया, लेकिन दावा है कि यह कार्य तब नहीं किये गये और इसमें एक करोड़ रुपये का घपला किया गया है। मामले की शिकायत वन मंत्री से किये जाने के बाद अब हो रही जांच से ठीक पहले रातों-रात इन जल कुंडों की खुदाई की जा रही है। क्षेत्रीय सूचना अधिकार कार्यकर्ता हेमंत गौनिया का कहना है कि उन्होंने नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा रेंज माह जुलाई 2019 से मार्च 2020 में हुए भुगतानों की घोटाले की जांच लिये राज्य के राज्यपाल, मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री वन मंत्री, प्रमुख वन संरक्षक, सचिव वन आदि से 29 नवंबर 2023 को पत्र भेजे। इसमें आरोप लगाया गया था कि संबंधितों ने वन विभाग के पंजीकृत ठेकेदार व अपने मित्रों को माध्यम बनाकर बिना कार्य कराये 90 प्रतिशत भुगतान कर दिया। इस तरह लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला हुआ है। इस बीच मुख्य वन संरक्षक-कुमाऊं ने 28 दिसंबर को हेमंत गौनिया के शिकायती पत्र पर वन संरक्षक दक्षिणी कुमाऊं वृत्त को इनकी जांच करने के आदेश दिये हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा लगाये गये लगभग 1 करोड़ रुपये के घोटालों में मनोरा रेंज के दूरस्थ ग्राम मोरा में वर्षा जल संरक्षण के लिये चाल खाल कहे जाने वाले जल कुंड भी शामिल हैं, जिनके निर्माण के लिये करीब 3.52 लाख रुपये का भुगतान वन विभाग की ओर से किया गया, लेकिन यह जल कुंड मौके पर नहीं खोदे गये। इस के बारे में उन्हें जानकारी 12 जनवरी 2024 को सूचना के अधिकार के माध्यम से प्राप्त हुई।

# संभावनाओं वाला प्रदेश है यूपी: सीएम

## 'किसानों को हर परिस्थिति में आगे बढ़ने का अवसर दे रही डबल इंजन की सरकार'

**योग्य भूमि**

**उत्तर प्रदेश के अंदर किसान औद्यानिक फसलों के लिए मात्र 10 फीसदी कृषि योग्य भूमि का ही उपयोग करते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**यूपी संभावनाओं** वाला प्रदेश है। भारत की आबादी का 16 फीसदी हिस्सा अकेले यूपी में निवास करता है। उत्तर प्रदेश के पास भारत की कुल कृषि योग्य भूमि का मात्र 11 फीसदी है, लेकिन देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन का 20 फीसदी से अधिक शेयर उत्तर प्रदेश का है। उत्तर प्रदेश के अंदर किसान औद्यानिक फसलों के लिए मात्र 10 फीसदी कृषि योग्य भूमि का ही उपयोग करते हैं, जबकि 10 फीसदी भूमि में कृषि की कुल जीडीपी में 24 फीसदी शेयर औद्यानिक फसलों के माध्यम से किसानों व प्रदेश को प्राप्त होता है। यह दिखाता है कि अन्नदाता किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाना है तो परंपरागत खेती के साथ ही औद्यानिक फसलों को बढ़ाना होगा। इसी प्रोत्साहन के लिए प्रगतिशील किसानों को आज सम्मानित किया गया। इन किसानों ने ड्रैगन फ्रूट, स्ट्राबेरी, पुष्पों की खेती, पॉलीहाउस के माध्यम से नया करने का प्रयास किया है। डबल इंजन की सरकार किसानों को हर परिस्थिति में आगे बढ़ने का अवसर दे रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। शनिवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ उन्होंने राजभवन में 55वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 का शुभारंभ किया। इसके बाद राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। यह प्रदर्शनी तीन दिनों (17 से 19 फरवरी) तक चलेगी। सीएम ने यहां विभागीय अधिकारियों व किसानों से फलों-सब्जियों के बारे में जानकारी ली और इसके आयात-निर्यात के बारे में भी पूछा। राज्यपाल व सीएम ने स्मारिका का विमोचन भी किया।

सीएम ने राज्यपाल के प्रति आभार जताया। बोले कि औद्यानिक फसलों में रुचि रखने वाले प्रगतिशील किसानों के लिए प्रतिवर्ष प्रदर्शनी के लिए राज्यपाल यह प्रांगण उपलब्ध कराती हैं।

न केवल किसान, बल्कि लखनऊ समेत प्रदेश भर से आने वाले लोग भी इस प्रदर्शनी का हिस्सा बनते हैं। प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप किसान की आमदनी को कई गुना बढ़ाना है और प्रदेश की जीडीपी में गांव, जनपद और प्रदेश का योगदान हो सके तो हमें इस क्षेत्र में और भी रूचि लेकर बढ़ना होगा। इससे न केवल आमदनी बढ़ाने, बल्कि विटामिन व पोषक तत्वों की दृष्टि से इन औद्यानिक फसलों के माध्यम से प्रत्येक नागरिक के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाकर कुपोषण जैसी बीमारियों से लड़ने के लिए भी लोगों को तैयार कर पाएंगे। इस अवसर पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### किसानों का किया गया सम्मान

**राज्यपाल** आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रगतिशील कृषकों का सम्मान भी किया। सम्मान पाने वाले किसानों में रायबरेली के विष्णुदत्त पांडेय, पीलीभीत के आयुष अग्रवाल, कन्नौज के विजेंद्र सिंह, मीरजापुर के रामजी दुबे, सहारनपुर की उषा उपाध्याय, बुलंदशहर के अनंत पोद्दार, चंदौली के बलवंत प्रसाद, आजमगढ़ के श्रीप्रकाश सिंह, प्रयागराज के इंद्रजीत पटेल आदि प्रमुख रहे।

## इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग में मेजबान जेजेटीयू हावी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/झुंझुनूं**
**ऑल इंडिया** इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग टूर्नामेंट के दूसरे दिन महिला वर्ग में गी इवेंट के आठ भारवर्ग में हुए मुकाबलों में मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने 3 गोल्ड, 3 सिल्वर मेडल जीतकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, वहीं देश भगत यूनिवर्सिटी खन्ना, पंजाब ने भी 3 गोल्ड मेडल जीते। आज यहां जानकारी देते हुए खेल निदेशक डॉ अरुण कुमार ने बताया कि शनिवार को ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग टूर्नामेंट के दूसरे दिन महिला वर्ग में ग्रेपलिंग गी इवेंट में 8 भारवर्गों में मुकाबले हुए। उन्होंने बताया कि 50 किलोग्राम से कम भारवर्ग में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं की शीतल सेमीफाइनल में केएन मोदी यूनिवर्सिटी की अन्नु गुर्जर को व सीबीएलयू भिवानी की निकिता ने डॉ भीमराव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी आगरा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में शीतल ने निकिता को हराकर गोल्ड मेडल जीता।

**मेडल जीता**

**दूसरे दिन 3 गोल्ड, 3 सिल्वर झटके, महिला वर्ग के गी इवेंट में आठ भार वर्गों में हुए मुकाबले**

## 'राजस्थान पर्यटकों की पहली पसंद'



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
प्रमुख शासन सचिव पर्यटन गायत्री राठौड़ का कहना है कि पर्यटन का सिरमौर राजस्थान पर्यटकों की पहली पसंद है। यहां आने वाला प्रत्येक पर्यटक हमारा अतिथि है। प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की मंशा अनुसार हमारा प्रयास है कि राज्य में आने वाला प्रत्येक पर्यटक यहां यादगार पल बिताकर जाए। इसी भावना के अनुरूप प्रदेश में पर्यटकों व विशेषकर महिला पर्यटकों के साथ सम्मानजनक व संवेदनशील व्यवहार करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया है। जिसमें जयपुर समेत जोधपुर, जैसलमेर, उदयपुर, बीकानेर, अजमेर, भरतपुर सहित प्रमुख जिलों के पर्यटन स्थलों पर दुकानदारों, पर्यटक गाइड्स और आमजन को पर्यटकों से संवेदनशील व्यवहार करने का संदेश दिया गया। राठौड़ ने बताया कि अभियान के दौरान पर्यटकों को फीडबैक फॉर्म देकर उनकी समस्याओं को जानकर उसे पर कार्रवाई भी की जा रही है।

## भारतीय वायु सेना का डे नाइट वायुशक्ति 2024 युद्धाभ्यास शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/जैसलमेर**
**भारत** पाकिस्तान की सरहद पर स्थित वीर भूमि राजस्थान के सीमांत जिले जैसलमेर की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायु सेना का डे नाइट वायुशक्ति 2024 युद्धाभ्यास शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे राष्ट्रगान के साथ शुरू हुआ। करीब ढाई घंटे के इस डे नाइट युद्धाभ्यास में राफेल व तेजस सहित कई युद्धक विमान, हेलीकॉप्टर, यातायात विमान और यूएवी भाग ले रहे हैं। इस युद्धाभ्यास में हवा से हवा में दागी जाने वाली मीका मिसाइल को भी शामिल किया गया है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए।

## अंकित हत्याकांड में मुआवजा आकलन की रिपोर्ट दाखिल




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में आज** 2018 के अंकित सक्सेना मर्डर केस में दोषियों को सजा देने के मामले में दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकार ने अंकित सक्सेना के परिजनों को दिए जाने वाले मुआवजे का आकलन करते हुए पीड़ित के प्रभाव की रिपोर्ट दाखिल की। एडिशनल सेशंस जज सुनील कुमार शर्मा ने मामले की अगली सुनवाई दो मार्च को करने का आदेश दिया। 31 जनवरी को दोषियों की ओर से जुमार्ने और मुआवजे के लिए उनकी संपत्ति और आय के बारे में जानकारी देते हुए हलफनामा दाखिल किया गया था। 15 जनवरी को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस, दिल्ली विधिक सहायता प्राधिकार और दोषियों के वकीलों को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसमें दोषियों की आमदनी, उनकी जिम्मेदारी और पूर्व के आपराधिक इतिहास का विस्तृत विवरण देने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान दोषियों के वकील ने मीडिया रिपोर्टिंग पर सवाल उठाते हुए उस पर रोक लगाने की मांग की। दोषियों की ओर से पेश इस दलील का दिल्ली पुलिस की ओर से विरोध करते हुए कहा गया था कि दोषी करार देते का आदेश मीडिया में चलाया गया है, जो सार्वजनिक दस्तावेज के आधार पर चलाया जा रहा है। वर्ष 2018 में पश्चिमी दिल्ली के ख्याला में अंकित सक्सेना की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी।

**हलफनामा**

**जुर्माने और मुआवजे के लिए उनकी संपत्ति और आय के बारे में जानकारी देते हुए हलफनामा दाखिल किया**

## मछुआरों को बाजार तक सीधी पहुंच बनाने की कवायद



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** मत्स्य पालन विभाग देश के मछुआरों की बाजार तक सीधी पहुंच को मजबूत करने के लिए ओपन डिजिटल नेटवर्क का सहारा लेगा। इसको लेकर केंद्रीय मत्स्य पालन विभाग 19 फरवरी को डिजिटल नेटवर्क फॉर कॉमर्स (ओएनडीसी) के साथ समझौता करेगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला और राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन की मौजूदगी में 19 फरवरी को ओपन डिजिटल नेटवर्क फॉर कॉमर्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस दौरान मत्स्य पालन विभाग के सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी, संयुक्त सचिव सागर मेहरा, ओएनडीसी की प्रबंध निदेशक नीतू कुमारी प्रसाद, ओएनडीसी की उपाध्यक्ष टी कोशी भी मौजूद रहेंगी। इस दौरान 50 मछली किसान उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों के भी मौजूद रहने की उम्मीद है।

प्रवक्ता ने कहा कि यह कदम मछुआरों, मछली किसान उत्पादक संगठनों, उद्यमियों, एसएचजी और मछुआरा सहकारी समितियों को व्यापक बाजारों तक पहुंचने के लिए एक डिजिटल मंच प्रदान करेगा।

**समझौता**

**19 फरवरी को ओपन डिजिटल नेटवर्क फॉर कॉमर्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए**

## 'बिहार में दो लुटेरे घूम रहे थे, एक ने देश को दूसरे ने बिहार को लूटा'

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**उप मुख्यमंत्री** सम्राट चौधरी ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर तंज कहते हुए कहा कि बिहार में कल (शुक्रवार) को दो लुटेरे घूम रहे थे। एक ने देश को लूटा और दूसरे ने बिहार को लूटने का काम किया है। भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे सम्राट चौधरी ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला है। सम्राट चौधरी ने बिना नाम लिए राहुल और तेजस्वी पर निशाना साधते हुए कहा कि कल बिहार में दो लुटेरे घूम रहे थे। एक ने जहां देश को लूटने का काम किया, वहीं दूसरे के परिवार ने बिहार को लूटा। सम्राट चौधरी ने कहा कि देश को लूटने वाले राहुल गांधी और बिहार को लूटने वाले तेजस्वी यादव हैं, जिनके परिवार ने सिर्फ बिहार को लूटा है। दोनों बिहार में एक साथ नजर आए। लालू यादव इस देश में लुटेरे के प्रतीक हैं। उल्लेखनीय है कि बीते 16 फरवरी को राहुल गांधी की यात्रा सासाराम और कैमूर पहुंची थी। इस दौरान तेजस्वी ने भी राहुल के साथ मंच साझा किया था और दोनों ने पीएम मोदी को लेकर कई तरह की टिप्पणी की थी।

## व्यक्ति के खाते से साइबर ठगों ने निकाले 64 हजार

**जयपुर:** बजाज नगर थाना इलाके में क्रेडिट कार्ड से अंतरराष्ट्रीय लेन-देन पर भारी शुल्क का बहाना कर उसे बंद करने के नाम पर एक व्यक्ति के खाते से साइबर ठगों ने 64 हजार रुपये निकाल लिए। इस ठगी को लेकर पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार गांधी नगर निवासी मदन लाल बैरवा ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पास एक कॉल आया। फोन कर्ता ने स्वयं को एसबीआई कर्मचारी बताकर जानकारी दी कि उसके क्रेडिट कार्ड से अंतरराष्ट्रीय

## 'सभी चेक पोस्ट पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित की जाएं'



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी ने शनिवार को बैठक लेते हुए हर चेक पोस्ट पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने और हथियार लाइसेंस धारकों की सूची का पुनरीक्षण कर सत्यापन करने के निर्देश दिये हैं। सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी वी आर सी पुरुषोत्तम ने निर्वाचन के दौरान प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर, पुलिस बल एवं केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में पुलिस मुख्यालय, आबकारी विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए की निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व सभी तैयारियां समय से कर ली जाएं। जनपद वार पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती और केंद्रीय पुलिस बल की तैनाती के संबंध में विस्तृत होमवर्क कर लिया जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इंटर स्टेट मॉनिटरिंग और इंटर डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग का भी फुल प्रूफ प्लान तैयार कर प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन करने के निर्देश देते हुए हर चेक पोस्ट पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा और सर्विलांस की व्यवस्था हो। इसके अतिरिक्त पुलिस और आबकारी विभाग के सर्विलांस और चेक पोस्ट अलग-अलग स्थानों पर स्थापित करने के निर्देश दिये हैं।

**बैठक**

**निर्वाचन की सभी तैयारियां समय से सुनिश्चित कर ली जाएं, पुलिस बल की तैनाती के संबंध में होमवर्क करें**

**तैयारी** अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश, सीएम योगी ने पीएम समेत अन्य वीआईपी मेहमानों के बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में ली जानकारी ली

## सीएम योगी ने जीबीसी-4 की तैयारियों का लिया जायजा



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 (जीबीसी-4) को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इंदिरगांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से जीबीसी-4 को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएम योगी ने खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य वीआईपी मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मुख्य हाल और वहां बने मंच का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 10 से 12 फरवरी के मध्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ था। उसके करीब एक वर्ष बाद 19-21 फरवरी के बीच ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पीएम मोदी समेत तमाम वीआईपी शामिल होंगे। साथ ही कार्यक्रम में दुनिया भर के 3000 से अधिक प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिसमें जाने माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत/उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं।

**स्टील शिपिंग कंटेनर्स बेस्ड जर्मन हैंगर में होगा मुख्य आयोजन:** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नए इनोवेशन के जरिए 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की ओर तेजी से कदम बढ़ाते उत्तर प्रदेश की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को दशार्या जा रहा है। इसके तहत स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर बनाए जा रहे हैं। 70 मीटर लंबा तथा 20 मीटर ऊंचा बन रहे इस इवेंट को 56 कंटेनरों को एक के ऊपर एक रखकर बने स्ट्रक्चर के टेंट में परिवर्तित करते हुए मेन पैवेलियन का निर्माण किया जा रहा है।

**अर्थव्यवस्था**

**निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली**

## सीएम विजयन हर किसी का करना चाहते हैं शोषण: राज्यपाल



**टीम एक्शन इंडिया/एनार्कुलम**
**केरल** के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पी. विजयन के कहने पर स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया (एसएफआइ) उनके खिलाफ काले झंडे के साथ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। एसएफआइ ने आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया। एसएफआइ का आरोप है कि राज्यपाल राज्य में विश्वविद्यालयों के चांसलर के रूप में अपने अधिकार का उपयोग करके, केरल के विभिन्न विश्वविद्यालयों में 'भाजपा-आरएसएस के उम्मीदवारों' को आगे बढ़ा रहे हैं। केरल के राज्यपाल ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री एसएफआइ को विरोध प्रदर्शन के लिए कह रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ, वह यह सुनिश्चित करने के लिए पुलिस को तैनात करते हैं कि प्रदर्शनकारी मेरे पास न आएं। क्योंकि वह जानते हैं कि अगर उन्होंने मुझे छुआ, तो परिणाम क्या होंगे? वह हर किसी का शोषण करना चाहते हैं। विजयन को अहसास होना चाहिए कि मैं डरूंगा नहीं, लेकिन जिस तरह से वह पुलिसकर्मियों को परेशान कर रहे हैं और युवाओं का शोषण कर रहे हैं, उससे मुझे दुख होता है।